आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* संत गणेशप्रसाद वर्णी जयंती

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 258 | उज्जैन, बुधवार 30 सितम्बर, 2026 | आश्विन कृष्ण 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

बच्चों के स्क्रिप्टेड वीडियो बनवाने के मामले में एनएचआरसी सख्त

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक तथाकथित कोचिंग संस्थान द्वारा नाबालिग बच्चों से कथित तौर पर स्क्रिप्टेड, आपत्तिजनक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील सोशल मीडिया वीडियो बनवाने के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग को मिली शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कोचिंग संस्थान की आड़ में छोटे बच्चों को बार-बार सोशल मीडिया वीडियो में इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे उनकी गरिमा, निजता और मनोवैज्ञानिक सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

देश में 20 हजार करोड़ के ट्रैफिक चालान बकाया

नई दिल्ली। देश में ट्रैफिक ई-चालान की कमजोर वसूली पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सिर्फ चालान जारी करना काफी नहीं, जुर्माना वसूलना भी जरूरी है। बकाया चालान बिजली बिल में जोड़ने का तरीका निकालें। बिजली बिल नहीं चुकाया तो कनेक्शन कटेगा। कोर्ट को बताया गया कि राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में करीब 45 हजार करोड़ के ई-चालान हुए, इनमें 25 हजार करोड़ वसूले गए हैं जबकि 20 हजार करोड़ के चालान बकाया हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि बकाया चालान वाले वाहन को परिवहन पोर्टल पर ब्लैकलिस्ट करने की व्यवस्था पर विचार हो।

जज का रेप पीड़ित बच्ची को संदेश-दोषी आजाद नहीं होगा

नई दिल्ली। 7 साल की बच्ची का उसके परिचित ने रेप किया। बच्ची उसे अंकल कहती थी। रेप का मुकदमा दिल्ली की ट्रायल कोर्ट में पहुंचा, तो बच्ची ने कहा- अंकल को तब तक जेल में रखा जाए, जब तक वह बूढ़ा न हो जाए। मामला 2023 का है, 3 साल तक सुनवाई के बाद 20 मई को केस का फैसला आया। ट्रायल कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई। फैसले के साथ जज रजनी रंगा ने अब 10 साल की हो चुकी पीड़ित के लिए एक संदेश भी लिखा। इसमें कहा, हम तुम्हारा बचपन तो नहीं लौटा सकते, लेकिन जिसने तुम्हें चोट पहुंचाई, वह अब कभी जेल से बाहर नहीं आ पाएगा।

पेरिस फैशन वीक में ऐश्वर्या का रॉयल अंदाज



ताज और गाउन ने खींचा सबका ध्यान

मुंबई। पेरिस फैशन वीक 2026 में बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने खास अंदाज से एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं। एफिल टावर की खूबसूरत पृष्ठभूमि में ऐश्वर्या ने रैंप पर शाही लुक में एंट्री की। उनका आउटफिट, सिर पर सजा क्राउन और पूरे लुक की भव्यता ने फैशन इवेंट में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रैंप पर ऐश्वर्या ने पारंपरिक अंदाज में हाथ जोड़कर नमस्ते भी किया। उनके इस अंदाज का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। इस फैशन इवेंट में ऐश्वर्या राय के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय चर्चित हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। केंडल जेनर, सिमोन एशली, ईवा लॉन्गोरिया और सेलीन डियोन जैसे नाम इस कार्यक्रम की ग्लैमर लिस्ट में शामिल रहे। ऐश्वर्या और सिमोन एशली की एक झलक भी सामने आई है, जिसमें दोनों एक-दूसरे से बातचीत करती नजर आ रही हैं। वीडियो में ऐश्वर्या ने सिमोन का हाथ थाम रखा है।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का संगठन प्रभारियों को सख्त निर्देश, बार-बार न करें दिल्ली का दौरा।
- **नई दिल्ली :** आरएसएस के सीनियर प्रचारक और 'बालगोकुलम' के फाउंडर एमए कृष्णन का 97 साल की उम्र में निधन।
- **नई दिल्ली :** चुनाव आयोग विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका पर सुनवाई को तैयार।
- **वाशिंगटन :** अमेरिका में गोल्डी बराड़ पर 10 करोड़ का इनाम, एफबीआई की टॉप-10 मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में, लॉरेंस गैंग से जुड़ा, निज्जर की हत्या करवाने का आरोप।
- **तेलंगाना :** सीएम ने कहा, राम अमीरों और शिव गरीबों के भगवान, भाजपा ने राम को चुराया, इसलिए कांग्रेस दक्षिण में सफल और उत्तर भारत में पिछड़ी।
- **जम्मू:** पीओके के लोग बोले-हमें भारत का रास्ता दो, तारबंदी हटाओ, 115 दिन से जारी आजादी आंदोलन और तेज।

आदिवासी इलाकों में मृत बच्चों के परिवारों से करेंगे मुलाकात, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 32 बच्चों की मौत हो चुकी

राहुल गांधी 13 दिन में दूसरी बार आएंगे मप्र, कल बालाघाट जाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के बालाघाट में बैगा आदिवासी बच्चों की मौतों के बीच राहुल गांधी 1 अक्टूबर को बालाघाट आएंगे। वे बैहर और बिरसा के प्रभावित आदिवासी इलाकों में जाकर मृत बच्चों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। बालाघाट में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 32 बच्चों की मौत हो चुकी है।

राहुल गांधी का 13 दिन में मध्यप्रदेश में यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले वे 19 सितंबर को इंदौर आए थे। यहां उन्होंने छात्रों की गूंज कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। कार्यक्रम से पहले उन्होंने लिखा था- 30 से ज्यादा आदिवासी बच्चों की बीमारी, कुपोषण से मौतें हो रही हैं, लेकिन कार्रवाई सुस्त रही। सरकार सोती रही।

राहुल गांधी ने कहा था- मुख्यमंत्री जी, दीये जलाने और उत्सव मनाने से फुर्सत मिल गई हो तो जरा राज्य की जमीनी हालत भी देखिए। बीमारी, पोषण और साफ पानी की कमी है। चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण छोटे बच्चों की जान जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी तय नहीं की गई

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- राहुल गांधी मृत बच्चों के परिवारों से मिलकर जमीनी हालात समझेंगे। उनसे जानेंगे कि सरकारी योजनाओं का लाभ आदिवासी परिवारों तक क्यों नहीं पहुंचा। बच्चों को पोषण, दलिया, मच्छरदानी और टीकाकरण जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पाईं। वहीं, मृत बच्चों के परिवारों को आर्थिक मदद देने पर सिंघार ने कहा कि सिर्फ सहायता देना काफी नहीं है। सरकार की जिम्मेदारी है कि उसकी योजनाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचें। स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी तय नहीं की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चुप्पी साध ली।



जांच में एक बीमारी नहीं, कई वजहें सामने आई

केंद्र की राष्ट्रीय संयुक्त आउटब्रेक रिस्पॉन्स टीम ने 196 मामलों की जांच की। इनमें 156 बच्चे 10 साल से कम उम्र के थे। 64 सैंपल में 25 खसरा पॉजिटिव मिले, जबकि 32 मरीजों की मलेरिया जांच में 27 पॉजिटिव रहे। 12 मरीजों में खसरा और मलेरिया दोनों संक्रमण मिले। डेंगू, चिकनगुनिया और एंटरोवायरस के मामले भी सामने आए। तीन बच्चों की मौत की विस्तृत समीक्षा में गंभीर कुपोषण भी सामने आया। प्रभावित इलाकों में करीब 20 से 25% देखे गए घरों में बच्चों में अत्यधिक दुबलापन या गंभीर कुपोषण पाया गया। रिपोर्ट में एनीमिया, डिहाइड्रेशन और श्वसन संबंधी समस्याओं को भी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कारक माना गया है।

जून में शुरू हुईं बच्चों की मौतें पहली मौत 16 जून को

बालाघाट के बिरसा विकासखंड के बैगा आदिवासी बहुल इलाकों में बच्चों की मौत का सिलसिला जून 2026 से सामने आया। उपलब्ध जमीनी रिपोर्ट के मुताबिक पहली दर्ज मौत 16 जून 2026 को बोंदारी गांव में 16 वर्षीय रूपलाल धुर्वे की हुई थी। इसके बाद 26 जून को कोहनीमोड़टोला की 14 वर्षीय लमनिन धुर्वे और 27 जून को साहिल धुर्वे की मौत हुई। इसके बाद बोंदारी, कुंडेकसा, कोरका और आसपास के गांवों में बच्चों की मौतों का सिलसिला बढ़ता गया।

महिलाओं को घर के अंदर बंद कर देना समाधान नहीं

मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं के विरोध-प्रदर्शन का समर्थन किया और ज्यादा युवा महिलाओं, खासकर 'जेन जी' छात्राओं से बड़ी संख्या में इन प्रदर्शनों में शामिल होने की अपील की। सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट में गांधी ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की वजह से उन्हें अपनी जिंदगी सीमित करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, सुरक्षित सार्वजनिक जगहों और यौन हिंसा के आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई पर ध्यान दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के लिए उल्टा उन्हें सजा देना बंद करें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में महिलाएं सड़कों पर चलने से डरती हैं, उन्हें परेशान किए जाने और रेप का डर रहता है और सरकार का जवाब है कि घर पर रहो। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह का नजरिया पितृसत्ता को दिखाता है और दोषियों के बजाय पीड़ितों पर ही बोझ डालता है।

रतलाम में 8 लेन एक्सप्रेस-वे से खाई में गिरीं दो कार

हादसे में सास-बहू समेत 4 की मौत, 8 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम जिले से गुजर रहे दिल्ली मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह दो हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई और 8 घायल हैं। पहले हादसे का समय सुबह करीब साढ़े 4 और दूसरे एक्सीडेंट का वक्त सुबह करीब साढ़े 6 बजे बताया गया है। दोनों कारों में सवार दो-दो लोगों की जान गई है। वे पंजाब और गुजरात के रहने वाले थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

जावरा औद्योगिक थाना प्रभारी प्रकाश गडरिया ने कहा- पहला हादसा सुबह करीब साढ़े 4 बजे हुआ। पंजाब का परिवार कार से मुंबई जा रहा था। इसी बीच ड्राइवर को झपकी लगने से उनकी कार 8 लेन के बीच बनी रेलिंग तोड़ते



हुए करीब 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में नरेंद्र कौर (67) और उनकी बहू मनप्रीत कौर (32) की मौत हुई है। सुबह दूसरी गाड़ियों के ड्राइवर से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जावरा के अस्पताल पहुंचाया। यहां से उनको रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

टूटी रेलिंग की वजह से दूसरा हादसा

टीआई गडरिया ने कहा कि सुबह करीब साढ़े 6 बजे पुलिसकर्मी मौका मुआयना कर रहे थे, इसी दौरान कार हवा में उछलते हुए रोड के बीच बनी बाउंड्री से टकराकर खाई में आ गिरी। पहली कार की टक्कर से रेलिंग टूट गई थी। इसी वजह से दूसरी कार भी हादसे की शिकार हुई। इसमें गुजरात के दाहोद का परिवार था, जो उत्तर प्रदेश से इलाज करवाकर आ रहा था। इस कार में सवार दो पुरुषों की मौत हुई है। 35 साल का रवि हटीला कार चला रहा था। हादसे में उसकी मौत हो गई।

एयरपोर्ट पर 10 मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर तीन भारतीय पैसेंजर को 10 मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन के साथ पकड़ा गया है। छानबीन के बाद इन्हें प्रोफेशनल ग्रेड ड्रोन बताया जा रहा है, जो थर्मल इमेजिंग और लेजर रेंज फाइंडर से लैस है। मंगलवार को अधिकारियों ने हांगकांग से वियतनाम के रास्ते भारत लाए गए इन अनमैन्ड एरियल व्हीकल की जानकारी दी है। दिल्ली कस्टम्स (एयरपोर्ट एंड जेनरल) ने एक्स पोस्ट के माध्यम से 10 मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन की इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इस बरामदगी की जानकारी दी है।

सीडब्ल्यूसी की बैठक में खरगे ने कहा

साजिश के तहत काटे गए वोट, सीईसी सरकार की कठपुतली, रखीं पांच मांगें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा भवन में मंगलवार को मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की एक अहम बैठक बुलाई गई। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग और चुनाव आयोग के खिलाफ सियासी लड़ाई तेज करने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश समेत पार्टी के तमाम नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान खरगे ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत वोटर लिस्ट से नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मोदी सरकार की कठपुतली बन गए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा सीडब्ल्यूसी की बैठक में मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हमारे पूर्वजों द्वारा बनाई गई मजबूत लोकतांत्रिक नींव को सुनियोजित तरीके से कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत वोटर लिस्ट से नाम हटाए जा रहे हैं। सीईसी मोदी सरकार की कठपुतली बन गए हैं।

अब चीन के होतान के ऊपर से गुजरेंगे भारतीय विमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने हाल ही में भारतीय विमानों के लिए अपने एयरस्पेस पर लगी पाबंदी को और बढ़ा दिया है। इसकी वजह से भारत को एक ऐसे वैकल्पिक हवाई मार्ग की तलाश है, जिससे यूरोप और अमेरिका की हवाई यात्राओं की दूरी कम हो जाए। अभी जिन हवाई मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, उसमें दूरी भी बहुत



ज्यादा है और ईंधन पर लगने वाली लागत भी काफी आती है। संभावित फ्लाइट रूट चीन के शिंजिआंग प्रांत के होतान के ऊपर से हो सकती है, जिसको लेकर दोनों देशों में बातचीत की खबर है। भारत चीन के साथ उसके शिंजिआंग प्रांत के ऊपर से भारतीय विमानों को रास्ता देने के लिए बातचीत करके संभावनाएं तलाश रहा है। सीएनबीसी-टीवी18 ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान ने हाल ही में भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई मार्ग के इस्तेमाल पर लगी पाबंदी को और आगे बढ़ा दिया है।

अरुणाचल में भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादी हमला

असम राइफल्स का जवान शहीद 4 घायल, गश्त के दौरान फायरिंग की

एजेंसी ▸▸ इटानगर

अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में मंगलवार को उग्रवादी हमले में असम राइफल्स का एक जवान शहीद हो गया। 4 अन्य जवान घायल हो गए। हमला भारत-म्यांमार सीमा के पास नामपोंग सर्कल में सुबह करीब 6.30 बजे हुआ।

शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार हमला नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड का (युंग आंग गुट) के उग्रवादियों ने किया है। गश्त के दौरान गोलीबारी में हवलदार जानखोकाई कुकी (42) शहीद हो गए। हमला नामपोंग नाले के पास हुआ। इस इलाके में सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है।

शुरूआती जांच और खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि घात लगाकर किए गए हमले के लिए नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड के युंग आंग गुट के उग्रवादी जिम्मेदार हैं।

हमले के बाद, भारतीय सेना और जिला पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की और भाग रहे उग्रवादियों को पकड़ने के लिए आस-पास के जंगलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। पूर्वोत्तर सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है।

एसससीओ की बैठक में पाक पहुंचे भारतीय अधिकारी

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद



ऑपरेशन सिंदूर के करीब डेढ़ साल बाद भारत ने एससीओ की बैठक में शामिल होने के लिए अपना एक सीनियर अधिकारी पाकिस्तान भेजा है।

विदेश मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी और भारत के एससीओ को-ऑर्डिनेटर आलोक डिमरी सोमवार से इस्लामाबाद में शुरू हुई बैठक में भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं। यह बैठक बुधवार तक चलेगी। बैठक में पाकिस्तान की अध्यक्षता में होने वाले एससीओ के कार्यक्रमों, आने वाली बैठकों की तैयारियों और संगठन से जुड़े दूसरे मुद्दों पर चर्चा होगी। पाकिस्तान में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता दिए जाने की भी संभावना है। भारत ने साफ किया है कि पाकिस्तान में एससीओ की बैठक में शामिल होने का मकसद सिर्फ संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना है। भारत एससीओ के मंच पर पाकिस्तान के साथ सहयोग जारी रखेगा, लेकिन दोनों देशों के बीच अलग से द्विपक्षीय बातचीत नहीं होगी। भारत का रुख रहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए आतंकवाद से मुक्त माहौल जरूरी है।

आरबीआई ने जारी की बैंकों की छुट्टियों की जानकारी

अक्टूबर माह में 16 दिन बंद रहेंगे बैंक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अक्टूबर 2026 में दशहरा, छठ पूजा और दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार हैं। इस महीने में एक राष्ट्रीय अवकाश भी होगा, जब सभी राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। त्योहारों के इस मौसम में, कई राज्यों में महीने के दौरान कई बैंक छुट्टियां होंगी। हालांकि ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अक्टूबर 2026 में कुछ खास दिन बताए हैं जब बैंक फिजिकल कामकाज के लिए बंद रहेंगे।

वहीं दूसरी ओर शनिवार की छुट्टियों को लेकर भी एक बड़ा अपडेट है। वैसे तो अभी तक महीने की सभी शनिवार की छुट्टियों की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अक्टूबर के महीने में 5 में से 4 शनिवार को त्योहारों की वजह से 4 शनिवारों को अवकाश रहेगा। जिनमें से दूसरा और चौथा शनिवार भी शामिल है। जिस दिन बैंक आधिकारिक तौर पर पूरे देश में बंद होते हैं। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर आरबीआई की ओर



से अक्टूबर की बैंक हॉलिडे लिस्ट में किस तरह की कहानी बयां की गई है।

भारत में, सभी शेड्यूल्ड और नॉन-शेड्यूल्ड बैंक दूसरे और चौथे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश रखते हैं। पहला, तीसरा और पांचवां (कुछ मामलों में) शनिवार बैंकों के लिए कामकाज का दिन होगा, जब तक कि आरबीआइ4 के अवकाश कैलेंडर में कुछ और न बताया गया हो। वैसे पहले शनिवार को छोड़ दिया जाए तो तीसरे और पांचवे शनिवार को त्योहार के की वजह से बैंक बंद रहने वाले हैं।

अक्टूबर में है कौन-कौन से त्योहार

अक्टूबर के महीने में पूरे देश में महात्मा गांधी जयंती, महालया अमावस्या, महा सप्तमी, दशहरा (महाष्टमी)/महा नवमी/आयुध पूजा/दुर्गा पूजा/विजया दशमी/दुर्गा अष्टमी, दशहरा (विजया दशमी) (आसो सुद-10)/ महानवमी, आयुध पूजा/दुर्गा पूजा, विजया दशमी/दुर्गा पूजा (दसाईं), दुर्गा पूजा (दसाईं), लक्ष्मी पूजा/एक्सेशन डे/महर्षि वाल्मीकि का जन्मदिन, करवा चौथ, सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन जैसे त्योहार और दिन सेलीब्रेट होने हैं। इन दिनों में बैंक बंद रहेंगे।
ग्राहक बैंक की छुट्टियों पर भी ऑनलाइन बैंकिंग, स्मार्टफोन ऐप और यूपीआई-आधारित भुगतान का उपयोग करके घर बैठे अपने अधिकांश बैंकिंग कामकाज कर सकते हैं। छुट्टियों पर पैसे ट्रांसफर, बिल भुगतान और अकाउंट मैनेजमेंट तुरंत किया जा सकता है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

ध्वनि प्रदूषण पर नहीं नियंत्रण

त्यौहारों का दौर आया खुशियां लाया ये अब पुरानी बात होने लगी है। त्यौहारों का दौर आया और अनियंत्रित ध्वनि प्रदूषण लाया ये जरूर सही है। भगवान गजमुख के 10 दिवसीय आयोजन में जो कुछ धर्मनगरी में सामने आया उसे देखते हुए तो कहा जा सकता है कि धर्म की राह पीछे चौराहा पर कहीं और छूट चुकी है और हम डीजे को अनियंत्रित ध्वनि पर बजाते हुए असंतुलित मस्तिष्क से राह भटक गए हैं। न तो इन डीजे नाम के कर्कश में नियंत्रण का प्रशासनिक बटन दिख रहा है और न हीं वर्दी नाम का दम दिख रहा है। इसके बजने की शुरूआत के साथ ही ऐसा कंपन होने लगता है कि कमजोर शरीर एवं दिल का आदमी अपना संतुलन खोने लगता है। इसकी कर्कश आवाज से जीव तो कोने कुचाले में छुपकर अपने कानों की रक्षा करने में लग जाते हैं। बीच शहर में और बीच सड़क पर इस कर्कश ने पूरे 10 दिन लोगों की जान निकालकर रख दी। घरों के पास इसकी कर्कश आवाज निकली तो खिड़की, दरवाजों में लगे कांच ऐसे थरथर्राने लगते हैं मानों इंसान ने भूत देख लिया हो। इंसान भी इसकी आवाज के सामने कांपने लगता है। इंसान के कान में ऐसी झनझनाहट होती है कि अगले कुछ घंटों तक उसे सामान्य आवाज भी झनझनाती सुनाई देती है। इंसान के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक एवं हाल ही में कई लोगों की मौत का कारण बनने के बाद भी इस कर्कश डीजे पर नियंत्रण न हो पाना सबसे बडी कमजोरी और नक्कारापन ही कहा जाएगा। खुसूर-फुसूर है कि अगले कुछ सालों में धर्मनगरी में अगर ऐसे ही इस कर्कश आवाज पर नियंत्रण नहीं हुआ तो अधिकांश बहरों का यह शहर होगा और आने वाली नस्ल भी उससे प्रभावित होगी। खुद इस कर्कश आवाज को अनियंत्रित बजाने वाले भी इससे नहीं बच सकेंगे। कमाई के नाम पर ये सीधे आम रहवासी को रोग बांटने का काम कर रहे हैं।

नैनो न्यूज

- **अधिवक्ता संदीप मेहता** के स्टेट बार एसोसिएशन मध्यप्रदेश का सदस्य निर्वाचित होने पर अजाक्स ने किया स्वागत
- **मप्र मुस्लिम पिछड़ा** वर्ग विकास परिषद के महामंत्री एडवोकेट अजीज डिप्टी साहब मदीना शरीफ उमराह यात्रा पर जा रहे हैं। उमराह पर जाने के पहले मुशायरा कमेटी के सदस्यों ने होटल एंपायर में उनका सम्मान किया।
- **महात्मा गांधी जी** की जयंती के अवसर पर शहर जिला एवं ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में जिला स्तरीय भव्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर को किया जाएगा।
- **पुरानी पेंशन** बहाली और एरियर भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, राज्य कर्मचारी संघ ने 23 और आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम दिया पत्र
- **अग्रसेन जयंती** पर 2 अक्टूबर को लगेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, अग्रवाल नवयुवक मंडल का आयोजन, मोतियाबिंद व रेटिना की होगी जांच
- **श्रद्धालुओं** का पर्यटक बन जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, वर्तमान समय में सनातन धर्म के समक्ष चुनौतियां विषय पर विचार संगोष्ठी संपन्न
- **स्वच्छता ही सेवा** पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत प्रधान आयकर आयुक्त (आरयू)-1, उज्जैन डॉ. राजाराम साह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयकर विभाग, उज्जैन द्वारा स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- **श्राद्ध पक्ष में** पितरों के निमित्त श्रीमद्भागवत कथा 4 अक्टूबर से, श्री चन्द्रमोलेश्वर सेवा समिति उज्जैन द्वारा श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर पितरों के निमित्त सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।
- **सिंहस्थ से पहले** शहर में स्थायी सेवा प्रकल्प स्थापित करेगा लायंस क्लब गोल्ड, झोन चेयरपर्सन डॉ. राहुल पण्ड्या की आधिकारिक यात्रा में मानव सेवा के कार्यों पर दिया जोर

ट्रेंडिंग



पुराने मालवा के घरों में श्राद्ध पक्ष के दौरान लोकपर्व संजा मनाने की परंपरा रही जिसका पालन आज भी कुंवारी कन्याएं कर रही

विषमताओं से जूझते हुए लोक-संस्कृति को बचाने का जुनून

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालवा की मीठी बोली, लोकनृत्य व लोकगीत के साथ ही लोकपर्व सभी कुछ अद्भुत हैं। इस लोक-संस्कृति की सराहना तो सभी करते हैं किन्तु इसको सहेजने के लिए बहुत कम लोग ही गंभीर हैं। शहर की महिला डॉ. पल्लवी किशन अपनी पूरी ताकत व हिम्मत के साथ इस पुनीत कार्य में लगी हुई हैं और उसी का प्रतिफल है कि संजा लोकोत्सव का बीसवें वर्ष मे पदार्पण हो रहा है।

- **मालवा की पुरातन कला मांडना व संजा-** मालवा क्षेत्र की पुरातन कला है मांडना व संजा। मांडना घर की दीवारों और कच्चे आंगन में खडिया, नेजे (चूना), चावल के घोल व गेरू से बनाए जाते रहे। शहर के मालीपुरा, उर्दूपुरा, जयसिंहपुरा, भैरवगढ़ आदि क्षेत्र सुन्दर मांडना कला के केन्द्र रहे। महिलाएं दीपावली के पूर्व घर की लिपाई गोबर से करती फिर सुन्दर मांडने बनाती थीं। इन मांडनों के अंदर डिजाइन की विविधता रहती और प्रकृति का सुन्दर चित्रण भी होता। ज्यामितीय ज्ञान में उस समय की हमारी महिलाएं पारंगत थीं मांडले कला उसका जीवंत प्रमाण है। आयताकार, वृताकार व विभिन्न आकृतियों को बनाया जाता था। पक्के मकानों के निर्माण से मांडना कला लगभग लुप्त हो रही है।
- **गाय के गोबर का सुन्दर संयोजन-** पुराने मालवा के घरों में श्राद्ध पक्ष के दौरान लोकपर्व संजा मनाने की परंपरा रही जिसका पालन आज भी कुंवारी कन्याएं कर रही हैं समय के साथ परिवर्तन ये देखने को मिल रहा है कि अब संजा के पाने बाजार मे उपलब्ध हैं। सुगमता व गोबर की अनुपलब्धता के चलते पाने चलन में आ तो गए किन्तु इससे बालिकाओं की गोबर से निर्मित कला शीघ्रता से लुप्त होने लगी। पहले संजा की सुन्दर रचना घर की दीवारों पर गोबर से निर्मित की जाती थी। सुन्दरता मे चार चांद लगाने के लिए कन्याएं उस पर रंगबिरंगी पन्नी और प्राकृतिक फूल चिपका देती थीं। प्रदोष तिथि से पूरा किला-कोट बनाया जाता था। आधुनिकता के दौर में हमारी अनूठी संजा कला लुप्त होने की कगार पर आ गई। इसमें सामूहिक रूप से बालिकाएं संजा गीत गाती और मालवा की शाम को संजा गीत उल्लास से पूर्ण करते प्रतीत होते जब श्राद्ध पक्ष का बोझिल समय चल रहा होता।





संजा पर्व मनाने की परंपरा

संजा पर्व मनाने के मूल पर प्रकाश डालते हुए शहर की संस्था प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के संस्थापक व मानद सचिव कुमार किशन ने बताया कि मालवा क्षेत्र को माता पार्वतीजी का मायका माना जाता है। मालवा की अविवाहित बालिकाएं पार्वतीजी के सम्मान में गोबर से संजा बनाती हैं और प्रशस्ति में गीत गाती हैं। बालिकाएं संजा की आरती करती हैं और प्रसाद अर्पित करती हैं साथ ही कामना करती हैं कि जिस प्रकार पार्वती को भोलेनाथ मिले ऐसे ही प्यार करनेवाला पति मिले और जीवन में प्रेम बना रहे।

मालवा की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराना जरूरी

बदलते परिवेश मे हमारे मालवा की पुरातन समृद्ध संस्कृति से नई पीढ़ी अनभिज्ञ हो रही थी और ये बात बहुत चुभती थी। इसी को ध्यान मे रखकर संस्था प्रतिकल्पा के माध्यम से संजा लोकोत्सव मनाने का विचार मन में आया। शुरूआत संघर्ष भरी रही और आज भी संस्था आर्थिक संकट से जूझ रही है किन्तु संघर्ष करने से सफलता की मीठी गंध आने लगी है जो मन को सुकून दे रही है।

डॉ. पल्लवी किशन, प्रतिकल्पा संस्था, उज्जैन।

लोककला के संरक्षण को बनाया मिशन

मालवा की खूबसूरत संस्कृति को सहेजना बहुत आवश्यक है अन्यथा ये लुप्त हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर की नृत्यांगना पल्लवी किशन ने गंभीरता से मनन किया और बीस वर्ष पूर्व प्रतिकल्पा संस्था के माध्यम से संजा लोकपर्व मनाना शुरू किया। शुरूआत मे बहुत मुश्किलें आईं किन्तु पल्लवी ने अथक परिश्रम से इस कार्य को निर्बाध रूप से आयोजित किया। इस वर्ष संजा लोकोत्सव के अंतर्गत विद्यालय में मांडना व संजा प्रतियोगिता आयोजित की। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर मे मंगलवार को आयोजित इस प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों ने अच्छा प्रतिसाद दिया व 180 छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस आयोजन में सुन्दर मांडना व संजा की रचनाएं देखने को मिले। प्रतिकल्पा संस्था ने प्रतियोगियों को गोबर, पन्नी व फूल उपलब्ध कराए।

पटनी बाजार और कंठाल क्षेत्र के आसपास पुख्ता बैरिकेडिंग, बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती

बाहर से आए पर्यटक भी परेशान, बंद बाजारों से खान-पान के लिए भटकते रहे श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत शाही मस्जिद क्षेत्र में चल रही कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था का असर शहर के उन हिस्सों में भी दिखाई दिया, जहां बाहर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक सामान्य दिनों में देर रात तक चहल-पहल देखते हैं। शहर में दर्शन, श्राद्धकर्म और धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए पहुंचे कई श्रद्धालुओं को रात में दुकानें बंद मिलने से खान-पान और रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों के सामान के लिए भटकना पड़ा।

महाकाल क्षेत्र, मुख्य छत्रीचौक और सराफा बाजार में रात के समय दुकानें बंद रहने से बाहर से आए लोगों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल सकीं। कई श्रद्धालु आसपास खुले प्रतिष्ठानों की तलाश करते नजर आए। स्थानीय लोगों ने उन्हें उपलब्ध खान-पान की दुकानों और आने-जाने के वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देकर मदद की।

सुरक्षा व्यवस्था देखकर भी सहमे नजर आए- पटनी बाजार और कंठाल क्षेत्र के आसपास पुख्ता बैरिकेडिंग, बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती तथा मार्गों पर आवाजाही नियंत्रित किए जाने से शहर से अनजान पर्यटकों में कुछ असहजता भी दिखाई दी। कई लोग यह समझने की कोशिश करते रहे कि किस मार्ग से आगे बढ़ा जा सकता है और कौन-सा रास्ता बंद है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने बाहर से आए लोगों को स्थिति समझाकर सही मार्ग बताया।



होटल-रेस्टोरेंट में बढ़ी भीड़

बाजारों में अधिकांश दुकानें बंद रहने का असर महाकाल क्षेत्र और देवासगेट क्षेत्र के खुले होटल-रेस्टोरेंट पर दिखाई दिया। रात के समय इन प्रतिष्ठानों पर सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही। दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के बाद भोजन की तलाश में निकले श्रद्धालुओं को इन्हीं स्थानों का सहारा लेना पड़ा।

बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का कहना था कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है, लेकिन ऐसी स्थिति में प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्यटकों को खान-पान, आवश्यक वस्तुओं और आवागमन की न्यूनतम सुविधाओं के लिए ज्यादा परेशानी न उठानी पड़े। धार्मिक नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के साथ सुविधा और स्पष्ट मार्गदर्शन भी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

त्रिशूल शिवगण वाहिनी ने किया गयाकोठा तीर्थ पर वृक्षारोपण और कुंड सफाई कार्य



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा उज्जैन शहर की जल संरचनाओं की स्वच्छता का बीड़ा उठाया गया है, जिसके अंतर्गत मंगलनाथ, सिद्धनाथ घाट पर सफाई का कार्य पिछले दिनों किया गया तथा आज पितृपर्व के अवसर पर गयाकोठा तीर्थ पर वृक्षारोपण और कुंड की सफाई का कार्य किया गया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि शहर की जल संरचनाओं को लगातार साफ करने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है।

संस्थापक आदित्य नगर ने बताया कि आज पितृपर्व के अवसर पर गयाकोठा तीर्थ पर कुंड की सफाई का कार्य करने के साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें पंडित पुजारियों और श्रद्धालुओं द्वारा भी अभियान में भाग लिया गया। उन्होंने बताया कि शहर में जल संकट की स्थिति आने वाली है इसलिए जलसंरचनाओं का साफ होना अत्यंत आवश्यक है। जल संवर्धन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। पर्यावरण ध्यान में रखकर अपने पूर्वजों के निमित्त गयाकोठा तीर्थ पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया जिसमें पीपल, बिल्व पत्र, गूलर, बरगद के पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सचिव शैलेंद्र द्विवेदी, प्रदेश मंत्री द्वय पंडित चंद्रशेखर शर्मा शैलेश दुबे नगर अध्यक्ष विनय कुमार ओझा, द्वारकाधीश शास्त्री, देवेंद्र पंचोली, प्रकाश व्यास, रमेश रघुवंशी, स्वप्निल शास्त्री, राकेश गुरु, पार्षद सपना सांखला, विराट शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

तीन थाना क्षेत्रों में 8 प्रकरण दर्ज हुए, पथराव बाजों की तलाश तेज हुई

समाज ने मस्जिद के चौड़ीकरण भाग को हटाने की कार्रवाई जारी रखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को समझौते के साथ शाही मस्जिद के भाग को समाज के लोगों ने हटाने की कार्रवाई के बाद एक गुट ने विरोध जताते हुए पत्थरबाजी की थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर अश्रु गैस छोड़ते हुए भीड़ को तीतर बीतर किया था। दूसरे दिन मंगलवार को भी समाज की ओर से मस्जिद के चौड़ीकरण में आ रहे भाग को हटाने की कार्रवाई जारी रही है। पुलिस ने पूरे मामलें में 8 प्रकरण दर्ज किए हैं। 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इधर पुलिस ने पत्थरबाजों की शिनाख्त एवं तलाश को भी तेज कर दिया है।

सोमवार देर रात तक हटाए जाने वाले भाग को लेकर शुरू किया गया कार्य मंगलवार को भी जारी रहा। समाज जन एवं कमेटी से जुड़े लोगों ने वहां पहुंचकर जारी कार्य को देखा भी। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है एवं स्थिति पूरी तरह से सामान्य एवं नियंत्रण में है। मंगलवार को क्षेत्र से लगे हिस्से में दुकानें भी चालू रही।

सोशयल मीडिया पर संदेश जारी कर भड़काया- सोमवार को हुए पथराव के मामले में पुलिस ने रात में एक प्रकरण और दर्ज किया है। इस प्रकार से अब तक कुल 8 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। महाकाल एवं खाराकुंआ थाना में सोशयल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने एवं भड़काउ भाषण के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। 5 सोशयल मीडिया एन्फलूएंजर पर प्रकरण दर्ज कर इनमें से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। इनमें से एक ने जेसीबी आ गई है जल्दी मस्जिद पहुचों जैसे संदेश को कई बार वायरल किया था।



नेट लगाकर काम जारी

शाही मस्जिद के चौड़ीकरण के दायरे वाले भाग को हटाने का काम मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा है। यहां समाजजनों एवं मस्जिद कमेटी के सदस्यों द्वारा ही हिस्सा हटाया जा रहा है। मस्जिद के दो हिस्सों पर नेट लगाकर काम किया जा रहा है। ताकि किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस नही पहुंचे। मस्जिद के हिस्से को हटाने के लिए लोहे का स्ट्रक्चर बनाया है। जिस पर चढकर काम को अंजाम दिया जा रहा है। मस्जिद क्षेत्र के सभी रास्तों पर पुलिस की पैदल गश्त की जा रही है। सोमवार देर रात को ही मस्जिद के निचले हिस्से में छत्री चौक से गोपाल मंदिर सड़क मुखी मौजूद दुकानों को पूरी तरह खाली करा लिया गया है। नगर निगम के झोन 3 कार्यपालन यंत्री राजकुमार राठौर के अनुसार छत्रीचौक से गोपाल मंदिर मार्ग पर मस्जिद का आगे की ओर के साइड 2.7 मीटर एवं अंत में 1.4 मीटर हिस्सा चौड़ीकरण के दायरे का नोटिस हमने दिया है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

पूरी स्थिति नियंत्रण में समाजजनों का काम जारी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोशन कुमार सिंह ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि अभी मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है, हम लोग मौके पर ही हैं, कानून व्यवस्था पूरी तरीके से नियंत्रण में है। चौड़ीकरण के कार्य में सभी धर्म, समुदाय के लोगों द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। विगत दिनों मुख्यमंत्री ने जो उनका पैतृक आवास है, चौड़ीकरण में प्रभावित हो रहा था तो उसको उनके द्वारा स्वयं ही शुरूआत की गई। इसी क्रम में चौक पे जो शाही मस्जिद है, इसका जो प्रभावित हिस्सा चौड़ीकरण में आ रहा है, उसको भी इनके समाज जनों के द्वारा, धर्मजनों के द्वारा, स्वतः ही स्वेच्छा से हटाया जा रहा है। मैं पुनः आपसे अपील करना चाहूंगा, कोई भी किसी प्रकार के अफवाह पर ना ध्यान दें। स्पेशली जो है, एआई जनरेटेड विजुअल हैं, कृपया करके सोशल मीडिया पे उसको बिल्कुल भी आप भरोसा ना करें और सबसे पहले तथ्यों की पुष्टि करें, उसके बाद ही अपना विवेक इस्तेमाल करें, जिससे कि इस तरीके के माहौल बिगाड़ने वाले लोग हैं, उन पे लगाम कसी जा सके। सोशयल मीडिया पर हमारी मॉनिटरिंग चल रही है। और आपके माध्यम से मैं ये जरूर आगाह करना चाहूंगा, कोई भी इस प्रकार से भ्रामक खबरें फैलाने की कोशिश करेगा और गलत जानकारियां देगा, उनके खिलाफ हम सख्त से सख्त कार्यवाही करेंगे।

एडीजी जैन ने किया मुआयना

मंगलवार को पूर्वान्ह में एडीजी पुलिस एवं उज्जैन संभाग प्रभारी उपेन्द्र जैन ने भी क्षेत्र का दौरा किया। उनके भ्रमण के उपरांत पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी बना दिया गया। इस क्षेत्र में तोड़फोड़ की वजह से प्रवेश निषेध किया गया है। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने से सभी लोग बचें। एक दिन पहले भ्रामक पोस्ट के कारण उपद्रव हुआ था। सोशल मीडिया इंफ्लेन्सर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए है। एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि अभी तक की स्थिति ये है कि सारा कार्य जो यहाँ पे चल रहा है, अतिक्रमण हटाने का, वो शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है और जो मस्जिद की समिति है, उनके और उनके लोगों द्वारा ही ये कार्य किया जा रहा है। पर्याप्त यहाँ पे सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। आस-पास सभी जगह पुलिस तैनात है। आप लोगों के माध्यम से एक बात मैं सोशल मीडिया पर बताना चाहूंगा कि किसी भी तरीके की कोई गलत अफवाह नहीं फैलाएं। पुलिस इस पर नजर रख रही है और इस पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

सीएम हेल्पलाइन प्रभारी का पांच दिवस का वेतन काटने के निर्देश

इंदौर। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण तथा शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायत के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर शासकीय स्वशासी होलकर विज्ञान महाविद्यालय के सीएम हेल्पलाइन प्रभारी एवं प्राध्यापक आर.सी. दीक्षित का पांच दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस' पर कार्यशाला आयोजित

इंदौर। सुरक्षित, कानूनी और आसानी से उपलब्ध गर्भपात सेवा के समर्थन हेतु प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर 'अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में आज इंदौर जिले में अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया गया।डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि गर्भपात एक अपराध माना जाता था, वहाँ से लेकर एक सुरक्षित अधिकार के रुप में एक लंबी यात्रा रही है। जिससे कि मातृ स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके। आज लगातार आवश्यकताओं के अनुरुप संशोधन कानून में हो रहे हैं तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास, पंचायत विभाग, पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग को एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सचेत-परम्परा एवं दल ने दी गीत-संगीत की सुरमयी प्रस्तुतियां

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्चुअली उपस्थिति में इंदौर में आयोजित गरिमामय समारोह में मध्यप्रदेश शासन के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान-2026 से सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक श्री शान्तनु मोइत्रा को विभूषित किया गया। गीत-संगीत के इस महत्वपूर्ण आयोजन में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार, कलेक्टर शिवम वर्मा, विधायकगण रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़ तथा मधु वर्मा, श्रवण सिंह चावड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर वर्चुअल रुप से संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय लता मंगेशकर जी के नाम पर स्थापित यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सम्मान के समान है।

लॉ कालेज में प्रवेश लेने वाले को विवि की ही डिग्री मिले



इंदौर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रेस्टीज डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के विद्यार्थियों की डिग्री से संबंधित समस्या को लेकर सोमवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रज्ज्वल खरे को ज्ञापन दिया गया। परिषद ने मांग की कि जिन विद्यार्थियों ने प्रेस्टीज डिपार्टमेंट ऑफ लॉ में विवि की संबद्धता के दौरान प्रवेश लिया था, उन्हें प्रवेश के समय निर्धारित व्यवस्था के अनुसार की ही डिग्री दी जाए। मीडिया सयोजक (मालवा प्रांत, परिषद) पुनीत गुजाल के अनुसार ज्ञापन देकर अनुरोध किया गया कि प्रेस्टीज डिपार्टमेंट ऑफ लॉ पूर्व में देअविवि से संबद्ध था और इसी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। वर्तमान में प्रेस्टीज समूह को विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होने के बाद व्यवस्था में परिवर्तन हुआ है, जिसके कारण वर्तमान में द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच अपनी डिग्री को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पढ़ाई के बीच में उसमें परिवर्तन कर उन्हें दूसरी डिग्री लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। परिषद ने मांग की कि विवि की संबद्धता के दौरान प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों की डिग्री को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर तत्काल स्थिति स्पष्ट की जाए।

नैनो न्यूज

- **देवास – साइबर ठगी गिरोह पकड़ा गया-** देवास पुलिस ने साइबर ठगी के गिरोह का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। छह मामलों में करीब 10 लाख की ठगी सामने आई।
- **आगर – नवरात्रि आयोजन की तैयारी-** नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू हैं। जिला प्रशासन ने आयोजन संबंधी निविदा भी जारी की है।
- **शाजापुर – 130 मोबाइल बरामद-** शाजापुर पुलिस ने पोर्टल की मदद से करीब 20 लाख रुपए कीमत के 130 गुम मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे।
- **सुसनेर – अध्यक्ष चुनाव में मतदान-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए आज मतदान जारी है। चुनाव में भाजपा के प्रदीप और कांग्रेस के विष्णु आमने-सामने हैं।
- **रतलाम – एक्सप्रेस-वे सुरक्षा सवालों में-** रतलाम-झाबुआ क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर वाहनों पर फिर पत्थर फेंकने की घटना सामने आई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे।
- **मंदसौर – लोन एनओसी रिश्वत मामला-** मंदसौर में लोन की एनओसी देने के बदले चार हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में ईओडब्ल्यू ने सरपंच और उसके पति को गिरफ्तार किया।

कुंभ के बाद इंदौर, भोपाल, ग्वालियर-जबलपुर में होंगे तैनात, 200 करोड़ की लागत से बनेगा काउंटर टेररिज्म ट्रेनिंग सेंटर

सिंहस्थ के लिए एनएसजी की तर्ज पर तैयार होंगे 250 कमांडो

एनएसजी मानेसर और ग्रेहाउंड्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश में ट्रेनिंग सेंटर, 250 कमांडो की उपयोगिता सिंहस्थ के बाद भी बनी रहेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ से पहले मध्य प्रदेश पुलिस नेशनल सिक्युरिटी गार्ड की तर्ज पर 250 कमांडो तैयार करेगी। कमांडो को भोपाल के तूमड़ा में प्रस्तावित काउंटर टेररिज्म ट्रेनिंग सेंटर में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद सिंहस्थ में सुरक्षा ड्यूटी में लगाया जाएगा। केंद्र बनाने के लिए शासन से सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस केंद्र की डीपीआर तैयार की जा चुकी है।

वित्तीय वर्ष 2027-28 के राज्य सरकार के बजट में इसके लिए राशि का प्रावधान किए जाने की तैयारी है। प्रस्तावित केंद्र को एनएसजी के मानेसर और आंध्र प्रदेश-तेलंगाना के ग्रेहाउंड प्रशिक्षण केंद्रों की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। मध्य प्रदेश पुलिस की टीमें इन दोनों प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा भी कर चुकी हैं।

इन 250 कमांडो की उपयोगिता सिंहस्थ के बाद भी बनी रहेगी। सिंहस्थ समाप्त होने के बाद 200 कमांडो को इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में 50-50 की संख्या में स्थायी रूप से पदस्थ किया जाएगा। शेष 50 कमांडो तूमड़ा के प्रशिक्षण केंद्र में रहेंगे। किसी बड़े आतंकी हमले, उग्रवादी गतिविधि या गंभीर सुरक्षा चुनौती की स्थिति में इन टीमों को संबंधित स्थान पर भेजा जा सकेगा।

तूमड़ा में बनेगा स्टेट ऑफ द आर्ट ट्रेनिंग सेंटर

तूमड़ा का केंद्र मध्य भारत में अपनी तरह का प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी केंद्र की घोषणा करते हुए कहा था कि मध्य प्रदेश की देश के मध्य में स्थित होने के कारण यह संस्थान राष्ट्रीय सुरक्षा क्षमता मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रस्तावित केंद्र में केवल नए कमांडो को ही प्रशिक्षण नहीं दिया जाएगा। यहां पुलिस की विशेष इकाइयों की प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने की योजना है। एटीएस, एसटीएफ, एसएएफ की क्विक रिस्पांस टीम और कमांडो के अलावा जिला पुलिस की विशेष इकाइयों के जवानों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के लिए अलग-अलग इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय की क्षमता विकसित की जा सकेगी।

इन्हें दिया जाएगा प्रशिक्षण- काउंटर टेररिज्म केंद्र में मप्र पुलिस के आतंकवाद-विरोधी दस्ते (एटीएस), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के कमांडो और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी) को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विभिन्न जिलों के पुलिस बलों की विशेष इकाइयों को भी क्यूआरटी और आंतरिक सुरक्षा को लेकर चुनौती से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। अन्य राज्यों की पुलिस इकाइयों के पुलिसकर्मियों को भी केंद्र में अतिरिक्त क्षमता होने पर प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

एक समय में 100 जवानों को प्रशिक्षण

तूमड़ा में प्रस्तावित सेंटर को स्टेट ऑफ आर्ट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां एक समय में 100 जवानों को प्रशिक्षण देने की सुविधा रहेगी। आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों के अलावा आपात स्थिति और गंभीर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर दूसरे राज्यों की पुलिस को भी यहां प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा सकेगी।

पांच अक्टूबर डेडलाइन, शिक्षक बोले-फॉर्म नहीं भरेंगे, जबकि दिसंबर में परीक्षा प्रस्तावित

टीईटी के खिलाफ प्रदर्शनः डेढ़ लाख में सिर्फ तीस हजार आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर शिक्षकों का विरोध तेज हो गया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले नीलम पार्क में संभागवार धरना-प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को प्रदर्शन का तीसरा दिन रहा। इस दौरान ग्वालियर-चंबल संभाग के शिक्षक धरने में शामिल हुए। शिक्षकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार बातचीत नहीं करती और समाधान नहीं निकालती, आंदोलन जारी रहेगा। टीईटी के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 5 अक्टूबर है। स्कूल शिक्षा विभाग पहले ही आवेदन की तारीख बढ़ा चुका है। इसके बावजूद आवेदनों की रफ्तार धीमी बनी हुई है। प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षक बताए गए हैं, जबकि अब तक करीब 30 हजार आवेदन ही हुए हैं। आवेदन कम रहने पर अंतिम तारीख एक बार फिर बढ़ने की संभावना है। हालांकि कर्मचारी चयन मंडल दिसंबर में ही परीक्षा कराने की तैयारी में है।

तीन मांगों को लेकर शिक्षक आंदोलन पर

मोर्चा के प्रदेश संयोजक राकेश नायक ने बताया कि शिक्षकों की तीन प्रमुख मांगें हैं। पहली मांग टीईटी को निरस्त कराने की है। उनका कहना है कि सरकार को तमिलनाडु की तर्ज पर विधानसभा में विधेयक पारित कर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजना चाहिए। मोर्चा का दावा है कि प्रदेश में अलग-अलग समय पर हुई शिक्षक नियुक्तियां टीईटी के दायरे में नहीं आती हैं। दूसरी मांग 20 साल की सेवा अवधि को मान्य करने की है। नायक ने कहा कि कई शिक्षकों की सेवा अवधि को 2018 से माना जा रहा है, जबकि उनकी नियुक्तियां इससे पहले हुई थीं। इससे वरिष्ठता और ग्रेच्युटी जैसे लाभ प्रभावित होने का दावा किया जा रहा है। तीसरी मांग ई-अटेंडेंस को स्वैच्छिक करने की है। मोर्चा का आरोप है कि ई-अटेंडेंस के दौरान शिक्षकों का निजी डाटा सुरक्षित नहीं है और कई शिक्षक ठगी का शिकार हुए हैं।

दिसंबर में परीक्षा कराने की तैयारी

टीईटी के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। शिक्षकों को कर्मचारी चयन मंडल के पोर्टल पर प्रोफाइल और जरूरी जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके बाद परीक्षा ऑफलाइन कराने की तैयारी है। आवेदन की संख्या कम होने के बीच विभाग और कर्मचारी चयन मंडल के स्तर पर चर्चा हुई है। हालांकि मंडल की ओर से दिसंबर में ही परीक्षा कराने की तैयारी बताई गई है। परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं करने के पीछे जनवरी में प्री-बोर्ड और फरवरी में मुख्य परीक्षाएं होने को भी प्रमुख कारण माना जा रहा है।

संभागवार प्रदर्शन, फिर राजधानी में बड़ा आंदोलन

मोर्चा के मुताबिक फिलहाल अलग-अलग संभागों के शिक्षकों को क्रमवार धरने में शामिल किया जा रहा है। ग्वालियर-चंबल संभाग के बाद अन्य संभागों के शिक्षक भी आंदोलन में शामिल होंगे। मोर्चा ने कहा है कि संभागवार प्रदर्शन पूरा होने के बाद राजधानी में बड़ा प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा।

एक नजर में

- टीईटी आवेदन की अंतिम तारीखः 5 अक्टूबर
- अब तक आवेदनः करीब 30 हजार
- प्रदेश में शिक्षकः करीब डेढ़ लाख
- परीक्षाः दिसंबर में प्रस्तावित
- परीक्षा का माध्यमः ऑफलाइन
- आवेदनः ऑनलाइन
- शिक्षकों का रुखः फॉर्म नहीं भरने और परीक्षा नहीं देने का दावा
- आंदोलनः नीलम पार्क में संभागवार धरना-प्रदर्शन जारी

निगम ने जिस कार्ड को फाड़ा, कलेक्टर ने आधे घंटे में बनवाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ये कहानी है उस बुजुर्ग महिला की जो 9 साल से निगम के धक्के खा रही थी। श्रीमति ज्योति बहन निवासी ऋषि नगर इंदौर का गरीबी उपशमन निगम से कामकाजी महिला का कार्ड बना था।

उसकी वैद्यता खत्म होने के बाद नगर निगम ने उक्त निर्धन महिला को लगातार इधर से उधर घुमाया, तो वहीं निगम के एक कर्ताधर्ता ने महिला का कार्ड तक फाड़ दिया। बुजुर्ग महिला रोती हुई वही हाथ में छड़ी लेकर चलती हुई कलेक्टर शिवम वर्मा के पास जनसुनवाई में पहुंची। शिवम वर्मा ने ज्योति बहन को ध्यान से सुना और नगर निगम के कर्ताधर्ताओं को जमकर फटकार लगाते हुए मंगलवार को मात्र आधे घंटे में तत्काल प्रभाव से कामकाजी महिला का कार्ड बनवाकर जनसुनवाई में ही प्रदान किया। बस फिर क्या था आज पूरा जनसुनवाई का माहौल ही बदल गया और बुजुर्ग महिला के चेहरे की रौनक ही बढ़ गई , तो वहीं कलेक्टर के लिए जनसुनवाई में ही भगवान से उनके लिए प्रार्थना करनी लगी। आशीर्वाद देने के साथ ही शिवम वर्मा को इंदौर का सबसे अच्छा और बेस्ट कलेक्टर भी बोलती रही, तो वहीं उन्हें गरीबों का मसीहा भी कहा।

प्रदूषण विभाग ने संचालकों को थमाए नोटिस, 7 दिन का दिया समय

उल्लंघनः नागदा में 168 ईंट भट्टे मिले अवैध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

शहर और आसपास के क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के बाद जांच में 168 ईंट भट्टों को नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित होना पाया गया है। अब प्रदूषण विभाग ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण दर्ज करने के साथ ईंट भट्टों का संचालन बंद कराने की कार्रवाई की जा सकती है।

बताया जाता है कि नागदा और आसपास के क्षेत्र में करीब 800 से अधिक ईंट भट्टे संचालित हैं। इनके खिलाफ लंबे समय से शिकायतें और आंदोलन होते रहे हैं।

कार्रवाई नहीं होने पर संगीता चौहान और रवि रघुवंशी ने एनजीटी में याचिका दायर की थी। न्यायालय के निर्देश पर एसडीएम रंजना पाटीदार के नेतृत्व में प्रदूषण, खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जांच की थी। जांच में 168 ईंट भट्टों को अवैध पाया गया था। जांच प्रतिवेदन को लेकर एनजीटी ने भी सवाल उठाते हुए एसडीएम, प्रदूषण और खनिज अधिकारियों से एक अक्टूबर को शपथ-पत्र के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। न्यायालय के निर्देश के बाद अब प्रदूषण विभाग ने कार्रवाई शुरू करते हुए 168 संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। सात दिन में जवाब नहीं देने अथवा जवाब से विभाग संतुष्ट नहीं होने पर न्यायालयीन वाद दायर करने तथा संचालन बंद कराने की कार्रवाई की जा सकती है।

जांच पर भी उठे सवाल

शिकायतकर्ता संगीता चौहान का कहना है कि क्षेत्र में 800 से अधिक ईंट भट्टे संचालित हैं, लेकिन जांच में केवल 168 को ही अवैध बताया गया। वह एक अक्टूबर को एनजीटी में आवेदन देकर शेष भट्टों की दोबारा जांच कराने और अवैध संचालन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगी। एनजीटी के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में 168 ईंट भट्टों को अवैध माना गया है। प्रदूषण विभाग ने नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि खनिज और राजस्व विभाग की ओर से कार्रवाई शुरू होना बाकी है।

दरगाह पर उनका 673 वां उर्स मुबारक मनाया जा रहा

आध्यात्मिकता की किरण लेकर आए थे मौलाना मोज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुस्लिम धर्म परंपरा में दरगाहों, मजारों एवं आस्तानों का विशेष महत्व है। इन स्थानों पर दफ्न बुजुर्गों का ही प्रताप है इन जगहों पर मांगी गई दुआएं पूरी होती हैं। उज्जैन भी कई बुजुर्गों की कर्म स्थली रही है। इन्हीं पुण्यात्माओं में से एक हैं मौलाना मोज, जो उज्जैन में आध्यात्मिकता की किरण लेकर आए थे।मौलाना मोज का पूरा नाम हजरत मौलाना मुगसउद्दीन चिश्ति रहे. मोज था। उनका जन्म सन 1253 में राजस्थान के एक शहर बयाना (हिन्दोन) में हुआ था। पिता काजी हजरत हिसामुद्दीन अपने समय के विद्वान सूफी संतों की प्रथम पंक्ति में गिने जाते थे। वे 1246 में बलख (बुखारा) से यहां आकर सेवाभावी जीवन व्यतीत करते रहे।

माता बीबी फातमा धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। हजरत मौलाना मोज की प्रारंभिक शिक्षा पिता के सानिध्य में हुई। पिता के साथ सूफी संतों की सभा में जाना एवं उनके प्रवचन सुनने व उस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करना उनकी दिनचर्या थी। उन्होंने मात्र सात वर्ष की आयु में कुरान को कंठस्थ कर लिया था। 10 वर्ष की आयु में इस्लाम के नियमों एवं अन्य धार्मिक नियमावली का अध्ययन उन्होंने किया।

इंदौरः 80 से ज्यादा बड़े संस्थानों पर गिरा निगम का चाबुक

रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं लगवाने पर लगा जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में भूजल स्तर को बढ़ाने और वर्षा जल के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन की ओर से अब इस मामले में पूरी तरह से सख्ती बरतनी शुरू कर दी गई है। शहर की कई बड़ी बहुमंजिला इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा निजी संस्थानों की लगातार जांच की जा रही है। जिन स्थानों पर नोटिस दिए जाने के बाद भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किए गए हैं, वहां जल कार्य विभाग की टीमों द्वारा मौके पर ही चालानी कार्रवाई की जा रही है और भारी जुमार्ना वसूला जा रहा है। अब तक ऐसे 80 से अधिक बड़े संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए चालान बनाए जा चुके हैं।

चालानी कार्रवाई के साथ-साथ शहर में नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम भी तेजी से जारी है। निगम द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अब तक शहर भर में लगभग 19,700 सिस्टम लगाए जा चुके हैं। निगम प्रशासन ने इस मानसून सत्र के लिए कुल 25,000 सिस्टम स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि इस दौरान शहर में औसत वर्षा का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया है, फिर भी निगम की विभिन्न टीमें पूरी मुस्तैदी से अपने अभियान में जुटी हुई हैं। हाल ही में निगम टीम ने स्कीम नंबर 54 पीयू-4 सहित कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना लगाया।

19,700 सिस्टम लगाए जा चुके

चालानी कार्रवाई के साथ-साथ शहर में नए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम भी तेजी से जारी है। निगम द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अब तक शहर भर में लगभग 19,700 सिस्टम लगाए जा चुके हैं। निगम प्रशासन ने इस मानसून सत्र के लिए कुल 25,000 सिस्टम स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि इस दौरान शहर में औसत वर्षा का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया है, फिर भी निगम की विभिन्न टीमें पूरी मुस्तैदी से अपने



से अपने अभियान में जुटी हुई हैं। कई रहवासी कल्याण संघों तथा प्रमुख व्यावसायिक परिसरों को नए नोटिस जारी कर जल्द से जल्द सिस्टम लगाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। हाल ही में निगम टीम ने स्कीम नंबर 54 पीयू-4 सहित कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना लगाया।

पिछले रिकॉर्ड को दोहराने की तैयारी और प्रशासनिक निर्देश

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के अनुसार, विगत वर्ष 2025-26 के दौरान भी निगम द्वारा दिए गए नोटिसों और जागरूकता अभियान के बाद नागरिकों तथा संस्थानों द्वारा रिकॉर्ड 25,588 रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए गए थे। इसी सफलता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी जल कार्य विभाग की टीमों ने पूरे शहर में सघन अभियान शुरू किया है। विभिन्न वार्डों में स्थित आवासीय क्षेत्रों और बड़े व्यापारिक केंद्रों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जल संरक्षण के इन नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कानूनी व वित्तीय कार्रवाई जारी रहेगी।

मालवा एक्सप्रेस का 15 अक्टूबर तक बदला रूट

उज्जैन-मक्सी के बाद रुठियाई-गुना होकर चलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

झांसी मंडल के अगासौद रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमाडलिंग कार्य के चलते डॉ. आंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी तीर्थस्थल कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किया गया है। यह ट्रेन 15 अक्टूबर तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन इसी मार्ग का उपयोग करेगी। उज्जैन-मक्सी के बाद रुठियाई-गुना होकर जाएगी ट्रेन

ट्रेन डॉ. आंबेडकर नगर, इंदौर, देवास, उज्जैन, मक्सी, हरदा, हिरदाराम नगर, निशातपुरा, बीना, ललितपुर, झांसी और ग्वालियर होते हुए कटरा जाती थी। परिवर्तित मार्ग में उज्जैन, मक्सी, रुठियाई और गुना होकर ग्वालियर पहुंचेगी। इसके चलते ट्रेन शुजालपुर, सीहोर, हिरदाराम नगर, निशातपुरा, बीना, ललितपुर और झांसी नहीं जाएगी।



रेलवे के अनुसार डॉ. आंबेडकर नगर-कटरा और वेरावल-जबलपुर एक्सप्रेस का मार्ग भी बदला गया है। ये ट्रेनें अब भोपाल रेलवे स्टेशन नहीं जाएंगी। परिवर्तित मार्ग के कारण दोनों ट्रेनों का हिरदाराम नगर और निशातपुरा स्टेशन पर ठहराव रहेगा।

न्यूज कालम



सरदार पटेल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया

मंडलेश्वर। सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में चलाए जा रहे "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जलस्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चेक डैम का भ्रमण किया। कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान प्रभारी हरिवल्लभ शास्त्री के नेतृत्व एवं दल प्रभारी नितिन यादव और गोपाल सोनवे एवम धर्मेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जल संरक्षण भ्रमण आयोजित किया गया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने तालाब एवं उसके आसपास के परिसर का अवलोकन किया तथा जलस्रोतों को स्वच्छ रखने, जल की बबार्दी रोकने और वर्षाजल के संरक्षण के महत्व को समझा। विद्यार्थियों ने चेक डैम परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा जलस्रोतों में कचरा नहीं डालने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और जलस्रोतों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों को जल का सदुपयोग करने, जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प दिलाया।महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा।

चुनाव आयोग व संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने से पहले तथ्यों की जांच करे कांग्रेस-पाटीदार



मनावर। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिला कार्यालय पर सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने चुनाव आयोग, एसआईआर और मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस एवं राहुल गांधी द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर अपनी बात रखी। इस दौरान भाजपा ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर एवं जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि पिछले कुछ समय से कांग्रेस और राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग, स्ट्रक्र एवं मतदाता सूची को लेकर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। उनके अनुसार, ऐसे आरोपों से लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जनता के मन में भ्रम और अविश्वास उत्पन्न होने की स्थिति बनती है।उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से 26 सितंबर को हुई बैठक के बाद स्ट्रक्र को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है। पाटीदार ने कहा कि आयोग के अनुसार स्ट्रक्र किसी एक व्यक्ति का निर्णय नहीं है, बल्कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि आयोग की ओर से स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद भी आरोपों को जारी रखने का आधार क्या है। चंचल पाटीदार ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा जिस मीडिया रिपोर्ट के आधार पर चुनाव आयोग और स्ट्रक्र को लेकर सवाल उठाए गए, आयोग के स्पष्टीकरण के बाद उस रिपोर्ट की तथ्यात्मकता पर भी प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी संवैधानिक संस्था पर गंभीर आरोप लगाने से पहले तथ्यों की पूरी जांच की जानी चाहिए।

चौदह वर्षों से तप की निरंतर साधना, ज्योति बाला धनोते ने पूर्ण किए 32 उपवास

सनावद। धर्म के प्रति अटूट आस्था, दृढ़ संकल्प और आत्मसंयम के साथ श्रीमती ज्योति बाला पवन कुमार धनोते ने 32 उपवास की कठिन साधना पूर्ण की। उनकी इस तप आराधना पर जैन समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अनुमोदना की। सन्मति जैन काका ने बताया कि ज्योति बाला धनोते पिछले 14 वर्षों से लगातार प्रतिवर्ष सोलह कारण के 32 उपवास की कठिन साधना कर रही हैं। नगर गौरव वात्सल्य वारिधि आचार्य रत्न श्री वर्धमान सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं सान्निध्य में वे प्रतिवर्ष इस तपस्या को पूर्ण करती हैं। इस वर्ष उन्होंने सीकर, राजस्थान में आचार्य श्री की सन्निधि में रहकर अपनी साधना सफलतापूर्वक पूर्ण की। जैन दर्शन में तप और उपवास को आत्मसंयम, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक साधना का महत्वपूर्ण माध्यम माना गया है। लगातार 14 वर्षों तक इस कठिन साधना को जारी रखना उनके दृढ़ संकल्प और धर्म के प्रति समर्पण को दशार्ता है। ज्योति बाला धनोते धार्मिक गतिविधियों के साथ नगर में साधु-संतों की सेवा तथा उनके आहार-विहार में भी निरंतर सहयोग करती हैं। बताया गया कि अब तक वे अपने जीवनकाल में 1256 उपवास की साधना कर चुकी हैं।

सनावद विकास संघर्ष समिति ने किया सांकेतिक प्रदर्शन एवं ध्यानाकर्षण

सनावद- सनावद स्टेशन वर्षों से हुए निर्माण के पश्चात ओंकारेश्वर रोड़ रेलवे स्टेशन भी लगभग पूर्ण हो चुका है सी आर एस को डेढ़ साल दे अधिक समय हो चुका है अर्थात यहां से ब्रॉडगेज ट्रेन का संचालन प्रारंभ किया जा सकता है क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर मुखर रहने वाली सनावद विकास संघर्ष समिति ने क्षेत्र के हजारों नागरिकों की मंशा,आशा एवं अपेक्षा के अनुरूप नवनिर्मित स्टेशन के समक्ष सांकेतिक प्रदर्शन एवं ध्यानाकर्षण करते हुए इसे शीघ्र ट्रेन संचालन में सक्षम बनाने तथा यहां से भोपाल,नासिक तक ट्रेन संचालन एवं वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ करने हेतु रेलमंत्री एवं शासन से उच्चस्तर पर प्रबल मांग जनसुविधा एवं जनहित में की है। साथ ही मेमू ट्रेन के फेरे बढ़ाने एवं खंडवा प्रस्थान में समय सुधार का आग्रह भी क्षेत्रीय सांसद के माध्यम से संज्ञान में लिया जाकर करने का अनुरोध किया है।समिति की और से जाकिर हुसैन अमी, डॉ राजेंद्र पलौड़,विजय जैन,धीरेन्द्र सोलंकी,प्रणव व्यास,राजेंद्र मंत्री आदि ने पुनः ध्यानाकर्षण किया एवं बड़वाह में भी रिजर्वेशन काउंटर प्रारंभ करने की मांग की है। साथ ही इंदौर की और ब्रॉडगेज कार्य में तीव्रता लाई जाए ऐसी मांग भी की है जिससे ज्योतिलिंगों को जोड़ने वाले इस ट्रैक पर जनता को सुविधा प्राप्त हो सके।। रेल विभाग की और से इस बारे में विमर्श प्रक्रिया चल रही है जिसे शीघ्र क्रियान्वयन में लाया जाए ऐसी क्षेत्र के नागरिकों की मांग है।

2 अक्टूबर को बंद रहेगी मदिरा की दुकाने

बड़वानी । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके तहत इस दिन जिले की सम्पूर्ण देशी-विदेशी मदिरा की दुकाने, वाईन शॉप, होटलबार (एफ.एल-2) तथा मद्यभण्डागार बंद रहेगे।उन्होने आबकारी विभाग के समस्त उपनिरीक्षक, वृत्त, मद्यभण्डागार प्रभारियो को निर्देशित किया है कि राज्य शासन के इस आदेश का पालन शक्ति से कराया जाये। अगर कही पर आदेश का उल्लंघन पाया जाता है तो दोषियो पर तत्काल कठौर कार्यवाही की जाये।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील एवं विधायक नारायण पटेल ने किसानों के साथ किया परियोजना का दौरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा



सांसद खंडवा ज्ञानेश्वर पाटील एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल ने सोमवारको किसानों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना का दौरा किया। इस दौरान परियोजना के मुख्य अभियंता आर. के. साहू के साथ किसानों एवं श्रमिकों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना फेज-1 के एक बीटीजी के लिए जारी किए गए कंसोलिडेटेड कॉन्ट्रैक्ट के संबंध में श्रमिकों की आशंकाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सांसद पाटील एवं विधायक पटेल ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि परियोजना में कार्यरत किसी भी श्रमिक को कार्य से पृथक नहीं किया जाए। इस पर मुख्य अभियंता आर. के. साहू ने आश्वस्त किया कि किसी भी श्रमिक को कार्य से बाहर नहीं किया जाएगा तथा सभी को कार्य पर बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में किसानों से संबंधित परियोजना क्षेत्र से निकलने वाले पानी के बहाव का विषय भी प्रमुखता से सामने आया। किसानों ने बताया कि यह पानी आसपास के खेतों तक पहुंचता है, जिससे उन्हें कृषि कार्य में उपयोग की सुविधा मिलती है।

इस विषय पर सांसद एवं विधायक ने किसानों की फसलों एवं कृषि हितों को ध्यान में रखते हुए पानी के बहाव को पूरी तरह रोकने के बजाय किसानों की समस्या का व्यावहारिक समाधान करने की मांग रखी।

मुख्य अभियंता आर. के. साहू ने बताया कि पर्यावरणीय मानकों के अनुसार विद्युत उत्पादन के लिए निर्धारित जल आवंटन एवं जल उपयोग की सीमा का पालन किया जाना आवश्यक है । इस संदर्भ में सांसद एवं विधायक ने कहा कि वे इस संबंध में शासन से उचित स्तर पर बात कर समाधान निकालने की कोशिश करेंगें ।

इस अवसर पर परियोजना के अतिरिक मुख्य अभियंता (संचा/संधा-1),अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सिविल) एम के कोरी,मुख्य वरिष्ठ रसायनक्ष आर एस अलावा,परियोजना पी आर ओ वी एम पाठक, अधीक्षण अभियंता नरेंद्र मालगाये, सोमेश उपाध्याय एवम अन्य अधिकारी,बड़ी संख्या में किसान, आसपास के ग्रामीण एवं आमजन उपस्थित रहे। पूरी बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई तथा किसानों एवं परियोजना प्रबंधन के बीच विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।



एआई रोबोट मशीन के माध्यम से विद्यार्थियों का डेंटल चेकअप

बड़वानी। राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकंडरी स्कूल, बड़वानी में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़वानी के प्रसिद्ध डेंटिस्ट एवं सोशल वर्कर डॉ. चक्रेश पहाड़िया द्वारा विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया। इस दौरान आधुनिक एआई रोबोट मशीन के माध्यम से विद्यार्थियों के दांतों की जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। तकनीक के माध्यम से दांतों की स्थिति का परीक्षण कर विद्यार्थियों को दंत स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सुझाव दिए गए। डॉ. चक्रेश पहाड़िया ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से दांतों की सफाई करने, दिन में दो बार ब्रश करने तथा दांतों की समस्याओं को नजरअंदाज न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दांत, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार हैं। विद्यालय के प्राचार्य माधव खंडेलवाल ने डॉ. चक्रेश पहाड़िया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

बड़वानी जिले में 3 अक्टूबर को आयोजित होंगे मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शों के परिपालन में बड़वानी जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जिले की सेधंवा विकासखंड के शिवन्या च क्लस्टर की 11, चाचरिया क्लस्टर की 11 ग्राम पंचायतों सहित कुल 22 ग्राम पंचायतों में शनिवार 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना, शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना तथा तय समय-सीमा में लोक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

शिवन्या च क्लस्टर की 11 ग्राम पंचायतों क्रमशः कुमठाना, कोटकिराड़ी, पांजरिया चा, चिथराई, धावड़ी, बलखड़, धावड़ा चा, आमझीरी, शिवन्या, खारपरखेड़ा, सिरवेल, चाचरिया क्लस्टर की 11 ग्राम पंचायतों क्रमशः चाचरिया, सुरानी, केलपानी, झण्डीखोदरी, खुरमाबाद, रामगढ़ी, जुलवानिया, कामोद चा, भामपुरा, किड़ीअम्बा, किरचाली में आयोजित इन शिविरों में ग्रामीणजन सम्मिलित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इन शिविरों में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर अनेक महत्वपूर्ण सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। राजस्व मामलों के अंतर्गत अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा के प्रकरणों का निस्तारण होगा। इसके अलावा फार्मर आईडी निर्माण, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी ई-केवायसी एवं आधार कार्ड अपडेशन जैसी डिजिटल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और पेंशन योजनाओं के निष्पादन के साथ-साथ युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु पशुपालन विभाग की मैत्री योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं पीएमएफएमई योजना के आवेदन पत्र भरे जाएंगे तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।



महाप्रबंधक ने नागालैंड के डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाइन परियोजना की समीक्षा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल ने नागालैंडके डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए 26 और 27 सितंबर, को परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। 78,42 किलोमीटर लंबी डिमापुर-कोहिमा नई लाइन परियोजना, नागालैंड में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की एक महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना पहल है।

परियोजना की कुल लंबाई में 31.339 किलोमीटर का निर्माण पूरा हो चुका है। इस परियोजना में 30 बड़े पुलों का निर्माण शामिल है, जिनमें से 13 पुलों का काम पूरा हो चुका हैंऔर 150 छोटे पुलों में से 138 बन चुके हैं। इस परियोजना में 31 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 5 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) भी शामिल हैं, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस नई लाइन में आठ स्टेशन शामिल होंगे, जिनमें धनसिरी, धनसिरीपार, मॉलवॉम, फेरिमा, पिफेमा, मेंगुजुमा, जुब्जा और कोहिमा हैं। निरीक्षण के दौरान, श्री बंसल ने डिमापुर-कोहिमा नई लाइन परियोजना के विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण पुलों, सुरंगों और रेलवे स्टेशनों के चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा 30 सितंबर को खंडवा भ्रमण पर

खंडवा । मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा का जिले में भ्रमण कार्यक्रम 30 सितंबर को प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा द्वारा प्रातः 9.30 बजे से दोपहर १ बजे तक जिले में संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष, खंडवा में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।



आंगन मिलन कार्यक्रम में पौधारोपण और पोषण का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग

इंदिरा कॉलोनी, बंशी , कॉलोनी एवं तीखीबयडी, हायर सेकेंडरी स्कूल क्षेत्र की आंगनवाड़ियों का संयुक्त आंगन मिलन कार्यक्रम संजय कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ पौधारोपण, खेलकूद, पोषण संबंधी जानकारी एवं मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

आंगनवाड़ी केंद्र के द्वार पर रंगोली बनाई गई अतिथियों का स्वागत सत्कार भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता निरेश सेठिया, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी, पत्रकार संघ बाग अध्यक्ष शहजाद भारती, युवा नेता रौनक राठौड़ एवं पवन सेन उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता निरेश सेठिया ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आंगनवाड़ी बच्चे के जीवन की पहली पाठशाला है। जिस तरह पौधे को पानी और देखभाल की जरूरत होती है, उसी तरह बच्चों को प्यार, संस्कार, पोषण और शिक्षा की आवश्यकता होती है। हमें स्वच्छ आंगनवाड़ी, स्वस्थ बच्चे और हरे-भरे गांव का संकल्प लेना चाहिए। धर्मेंद्र सोलंकी ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभों की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय मोगली उत्सव का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

मोगली उत्सव 2026 के तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बड़वानी में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विकास खंड स्तर से चयनित कनिष्ठ एवं वरिष्ठ स्तर की विद्यार्थी टीमों ने सहभागिता की है । आयोजित प्रश्न मंच कार्यक्रम में पर्यावरण जल जंगल व जमीन से जुड़े प्रश्नों पर विद्यार्थियों उत्तर दिए। इस प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के विभिन्न विकास खंडों के सात प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम स्थान बड़वानी विकास खंड को मिला। विजेता प्रतिभागी कुमारी कनिष्का कन्नौज माता शबरी आवासी कन्या शिक्षा परिसर बड़वानी एवं कृष्णा पिपलोदे पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 बड़वानी रहे। इस प्रकार वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9वी से 12वीं स्तर के प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिसमें प्रथम स्थान पर संदीप जमरा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक ०१ बड़वानी एवं कुमारी रिंका अलावे माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बड़वानी रहे। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ स्तर के विजेता प्रतिभागी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी में सहभागिता करेंगे। एवं 27, 28, 29 अक्टूबर को पेंच राष्ट्रीय उद्यान भ्रमण एवं वहा की विभिन्त्र गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार वड़वानी राहुल सोलंकी ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल ने विजेता बच्चों को बधाई दी एवं राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



आरती पाटिल को अ.भा. गुर्जर महासभा की महासचिव बनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के 11वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं गुर्जर-पाटीदार समाज की चिंतन बैठक में सनावद की समाजसेवी श्रीमती आरती पाटिल को महासभा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक-पुरुषोत्तम पाटिल गुर्जर, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोपीचंद गुर्जर, राष्ट्रीय महामंत्री बच्चूसिंह बैंसला, गोवर्धन भाई क्षड़पिया, महिला अध्यक्ष कामिनी गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल सिंह गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर निमाड़ क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं गुर्जर समाज के सामाजिक और शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वर्गीय ताराचंद पटेल का पुण्य स्मरण किया गया। उनके जीवन और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक चिन्माड़ का ध्रुवतारा का मंच से विमोचन भी किया गया। आरती पाटिल को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने समाज के बहुआयामी विकास के साथ महिला सशक्तिकरण और युवाओं की संगठन में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। अधिवेशन में समाज की एकता, सामाजिक विकास तथा महिलाओं एवं युवाओं को संगठन से जोड़ने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

खेतों से मोटर पंप एवं केबल चोरी का पर्दाफाश

8 आरोपियों से मोटर पंप सहित केबल जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर पंप चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम गांवसन, सिनखेड़ा एवं बरुड-रोमचिचली क्षेत्र खेतों से चोरी हुए मोटरपंप और केबल मामले का खुलासा किया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से ४ मोटर पम्प एवं ग 200 फीट केबल वायर सहित चोरी में इस्तेमाल की गई, तीन बाईक जब्त की है। थाना बरुड़ पुलिस के अनुसार ग्राम देवनाल्या में 7-8 लड़के मोटर पम्पों को बेचने के लिए पिकअप वाहन की तलाश करने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल टीम मौके पर भेजी। ग्राम देवनाल्या में ग्राम पंचायत भवन के सामने से घेराबंदी कर दबिश दी। यहां 8 लड़कों को अभिरक्षा में लिया। एक विधि विरुद्ध बालक भी शामिल था।

पूछताछ में उक्त मोटर पम्प ग्राम गांवसन, सिनखेड़ा एवं बरुड.रोमचिचली क्षेत्र से चोरी करना कबूल किया। रिकार्ड खंगालने पर इन पंप चोरी के अपराध पाए गए। आरोपियों की निशानदेही पर ४ पनडुब्बी पानी की मोटर पम्प एवं 200 फीट केबल वायर कीमती 1 लाख 24 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 3 बाईक जब्त की है। कार्रवाई में शिवम पिता नंदकिशोर उर्फ नंदु निंगवाल, देवगन पिता बोटरसिंह मुजाल्दे, संतोष पिता नंदकिशोर उर्फ नंदु निंगवाल, रमेश उर्फ चैनसिंग पिता नंदकिशोर उर्फ नंदु निंगवाल, जितेन्द्र पिता चन्दरसिंग निंगवाल, रमेश पिता बंशीलाल निंगवाल और सुरेश पिता सीताराम निंगवाल सभी निवासी ग्राम देवनाल्या थाना बरुड़ को गिरफ्तार किया है। एक अन्य 17 वर्ष 8 माह का नाबालिग भी शामिल है।

आंगन मिलन सेवा संकल्प अभियान के तहत राजीव नगर में तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

नेपानगर। वार्ड क्रमांक 1 राजीव नगर में आंगन मिलन सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरोज मोहासे, छाया गुड़गे, सविता कैथवास और आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ममता उमरिया उपस्थित रहीं। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी मौजूद रहीं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत - पहले दिन - मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं और वृक्षारोपण किया गया। दूसरे दिन - गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। तीसरे दिन - "मेरी कहानी, मेरी सफलता" विषय पर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र राजीव नगर-1 की स्वर्णा नागवंशी, राजीव नगर-2 की सुनीता पगारे, राजीव नगर-3 की लक्ष्मी गज्जाम और सहायिका सुरेखा धाबे, दुर्गा पाटिल, प्रज्ञा मसाने उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन 28 सितंबर को अतिथियों द्वारा महिलाओं और बच्चों को फल एवं मिठाई वितरण के साथ किया गया।



अस्पताल में जागरूकता गतिविधि आयोजित

खण्डवा । विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मंगलवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खण्डवा में हृदय रोगों की रोकथाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता के लिए गतिविधि आयोजित की गई। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि विश्व हृदय दिवस का उद्देश्य लोगों को हृदय के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष की थीम च्ड्डोंट मिस अ बीटज्ज है, जिसका उद्देश्य हर धड़कन को महत्व देते हुए हृदय रोगों की रोकथाम और समय पर उपचार एवं देखभाल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने हृदय की अच्छी देखभाल करनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

न्यूज -कॉलम

बाइक सवार की मौत के बाद कार चालक पर केस



उज्जैन। माकडोन में 23 सितंबर को इलमखेडी फंटा हनुमान चौपाटी ग्राम झलारा मार्ग पर कार क्रमांक एमपी 04 व्हाय एच 7349 के चालक ने बाइक पर सवार शिवनारायण पिता फुंदीलाल शर्मा 65 साल निवासी ग्राम झलारा को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में शिवनारायण की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। सोमवार रात मामले में कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक सवार की जान लेने का प्रकरण दर्ज कर लिया। घटनाक्रम के बाद कार चालक मौके से भाग निकला था। नम्बर के आधार पर कार को जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया जायेगा।

ट्रेक्टर फायनेंस कराने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

उज्जैन। खाचरौद के ग्राम लोहचितारा में रहने वाले राजपूत परिवार के 2 पक्षों में ट्रेक्टर फायनेंस कराने की बात को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष से भोलूराम पिता गोरधनसिंह 19 साल और दूसरे पक्ष से टीकम पिता जोरावरसिंह 35 साल ने अपने परिजनों के साथ मिलकर एक-दूसरे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। विवाद के बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। एक ही परिवार में विवाद का मामला होने पर पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

दराते से हमला किया तो घर में घुसकर दी धमकी

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र के सुभाष मार्ग पर रहने वाले यश पिता पप्पू नाहर और पडोसी ललित पिता राजेश सोलंकी के बीच विवाद हो गया। ललित ने अपने परिवार के साथ मिलकर यश को जाति सूचक शब्द कहे और दराते से हमला किया। यश और उसका साथी अंकित बाथम घायल हो गये। विवाद बढ़ता देख यश ने अपने परिवार और साथियों के साथ मिलकर राजेश के घर में घुसकर लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्ष से घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया।

18 साल का युवक लापता परिवार को अपहरण शंका

उज्जैन। देवासरोड महालक्ष्मी नगर में रहने वाला आदर्श पिता धर्मेन्द्रसिंह राजपूत 18 साल सोमवार शाम को घर से निकला था। उसके बाद देर रात तक नही लौटा, परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, नहीं मिलने पर आधी रात को नागझिरी थाने पहुंचकर उसके लापता होने की जानकारी दी और अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण किये जाने की शंका जताई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। युवक की तलाश में महालक्ष्मी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। मंगलवार शाम तक युवक का कुछ पता नहीं चल पाया था।

तराना में 2 युवक लिख रहे थे सट्टा अंक

उज्जैन। तराना में झंडा चौक पर शाम ढलने के बाद अंधेरे में 2 युवकों द्वारा सट्टा अंक लिखने का काम किया जा रहा था। मामले की सूचना मिलने पर एआई मनोहर पटेल और एएसआई आनंदसिंह झाला टीम के साथ पहुंचे और दोनों युवकों को घेराबंदी कर पकडा गया। उनके पास से सट्टा अंक लिखी पर्ची और लेनदेन के रूपये बरामद किये गये। दोनों के खिलाफ पुलिस ने सट्टा एक्ट अधिनियम की धारा 4-क का प्रकरण दर्ज किया है। दोनों के खिलाफ जल्द न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जायेगा।

जहरीला पदार्थ खाने वाला 2 बच्चों का था पिता

उज्जैन। भैरूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबलाधूता में रहने वाले सीताराम पिता भैरूलाल ने सोमवार का शराब के साथ मिलकर जहरीला पदार्थ गटक लिया था। उसकी अस्पताल लाने पर मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि सीताराम मजदूरी करता था और 2 बच्चों का पिता था। घटना के समय पत्नी मजदूरी पर गई थी। परिजनों का कहना था कि उस पर कोई कर्ज नहीं था ना ही किसी से वाद विवाद था। उसे शराब पीने की आदत पड गई थी। संभवत नशे में उसने आत्महत्या की है।

दिन	147-2	679-2
मेन बाजार	490-3	147-2
कल्याण नाइट	247-3	
मिलन डे	444-2	156-2
मिलन नाइट	899-6	235-0
मधुर डे	158-4	246-2
मधुर नाइट	349-6	690-5
शुभांक	5 2	7

लक्की दरबार ढाबा डबल मर्डर में एक माह से था फरार....

समर्पण करने वाले आरोपी की थाने में बिगड़ी तबीयत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक माह पहले कानीपुरा में डबल मर्डर के मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों ने सोमवार को थाने पहुंचकर समर्पण कर दिया था। रात में एक आरोपी की तबीयत बिगड गई। जिसे पुलिस अभिरक्षा में निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कनीपुरा स्थित मार्ग पर 26 अगस्त की रात लक्की दरबार ढाबा पर करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल दरबार उर्फ विजयप्रताप पिता दिलीपसिंह 42 साल निवासी नीमनवासा और उसके साथी जितेन्द्र उर्फ टम्मू पिता निर्भयसिंह पंवार निवासी उंडासा की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। डबल मर्डर से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले में करणी सेना के पूर्व नगर अध्यक्ष शक्तिसिंह, अर्पित अटल, सोनू बंजारा, अन्ना बंजारा, राकेश बानिया और अन्य के खिलाफ हत्या



का प्रकरण दर्ज कर लिया। घटना के बाद शक्तिसिंह, अर्पित अटल, अन्ना उर्फ अनिल, राघव बैरागी और दुर्गेश उर्फ संजय परमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने 3 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी बाद में कर ली थी। 7 आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। एक माह बाद सोमवार शाम डबल मर्डर में फरार आरोपी सोनू पिता मोतीलाल बंजारा निवासी शंकरपुर और विशाल पिता सांडिया निवासी संजय नगर में चिमनगंज थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पुलिस मंगलवार को दोनों को कोर्ट में पेश करने वाली थी। इससे पहले रात में ही सोनू बंजारा की तबीयत बिगड गई। उसे उपचार के लिये शासकीय अस्पताल से निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां ब्रेक स्ट्रोक की आशंका जताई गई। टीआई विवेक कनोडिया ने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम था। डबल मर्डर में अब भी चार आरोपी शिवेन्द्र सिकरवार, बिट्टू तिवारी, अभिषेक बच्चन और विशाल जाधव फरार है।

श्रवण की शिकायत दर्ज हुआ था केस

लक्की दरबार ढाबे पर हुये डबल मर्डर में मृतकों के दो साथी श्रवण और ढाबा संचालक पप्पू जाट भी घायल हुआ था। पुलिस ने घायल श्रवण की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। हमले के दौरान आरोपियों में शामिल शक्तिसिंह को भी चोंट लगी थी। मृतक करणी सेना से जुडें थे जिसके चलते करणी सेना ने मक्सीरोड पर चक्काजाम करते हुये आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और उनके मकान तोडने की मांग रखी थी।

दूसरे आरोपी का लिया गया रिमांड

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सोनू बंजारा के साथ थाने में समर्पण करने वाले दूसरे आरोपी विशाल सांडिया को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से 2 दिनों की रिमांड पर लेकर एक माह तक फरार रहने के संबंध में पूछताछ करने के साथ फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

शाही मस्जिद मामला- 14 उपद्रवी पुलिस की गिरफ्त में

4 को भेजा गया जेल, सोशल मीडिया पर पुलिस की नजरें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चौडीकरण की जद में शाही मस्जिद का एक हिस्सा तोडने की कार्रवाई सोमवार को शुरू हुई थी। कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया था और सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट कर अशांति फैलाने का प्रयास किया था। 3 थानों की पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा, धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने और कलेक्टर आदेश का उल्लंघन करने के 8 मामले दर्ज किये थे। मंगलवार को 14 उपद्रवियों की गिरफ्तारी कर ली गई। 4 को जेल भेजा जा चुका है।

गोपाल मंदिर मार्ग चौडीकरण में शाही मस्जिद का एक हिस्सा प्रशासन और मस्जिद कमेटी के समन्वय से हटाने का काम किया जा रहा है। इस दौरान सोमवार को कुछ उपद्रवियों ने बबाल कर दिया था। उन्होने पुलिस पर पथराव किया था, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोडे थे और हल्का बल प्रयोग कर सभी को खदेड दिया था। दोपहर बाद मामला शांत हो गया था लेकिन पुलिस एक्शन में आ चुकी थी। खाराकुआ, महाकाल और कोतवाल थाने में शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, पथराव, धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वाली गतिविधियों,



सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने तथा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के उल्लंघन करने के मामले दर्ज कर लिये थे। करीब 35 से अधिक आरोपी सभी मामले में चिन्हित किये और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये। खाराकुआ थाने में 3 प्रकरण दर्ज किये है, जिसमें मंगलवार शाम तक पुलिस 10 को गिरफ्तार किया जा चुका है। महाकाल थाना पुलिस ने 2 मामले दर्ज किये और 4 आरोपियों अब्दुल शाकीर पिता अब्दुल सलाम, निवासी अहमदनगर, अल्तमस पिता साबिर निवासी मीना की चाल, नागझिरी, अरबाज पिता अय्यूब, निवासी बेगमबाग कॉलोनी और वसीम पिता नईम, निवासी यादव कॉलोनी आगर रोड को गिरफ्तार कर लिया। चारों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने शहरकाजी के मकान पर नारेबाजी करते हुये पथराव करने का प्रकरण दर्ज किया है। जिसमें आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

हिरासत में आरोपी

खाराकुआ थाना पुलिस ने 3 मामले दर्ज किये है। जिसमें गिरफ्तार आरोपी अरसद हुसैन पिता सब्बीर, निवासी कोर्ट मोहल्ला, इशान पिता मुबारिक खान, निवासी मिल्कीपुरा, तैय्यब पिता मोहम्मद गनी आगर नाका, सलमान पिता आजाद, अहमद नगर, कासिम पिता रिजवान बेगमबाग कॉलोनी, आशिक पिता इकबाल अब्दुल मसद्दीपुरा, साहिल पिता अब्दुल रसीद खान जयसिंहपुरा, शाबिर पिता अकरम गणेश कॉलोनी जयसिंहपुरा, शेख अल्फेज पिता आशिम गरीब नवाज कॉलोनी और समीर पिता मुबारिक, निवासी शंकरपुर, उज्जैन है।

अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की नजर

पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर लगातार निगरानी रख रही है। सोमवार को सामने आया था कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्टिव रहने वालों ने अफवाह फैलाई थी और सौहार्द्र का बिगाडने का काम किया था। पुलिस द्वारा 5 ऐसे लोगों पर भी प्रकरण दर्ज किया है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि धार्मिक सौहार्द, कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली आपत्तिजनक, भ्रामक और अफवाहजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध उपलब्ध तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

घर के बाहर बैठी युवती का अपहरण



उज्जैन। घर के बाहर बैठी युव का मंगलवार रात 8 बजे एक युवक ने अपहरण कर लिया। वह अपने साथी के साथ कार से आया था। युवती के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक और उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में परिजनों के साथ रात 8 बजे घर के बाहर बैठी युवती को अचानक कार से उतरे एक युवक ने उठाया और कार में बैठा लिया। युवती के परिजनों ने शोर मचाया और उसे छुडाने का प्रयास किया लेकिन युवक के कार चालक साथी कार आगे बडा ली और युवती का अपहरण कर ले गये। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान पता चला कि अपहरण करने वाला ध्रुव नामक युवक है पुलिस ने युवती और उसका अपहरण करने वालों की तलाश में एक टीम गठित कर पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिये। रात 12 बजे तक युवती का पता नहीं चल पाया था। बताया जा रहा है कि युवती का परिवार घर के बाहर अंडे का व्यवसाय करता है। युवती के पिता ड्रायवर है। जीवाजीगंज थाना टीआई प्रतीक शर्मा ने बताया कि मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जल्द युवती को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराकर उन्हे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

खडे ट्रक से टकराया बाइक सवार युवक, मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नागदा जावरा रोड पर सोमवार-मंगलवार रात मोड पर खडे ट्रक में पीछे से बाइक सवार टकरा गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक ट्रक खडा करने का प्रकरण दर्ज किया है।

बिरलाग्राम थाना पुलिस ने बताया कि नागदा जावरा मार्ग बिरीयाखेडी फंटा पर रात 3 बजे के लगभग दुर्घटना में युवक की मौत होने का पता चलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक युवक विकास पिता रामसिंह मीणा 32 साल निवासी शिवपुरा कालोनी रतलाम का रहने वाला है। वह मोड पर खड़े ट्रक में पीछे से टकराया था। रात में ही पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मंगलवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनो का कहना था कि मजदूरी करता था और रात 8 बजे बाइक लेकर घर से निकला था। कहां गया था यह पता नहीं है। पुलिस के अनुसार मामले में ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव रतलाम लेकर गये है।

न्यूनतम तापमान कम हुआ तो अधिकतम बड़ा

उज्जैन। बारिश थमने के बाद मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री की गिरावट और 19 डिग्री दर्ज हुआ। पिछले कुछ दिनों से रात का तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा था। रात के तापमान में आई गिरावट के बाद मंगलवार को अधिकतम तापमान में तेजी दर्ज की गई। शासकीय वेधशाला पर दिन का तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार वर्षाकाल समाप्त होने में एक दिन शेष बचा है। अब बारिश का कोई नया सिस्टम एक्टिवेट होता दिखाई नहीं दे रहा है। जिसके चलते दिन के तापमान में कुछ दिनों तक तेजी आयेगी। रात के तापमान उतार-चढाव बना रहेगा। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 9 इंच बारिश कम हुई है।

रेलवे ने पर्यटकों की मांग को प्राथमिकता दी....

पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन अब सप्ताह में 05 दिन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पर्यटकों एवं यात्रियों की मांग को प्राथमिकता देते हुए रेलवे ने हेरिटेज ट्रेन पातालपानी-कालाकुंड ट्रेन को अब सप्ताह में 5 दिन कर दिया है। अभी तक यह सप्ताह में दो दिन चलाई जा रही थी। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पातालपानी-कालाकुंड रेलखंड अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं मनोरम दृश्यों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा पातालपानी से कालाकुंड के मध्य संचालित गाड़ी संख्या 52965/52966 पातालपानी-कालाकुंड-पातालपानी हेरिटेज ट्रेन के परिचालन दिन में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, यह हेरिटेज ट्रेन 30 सितंबर 2026 से सप्ताह में 05 दिन संचालित की जाएगी। ट्रेन प्रति मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को संचालित होगी। इस प्रकार ट्रेन की सेवा सप्ताह में 05 दिन उपलब्ध रहेगी। इस ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव, कोच कंपोजीशन आदि में कोई बदलाव नहीं किया गया है।इसका परिचालन पूर्वानुसार ही किया जाएगा।

मंगलवार से बुकिंग शुरू-

विस्तारित दिनों की बुकिंग 29 सितंबर 2026 से आरम्भ कर दी गई है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेरिटेज ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशन या परिवार पेंशन मिलने में किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए 15 दिसम्बर, 2026 दिन मंगलवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 है।रेल कर्मचारी जो रतलाम मंडल पर कार्यरत थे और सेवानिवृत्त होकर पेंशन प्राप्त कर रहे हैं या उनके आश्रित पेंशन प्राप्त कर रहे हैं तथा उनके पेंशन में किसी प्रकार की विसंगति है तो उसका निराकरण करने के लिए 15 दिसम्बर 2026, मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रतलाम द्वारा पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस पेंशन अदालत में पेंशन से संबंधित शिकायतें जैसे-पेंशन समय पर नहीं मिलना, पेंशन की राशि घटा/बढ़ा कर दिया जाना, पेंशन किसी कारणवश बंद हो जाना, पेंशन में किसी प्रकार की कटोत्रा किया जाना आदि का निराकरण किया जाएगा। शिकायतों के निराकरण हेतु शिकायतकर्ता अपने साथ सभी आवश्यक कागजात लेकर 15 दिसम्बर 2026 दिन मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित एनेक्सी हॉल में प्रात: 11.00 बजे तक उपस्थित होना पड़ेगा ।

अब शहर की स्वच्छता एवं सेनिटेशन की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ किया जा सकेगा....

देश के प्रगति पहल 50 शहरों में उज्जैन का चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगरीय स्वच्छता एवं सेनिटेशन के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई 'प्रगति 50' पहल में उज्जैन शहर का चयन देश के 50 मॉडल शहरों में किया गया है। इन शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

29 सितंबर 2026 को 'प्रगति 50' पहल का राष्ट्रीय शुभारंभ आवास एवं शहरी कार्य मंत्री भारत सरकार श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में उज्जैन नगर पालिक निगम की ओर से महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए तथा स्मार्ट सिटी कार्यालय में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल उपस्थित रहे।

सिंहस्थ -28 दृष्टिगत उज्जैन की विशेष कार्ययोजना-उज्जैन के चयन को सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों से भी महत्वपूर्ण रूप से जोड़ा गया है। सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए शहर की स्वच्छता एवं सेनिटेशन अधोसंरचना को और सुदृढ़ किया जा रहा है। 'प्रगति 50' का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शहरों में स्वच्छता के वास्तविक एवं परिणाम आधारित मानकों को तेजी से प्राप्त करना है। यह कोई अलग योजना अथवा नया कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के लक्ष्यों को गति देने के लिए तैयार की गई लक्ष्य आधारित विशेष पहल है।

ये होगा फायदा-

-घाटों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। -सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। -ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं को उन्नत किया जाएगा। - श्रद्धालुओं की बढती आवाजाही को दृष्टिगत भीड़ आधारित स्वच्छता व्यवस्था विकसित की जाएगी। -क्षिप्रा नदी की स्वच्छता, उपयोगिता जल प्रबंधन एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन के लिए समन्वित कार्ययोजना पर कार्य किया जाएगा। -सिंहस्थ को 'जीरो वेस्ट इवेंट' के रूप में आयोजित करने तथा 'सर्कुलर सेनिटेशन मैनेजमेंट' की अवधारणा को प्रभावी रूप से अपनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

प्रदर्शन के आधार पर चयन-

'प्रगति 50' के लिए उज्जैन का चयन स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उपलब्ध प्रदर्शन एवं स्वच्छता संबंधी परिणामों के आधार पर किया गया है। इसमें स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन, स्टार रेटिंग, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, रूक्ष्न, कम्पोस्टिंग एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण, उपयोगित जल प्रबंधन सहित विभिन्न स्वच्छता अधोसंरचनाओं की उपलब्धता को प्रमुखता दी गई है।

औसत मन की चाह



क्या समय अकेलेपन और दुख को पोंछ डालता है? क्या वे मन के गहरे तलों में दबे हुए नहीं रह जाते? आपके अचेतन दुख के कारण कहीं यही तो नहीं? अकेलापन आपको पीड़ा नहीं देता, किंतु अकेलेपन की धारणा भय उत्पन्न करती है। आपने अकेलेपन की अवस्था का कभी अनुभव नहीं किया है। आपने सदैव इसकी ओर आशंका और आतंक की दृष्टि से देखा है। आपने हमेशा इससे दूर जाने या इस पर विजय पाने की कामना की है। इस तरह, आप इससे बचते रहे हैं। आप इसके प्रत्यक्ष संपर्क में कभी आए ही नहीं। इसे खुद से दूर रखने के लिए आपने अपने बच्चों के कार्यकलापों, उनकी सफलता में अपना पलायन खोज लिया है। उनकी सफलता आपकी सफलता बन गई, पर सफलता की इस पूजा के पीछे कोई गहरी चिंता नहीं छिपी है?

जिस चीज में आप पलायन करते हैं- रेडियो, सामाजिक गतिविधि, कोई विशिष्ट सिद्धांत, तथाकथित प्रेम आदि- वह सर्वाधिक महत्वपूर्ण बन जाती है। आपके लिए उतनी ही आवश्यक, जितनी शराबी के लिए शराब। कोई स्वयं को सफलता की पूजा में भुला सकता है अथवा किसी प्रतिमा के पूजन में या किसी आदर्श में अपने को खो सकता है; किंतु सभी आदर्श भ्रांतिजनक हैं, और अपने को भुलाने में ही चिंता निहित रहती है। यदि मैं आपको ध्यान दिला सकूं, तो आपके बच्चों की सफलता आपकी पीड़ा का स्रोत रही है, क्योंकि उनके बारे में और अपने बारे में आपको एक अधिक गहरी चिंता है। उनकी सफलता पर आपकी सराहना तथा लोगों से उनको मिली वाहवाही के बावजूद, इस सबके पीछे क्या एक प्रकार की शर्मिंदगी या निराशा नहीं छिपी है? यह पूछने के लिए मुझे क्षमा कीजिए, परंतु उनकी सफलता को लेकर क्या आप गहराई में व्यथित नहीं हैं?

मनुष्य केवल अपने आप में औसतपन से उबर सकता है, और तब शायद औरों के साथ एक भिन्न प्रकार का संबंध रूप ले सकता है। इस बात को जान लेना कि हम औसत हैं, परिवर्तन का प्रारंभ है, है न? एक क्षुद्र मन जब स्वयं के विषय में सजग होने लगता है, तब वह परिवर्तन के लिए, अपने सुधार के लिए व्यग्र होकर कोशिशों में लग जाता है और यह चाह ही औसत है, मामूली है। अहं-सुधार की कोई भी आकांक्षा क्षुद्र है। जब मन यह जान जाता है कि वह औसत है और अपने साथ कुछ नहीं करता, तब यह औसतपन टूटने लगता है। यदि कोई क्षुद्र मन यह महसूस करके कि यह क्षुद्र है, स्वयं को बदलने का प्रयास करता है, तो क्या वह अब भी क्षुद्र नहीं है? बदलने का प्रयास क्षुद्र मन से ही जन्म लेता है, इसलिए यह प्रयास भी क्षुद्र ही है। मन का प्रत्येक कर्म अल्प और सीमित होता है। मन को कुछ करना बंद कर देना होगा, केवल तभी औसतपन का अंत होता है।

सम्पादकीय

हवा जहरीली न हो

राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत में प्रदूषण के चरम दिन फिर आ रहे हैं। इस मोर्चे पर समय रहते दिल्ली और हरियाणा की तैयारी खासतौर पर ध्यान खींच रही है। पराली जलाने पर रोक के लिए हरियाणा ने उपाय किए हैं, तो दिल्ली ने भी व्यापक योजनाओं की घोषणा की है। ध्यान रहे, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में खेतों में खड़े धान के अवशेष को आग के हवाले करके जल्दी से जल्दी अगली फसल की तैयारी की अंधी होड़ शुरू हो जाती है। हर साल उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र में सांस लेना दुश्वार हो जाता है। पराली जलाने की घटनाएं 15 सितंबर के आसपास शुरू हो जाती हैं और इस बार भी शुरू हो गई हैं। प्रदूषण का सबसे घातक समय हम नवंबर के महीने में देखते हैं, जब उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से पर जहरीली धुंध छाई रहती है। जाहिर है, पराली जलाने की गलत परिपाटी को रोकने के लिए सभी संबंधित राज्य सरकारों को ठोस व कठोर कदम उठाने चाहिए।

दिल्ली सरकार ने सोमवार को वायु प्रदूषण को कम करने के लिए जिन उपायों की घोषणा की है, उनकी सराहना होनी चाहिए। समय रहते की गई घोषणाओं का जमीनी असर अवश्य दिखना चाहिए। दिल्ली में निजी वाहनों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए 1 नवंबर से अधिकृत पार्किंग स्थलों पर शुल्क दोगुना कर दिया जाएगा। यह भी स्वागतयोग्य है कि यह दोगुना शुल्क 28 फरवरी 2027 तक ही प्रभावी रहेगा। दिल्ली में मोटर वाहनों की अत्यधिक संख्या अपने आप में बड़ी समस्या है। ऐसे में, पार्किंग शुल्क के ज्यादा होने से निजी वाहनों के इस्तेमाल में कमी आएगी। कार्यालय समय में भी बदलाव किया गया है और कार्यालयों में काम करने वाले कर्मियों की संख्या को आधा करने की तैयारी है। सरकारी और निजी उपक्रमों को निर्देश दिया गया है कि वे 50 प्रतिशत कर्मियों को घर से काम की इजाजत दें। इसके अलावा, धूल उड़ाने वाली तोड़फोड़ की गतिविधियों और बाहरी निर्माण कार्यों को 1 नवंबर, 2026 से 31 जनवरी, 2027 तक प्रतिबंधित करना जरूरी है। इन उपायों को जब ठीक से आजमाया जाएगा, तब लोग साफ हवा में सांस ले सकेंगे। हर नागरिक के लिए स्वच्छ वायु दिल्ली सरकार ही नहीं, देश की हर सरकार के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। बीते दशकों में हमने स्वच्छ हवा के साथ खिलवाड़ करके खुद को मुसीबत में डाला है।

कोचिंग पर निर्भरता घटाने के लिए

अकादमिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में समन्वय अनिवार्य

आज भारत में शिक्षा, रोजगार और करियर निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया पहले की तुलना में अत्यंत प्रतिस्पर्धी हो चुकी है। चिकित्सा (नीट), अभियांत्रिकी (जेईई), कृषि, प्रबंधन और विधि जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाना हो, अथवा उच्च शिक्षा व शासकीय सेवाओं (यूपीएससी , राज्य लोक सेवा आयोग, बैंकिंग, रेलवे तथा सैन्य व अर्धसैन्य बल) में चयन हेतु विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों की कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।?मूल समस्या तब उत्पन्न होती है, जब विद्यालयीन व महाविद्यालयीन नियमित शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी दो अलग-अलग ध्रुवों की भांति दिखाई देने लगती हैं। यही अंतर कोचिंग संस्थानों के समानांतर तंत्र को न केवल फलने फूलने के अवसर देता है, बल्कि उसे सुदृढ़ भी करता है; जिससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। अतः देश एवं राज्यों के शिक्षा विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा शिक्षाविदों के समक्ष यह विचारणीय प्रश्न होना चाहिए कि अकादमिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम, मूल्यांकन-पद्धति तथा अधिगम-प्रतिफलों के बीच एक जीवंत व प्रभावी समन्वय कैसे स्थापित किया जाए?



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं में विद्यार्थियों की कोचिंग पर निर्भरता न्यूनतम करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण मसौदा तैयार किया है। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं का वर्ष में कम से कम दो बार आयोजन करने तथा स्कूली शिक्षकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्यापन हेतु विशेष प्रशिक्षण देने जैसे सुझाव सम्मिलित हैं। इसके साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नों के कठिन स्तर की पुनः समीक्षा करने तथा विद्यार्थियों की वास्तविक शैक्षणिक क्षमता के अनुकूल प्रश्न-पत्र तैयार करने पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

वर्तमान व्यवस्था में 10+2 अथवा स्नातक उपाधि प्राप्त करने के उपरांत जब विद्यार्थी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश या सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं, तो उन्हें प्रायः नियमित पाठ्यक्रम से भिन्न अध्ययन सामग्री, पृथक शिक्षण पद्धति और अलग प्रकार की मूल्यांकन प्रणाली का सामना करना पड़ता है। इस विसंगति से उबरने के लिए अधिकांश विद्यार्थी महंगे कोचिंग संस्थानों की ओर रुख करने को विवश होते हैं। यही स्थिति उच्च शिक्षा, शोध एवं स्नातकोत्तर स्तर की चयन प्रक्रियाओं में भी दृष्टिगोचर होती है।

आज की अधिकांश अकादमिक परीक्षाओं में जहां निर्धारित पाठ्यक्रम और विषयगत ज्ञान का मूल्यांकन प्राथमिक होता है, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में सीमित समय में त्वरित निर्णय, तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक दृष्टि और समस्या-समाधान कौशल का परीक्षण किया जाता है। यद्यपि दोनों व्यवस्थाओं का स्वरूप पूर्णतः एक समान नहीं हो सकता, तथापि उनके मध्य इतना बड़ा अंतराल भी नहीं होना चाहिए कि विद्यार्थी को एक ही विषय को समझने के लिए दो समानांतर प्रणालियों का सहारा लेना पड़े।

आवश्यकता इस बात की है कि विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई जाने वाली विषय-वस्तु की मूल अवधारणाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वांछित दक्षताएं परस्पर तार्किक रूप से जुड़ी हों। यदि विद्यार्थी कक्षा में पढ़ी गई अवधारणाओं को रटने के बजाय तर्क, विश्लेषण और व्यावहारिक अनुप्रयोग के माध्यम से आत्मसात करना सीख जाए, तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उसके लिए अतिरिक्त मानसिक व आर्थिक बोझ नहीं बनेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भी रटने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करते हुए अवधारणा समझ, आलोचनात्मक चिंतन , रचनात्मकता और अनुप्रयोग-आधारित शिक्षण पर विशेष बल दिया है। इस मंशा के अनुरूप संस्थागत परीक्षाओं में केवल स्मृति-आधारित प्रश्नों के स्थान पर केस-स्टडी, आंकड़ो की व्याख्या , प्रयोगात्मक गतिविधियों तथा विश्लेषणात्मक प्रश्नों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सतत मूल्यांकन को मात्र एक औपचारिक प्रक्रिया न मानकर विद्यार्थी की वास्तविक प्रगति और अर्जित क्षमता का पारदर्शी माध्यम बनाना होगा, जिससे परीक्षा केवल ज्ञान के मापन का नहीं, बल्कि सीखने-समझने और कौशल विकास का सशक्त माध्यम बन सके।?इस यथार्थ से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि आज शिक्षा और चयन प्रक्रियाओं में कोचिंग संस्थानों की पैठ इतनी गहरी हो चुकी है कि उन्हें रातों-रात पूरी तरह दरकिनार करना आसान नहीं होगा।यह भी ध्यान देना होगा कि अनेक विद्यार्थी इनसे ही अनुशासित अध्ययन और परीक्षा-केंद्रित मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं—जो कई बार प्रमाण-पत्र एवं उपाधि देने वाले शासकीय व निजी शिक्षण संस्थानों से बेहतर सिद्ध होता है।?ऐसे में वास्तविक चुनौती यह है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसरों की उपलब्धता केवल उन तक सीमित न रह जाए जो महंगी कोचिंग का खर्च उठाने में सक्षम हैं। विशेषकर ग्रामीण अंचल, छोटे शहरों और वंचित वर्गों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना सरकारी तंत्र का नैतिक दायित्व है। इसके समाधान हेतु शैक्षणिक संस्थानों में ही गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, डिजिटल अध्ययन सामग्री, समृद्ध प्रश्न-बैंक , नियमित मॉक टेस्ट और विषय-विशेषज्ञों से संवाद जैसी सुविधाओं को संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए।?इस दूरगामी परिवर्तन में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक निर्णायक है। शिक्षक को केवल पाठ्यचर्या समाप्त कराने वाले माध्यम के रूप में नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशीलता और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने वाले 'मेंटॉर' (मार्गदर्शक) के रूप में स्थापित करना होगा। इसके लिए शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के बदलते स्वरूप से उन्हें अद्यतन रखने हेतु प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने होंगे।

अंतः अकादमिक शिक्षा और चयन प्रणालियों को एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखने के बजाय पूरक के रूप में विकसित करना ही इस सुधार का मूल आधार होना चाहिए। यदि कक्षा-कक्ष में दी जाने वाली शिक्षा विद्यार्थी में अवधारणा स्पष्टता के साथ विश्लेषणात्मक क्षमता का निर्माण करती है, तो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी उसकी स्वाभाविक शैक्षणिक यात्रा का ही हिस्सा बन जाएगी। इससे न केवल कोचिंग पर होने वाला अनावश्यक आर्थिक दबाव कम होगा, बल्कि विद्यार्थियों के कीमती समय की बचत होगी और समाज में अवसरों की समता को बल मिलेगा।

पुराना काठ का सांचा

कस्बे के पुराने लघु उद्योग केंद्र के मुख्य बरामदे में शीशम की लकड़ी का एक भारी और घिसा हुआ सांचा पिछले बीस सालों से कांच की एक पुरानी अलमारी में सजाकर रखा हुआ था। उस सांचे के किनारों पर हाथ से तराशी गई बारीक नक्काशी वक्त की धूल और उपेक्षा से धुंधली पड़ चुकी थी पर उसकी बनावट में एक अद्भुत कलाकारी झलकती थी। उस अलमारी के ठीक बगल में लकड़ी के एक टूटे तख्त पर हर सुबह आठ बजते ही भीखू काका अपनी लाठी टेककर आकर बैठ जाते थे। सफेद सूती धोती और कंधे पर पुराना अंगोछा डाले भीखू काका दिन भर उस काठ के सांचे को अपनी कांपती उँगलियों से निहारते रहते थे। केंद्र में सुबह से ही आधुनिक मशीनों से बने सामानों के स्टॉल लग रहे थे, बड़े-बड़े व्यापारी प्लास्टिक और धातु के खिलौनों के आर्डर बुक कर रहे थे और मंच पर बैठे अधिकारी छोटे कारीगरों की तरक्की पर लंबे भाषण दे रहे थे। उन सूट-बूट पहने अफसरों और नए खरीदारों को उस कोने में बंद काठ के पुराने टुकड़े से कोई लेना-देना नहीं था। केंद्र का पुराना चपरासी रामदीन जब भी चाय की ट्रे लेकर उधर से निकलता तो काका की उस शांत और निश्चल मुद्रा को देखकर सहम जाता था। काका बहुत ही कांपती आवाज में उससे पूछते ₹क्यों रे रामदीन आज लघु उद्योग दिवस के इस जलसे में इस काठ के सांचे की कोई बोली लगी क्या या आज भी सिर्फ मंच पर भाषणों की ताली ही बटोरी जा रही है?₹ रामदीन बस अपनी नजरें झुका लेता और एक ठंडी गहरी साँस भरकर चुपचाप आगे बढ़ जाता था। उद्योग केंद्र में हाल ही में राजधानी के बड़े मंत्रालय से स्थानांतरित होकर आए नए महाप्रबंधक राहुल सक्सेना बहुत ही कड़क, आधुनिक प्रबंधन के विशेषज्ञ और प्रशासनिक नियमों के पक्के अफसर माने जाते थे। राहुल साहब जब भी अपनी चमकती हुई फाइलों के साथ नई मशीनों के स्टॉलों का मुआयना करने निकलते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी कोने में बैठे भीखू काका पर जाकर टिक जाती थी जिनकी आँखें हमेशा उस अलमारी में बंद काठ के सांचे पर जमी रहती थीं।

पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 30 सितंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:18सूर्यास्त 18:13
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि- चतुर्थी 16:28 उपरांत पंचमी
नक्षत्र- भरणी 10:01 उपरांत कृतिका
योग- हर्षण 06:32 उपरांत वज्र 03:46 उपरांत सिद्धि
करण - बालव
चन्द्रमा - मेष मे हे15:43 पर वृषभ मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 17तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं पर काम शुरू करने की ऊर्जा रहेगी। अति उत्साह और तनाव से बचें।

वृषभ- व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी से बचें। परिवार में मांगलिक चर्चा हो सकती है।

मिथुन-प्रेम संबंधों में संवाद बढ़ेगा और भावनाएं स्पष्ट होंगी। रुके आर्थिक मामलों में प्रगति हो सकती है।

कर्क- सहकर्मियों के साथ मिलकर काम करने से फायदा होगा। व्यापार में बड़े निर्णय लेते समय सावधानी रखें।

सिंह- परिवार में धार्मिक गतिविधि की योजना बन सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, खर्च नियंत्रित करें।

कन्या- काम का दबाव बढ़ सकता है, इसलिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें।

तुला- प्रतिद्वंद्वियों से सावधान रहें और जरूरी जानकारी साझा न करें। जीवनसाथी के साथ बातचीत में संयम रखें।

वृश्चिक- बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा। आंखों और मानसिक थकान से बचें।

धनु- नई जिम्मेदारी मिल सकती है और यात्रा का योग बन सकता है।

मकर- व्यापार में रुके काम गति पकड़ेंगे। संतान पक्ष से सकारात्मक समाचार मिल सकता है।

कुंभ- आय के नए अवसर मिलेंगे। मानसिक और शारीरिक ऊर्जा अच्छी रहेगी। वाणी और संवाद शैली से कार्यस्थल पर प्रभाव पड़ेगा।

मीन-व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन अति जोखिम से बचें।

संजा का पाँचवां दिन

संजा-देश काल और परिस्थितियां

संजा के माण्डनों में देश, काल और परिस्थितियों का चित्रण भी देखने को मिलता है। संजा बनाते समय कोट में पांच-पांच पांचों के तीन खाने होते हैं वहीं चौथा खाना खुला रखा जाता है। इधर बायीं ओर चंद्रमा तथा दायीं ओर सूर्य होता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों का अध्ययन करें तो हमारे शरीर की बायीं नाड़ी जिसे ईडा कहा गया है, वह चंद्र से प्रभावित होती है। वहीं दायीं नाड़ी जिसे पिंगला कहते है वह सूर्य से प्रभावित होती है। उस समय भी यह बात तत्कालिन लोगों को ज्ञात थी, यह खास विशेषता है। इधर कोट के अंधर विभिन्न दिनों में बनने वाले अंकनों को लेकर यह बात भी उजागर होती है कि तब और अब में केवल काल का अंतर आया है। परिस्थितियां भी वही है और देश भी वही। तब पंखा था, अब भी है। फर्क मशीनी युग का है। आज भी पाट की प्रासंगिकता है वहीं चौपड़ हो या घेवर, उसका अपना महात्म्य है। संजा के माण्डने में आखिरी दिनों में जो किलाकोट बनाया जाता है, उसमें जहां गोठन होती है वहीं कुम्हार भी रहता है। हल्दी लगानेवाला नाई रहता है वहीं सफाई करनेवाली रानीजी भी रहती है। यह सभी ओर अन्य माण्डने बताते हैं कि उस समय समाज की संस्कृति किसप्रकार की थी।



आज का माण्डना चौथ की चौपड़

संजा पर्व के पांचवे दिन चौथ की चौपड़ बनाई जाती है। यह चौपड़ संकेत होती है कि ससुराल में चूंकि संयुक्त परिवार रहते हैं, ऐसे में किससे कितना बोलना और कितना हिलमिलना चाहिए? परिवार में बताया जाता था कि ससुराल में सांप-सीढ़ि का खेल चलता है व्यवहार में। मीठा बोलो और गम खा लो तो सीधे उंचाई पर नहीं तो पूरा परिवार खिलाफ हो जाता है। हालांकि आज भी यह बात परिवारों में एक सच्चाई के रूप में है। अब संयुक्त परिवार तो टूट गए लेकिन टी.वी.धारावाहिकों में वह सब षड्यंत्र देखने में आ रहा है जो पहले के जमानों में संयुक्त परिवारों में अनेक जगहों पर देखने में आता था। चूंकि परिवार का मुखिया पारदर्शी रहता था तथा उसकी पैनी नजरें और सख्त कदम परिवार को बांधे रखते थे, इसलिए बहुत कुछ बातें रसोई से शुरू होकर शयन कक्ष तक के बीच खत्म हो जाती थी। तब ननंद तो ठीक, देवर भी अपनी से बाज नहीं आते थे। इसी के चलते एक गीत में संजा की सखियां संजा के देवर को जमकर कोसती है, गीत की बानगी कुछ इसप्रकार है-

आज का गीत

म्हारा आंगन में केल उगी, केल उगी
उगजो चौरासी डाली, उगजो चौरासी डाली
म्हारा बीराजी चढ़वा लाग्या, चढ़वा लाग्या
चढजो उंची से डाली, चढजो उंची सी डाली
म्हारा देवरिया चढ़वा लाग्या, चढ़वा लाग्या
चढजो सड़ी सी डाली, चढजो सड़ी सी डाली
म्हारा बीराजी के भूख लागी, भूख लागी
लउं से लाडू ने पेड़ा, लउं रे लाडू ने पेड़ा
म्हारा देवरिया के भूख लागी, भूख लागी
लउं रे सुखा सा टुकड़ा, लउं रे सुखा सा टुकड़ा
म्हारा बीराजी केक तीस लागी, तीस लागी
लउं से झारी ने कलस्या, लउं रे झारी ने कलस्या
म्हारा देवरिया के तीस लागी, तीस लागी
लउं से फूटो से कुल्लड़, लउं रे फूटो सो कुल्लड़
म्हारा बीराजी के नींद लागी, नींद लागी
लउं रे गादी ने तकिया, लउं रे गादी ने तकिया
म्हारा देवरिया के नींद लागी, नींद लागी
लउं रे कांटा ने भाटा, लउं रे कांटा ने भाटा।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

बच्चों के दिमाग को तेज करने में लाभकारी होंगी ये चीजें

बच्चे को शारीरिक और मानसिक रूप से हेल्दी रखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होता है उनका खानपान कैसा है। डाइट एक्सपर्ट बताती हैं कि बच्चों को मानसिक रूप से तेज बनाने के लिए उनकी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए, जो सीधे ब्रेन को भरपूर पोषण देती हों। फैमिलीलॉयर खोजें

इस खबर में हम आपके लिए ऐसे ही 5 चीजों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जो बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए बहुत ही जरूरी माने जाते हैं।


बच्चों को दिमाग बढ़ाने के लिए खिलाएं यह चीजें

हरी सब्जियों का सेवन

तेज दिमाग के लिए पालक, केले, ब्रोकोली और अन्य पत्तेदार हरी सब्जियां सहायक होती हैं। कुछ अन्य सब्जियां जैसे टमाटर भी बेहतर हैं, यहां तक कि ब्लूबेरी, रास्पबेरी और ब्लैकबेरी भी एंटीऑक्सिडेंट से भरे होते हैं, जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

अंडे का सेवन

अंडा भी बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, कोलिन और जिंक होता है। ये सभी पोषक तत्व शिशु की ध्यान लगाने की क्षमता को बढ़ाते हैं। कोलिक एसिटेकोलिन या मेमोरी स्टेम सेल्स बनाने में मदद करता है। इस तरह अंडा खाने से बच्चों की याददाश्त में सुधार आता है।



साबुत अनाज का सेवन

साबुत अनाज बच्चों के दिमाग को निरंतर एनर्जी देता रहता है। ये रक्त वाहिकाओं में ग्लूकोज को धीरे से रिलीज करता है। इससे शिशु के शरीर में दिनभर एनर्जी बनी रहती है। इसमें मस्तिष्क के सही तरह से कार्य करने के लिए जरूरी फोलिक एसिड भी होता है।

ओट्स का सेवन

ओट्स विटामिन ई, जिंक और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स प्रचुरता में पाया जाता है। ओटमील में फाइबर भी उच्च मात्रा में होता है जिससे शिशु के शरीर को एनर्जी मिलती है। बच्चों को नाश्ते में ओट्स खिलाने से मस्तिष्क के कार्यों में सुधार आने में मदद मिलती है। मैटर्निटीपैकेज चुनें

मछली का सेवन

बच्चों का दिमाग तेज करने के लिए मछली जरूरी है। फैटी फिश जैसे कि सैल्मन, ट्यूना और मैकरेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो मस्तिष्क के ऊतकों के ब्लॉक बनाने में मदद करता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड के और भी कई फायदे होते हैं। इससे शिशु के मस्तिष्क के कार्यों और विकास में मदद मिलती है।

धर्म-आस्था

विभिन्न समस्याओं का हल करते बीतता था जीवन

यदि हम विभिन्न धर्म शास्त्रों की माने तो हमें 84 लाख योनियों में परिभ्रमण करने के पश्चात यह देव दुर्लभ मानव भव मिला है। खैर, जो कुछ भी हो। लेकिन एक बात तो तय है कि हम सब अलग-अलग परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं। किसी के हिस्से में दुख ही दुख है तो किसी के हिस्से में सुख ही सुख है। लेकिन यह तो अपनी-अपनी मानसिकता है कि हम वास्तव में दुखी है या सुखी है। दरअसल जमाने में हमसे ज्यादा कोई दुखी भी है और सुखी भी है। इसके चलते बेहतर यही है कि हम अपने वर्तमान से संतुष्ट रहकर स्वर्णिम भविष्य की मनोकामना के साथ अपने-अपने क्षेत्र में प्रबल पुरुषार्थ का परिचय देने के प्रति दृढ़ संकल्पित रहे।



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

वास्तव में यही जीवन दर्शन आकुल-व्याकुल परिस्थितियों से मुक्ति दिलाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। अन्यथा संताप आखिर किसकी जिंदगी में नहीं है ! हर किसी के सामने अपनी अपनी अलग-अलग समस्याएं है। समस्याओं के भी अलग-अलग रूप हैं। आर्थिक, शारीरिक और मानसिक ही नहीं अपितु कल्पित समस्याओं की भी जिंदगी में भरमार है। एक समस्या सुलझी नहीं कि दूसरी समस्या मुंह बाएं आकर खड़ी हो जाया करती है। ऐसा होने पर मेरे दुख दूर हो जाएंगे और वैसा होने पर मेरी जिंदगी में सुख ही सुख आ जाएगा। ऐसी परिकल्पनाएं जब साकार सिद्ध होती है, तत्काल प्रभाव से अन्य समस्याएं हमारी घेराबंदी कर लिया करती है। गरज यह कि हर किसी की जिंदगी में समस्याओं की कभी कोई कमी नहीं होती।

वर्तमान परिस्थितियों से असंतुष्ट रहकर वर्तमान के स्वाभाविक आनंद से भी हम वंचित हो जाते है।आमतौर पर व्यवहार में देखा गया है कि पर पदार्थो में सुख की खोज की जाती है। लेकिन वास्तव में सुख क्या है ? इसका संज्ञान नहीं लिया जाता। दरअसल सुख के तार मन के आनंद से जुड़े रहते है। मानो तो हमारी जिंदगी में दुख ही दुख है और मानो तो हमारी जिंदगी में सुख ही सुख है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि हमारी दृष्टि में दुख की परिभाषा क्या है और सुख की परिभाषा क्या है ? हालांकि न तो दुख का कोई पूर्वनिश्चित पैमाना होता है और न ही सुख का। यदि हम अपनी वर्तमान परिस्थितियों से असंतुष्ट है तो सुख में भी दुख का अनुभव करने लगते हैं।

इसके विपरीत जमाने की नजरों में दुखी होकर भी हम अपने व्यवहारिक जीवन में असीम आनंद की अनुभूति कर सकते है। वास्तव में हमारी अपनी मानसिकता ही हमारे दुखी अथवा सुखी होने का निर्धारण किया करती है। आमतौर पर आर्थिक दृष्टि से विपन्नता या संपन्नता को दुख और सुख का कारण मान लिया जाता है। जबकि व्यवहार में ऐसा बिल्कुल नहीं है। शारीरिक और मानसिक परिस्थितियों की प्रतिकूलता या अनुकूलता भी दुख-सुख का निर्धारण किया करती है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य विशेष परिस्थितियों में भी दुख और सुख की अनुभूति हो सकती है। कुल मिलाकर दुखी होना या सुखी होना इस बात पर निर्भर करता है कि जो हमें प्राप्त है उसे पर्याप्त मानते हैं या नहीं ?

दरअसल अपेक्षाओं का कोई ओर-छोर नहीं होता। यह भ्रम ही होता है कि ऐसा होने पर मैं सुखी हो जाऊंगा और वैसा होने पर मैं और भी अधिक सुखी हो जाऊंगा। मन की यही कल्पनाएं हमें अपने वर्तमान में उपलब्ध सुख की अनुभूति करने में बाधक सिद्ध हुआ करती है। और ... और... और की चाहत में देखते ही देखते जिंदगी लगातार फिसलती ही चली जाती है। जैसा कि कहा जाता है कि ₹ सामान सौ बरस का, पल की खबर नहीं है ₹ ठीक इसी तर्ज पर हमारी हर आती-जाती सांस कब हमसे किनारा कर लेवे, पक्के तौर पर कभी कुछ नहीं कहा जा सकता। ऐसी स्थिति में जीवन दर्शन तो यही होना चाहिए कि जो प्राप्त है वह पर्याप्त है। बहुत स्वाभाविक है कि हम अपने आने वाले कल को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में अग्रसर रहें। यहां तक तो ठीक है, लेकिन वर्तमान से असंतुष्ट रहकर भविष्य निर्माण की परिकल्पना में डूबते हुए जो स्थिति सहज सुलभ है, उसके अनुरूप न जी पाना हमारी अपनी जिंदगी के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं। वास्तव में जितनी बड़ी अपेक्षाएं होगी दुख भी उतना ही बड़ा होगा।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,49,000 रवा- 1,48,700 चांदी-टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

पीएचडी उपाधि मिलने पर प्राची जोशी को दी बधाई



शुजालपुर। शुजालपुर निवासी कर सलाहकार प्रकाश जोशी एवं मनोरमा जोशी की पुत्री प्राची जोशी ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से भौतिकशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्होंने ऊर्जा अनुप्रयोगों के लिए संक्रमण धातु आधारित पदार्थों के संरचनात्मक एवं भौतिक गुण विषय पर शोध कार्य पूरा किया। प्राची ने प्रारंभिक शिक्षा शुजालपुर के रेड रोज स्कूल एवं शारदा स्कूल से प्राप्त करने के बाद होलकर कॉलेज से बीएससी, वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान से एमएससी तथा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से एमफिल की उपाधि प्राप्त की। उनकी उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे सहित समाजजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी।

गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक श्राद्ध-तर्पण एवं पिंडदान अनुष्ठान शुरू



शाजापुर। पितृपक्ष के पावन अवसर पर स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में पूर्वजों की आत्मशांति एवं मोक्ष की कामना के साथ सामूहिक श्राद्ध-तर्पण और पिंडदान के विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु शामिल होकर विधि-विधान से अपने पितरों के निमित्त तर्पण कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह सामूहिक अनुष्ठान सोमवार से शुरू हुआ जो 10 अक्टूबर तक निरंतर चलेगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्राद्ध-तर्पण और पिंडदान की क्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी।

कॉलेज ग्राउंड में रिवॉल्वर लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार



देवास। बागली में पुलिस ने गांधी कॉलोनी स्थित कॉलेज ग्राउंड से एक युवक को अवैध रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई 27 सितंबर को मिली सूचना के आधार पर ऑपरेशन प्रहार के तहत की गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि एक युवक कॉलेज ग्राउंड में हथियार लेकर घूम रहा है। टीम ने मौके पर घेराबंदी कर चापड़ा निवासी रवि उर्फ बदिया (29) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी रिवॉल्वर और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बागली थाने में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम 19 तक सेना को सौंपने के निर्देश

देवास। कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में 27 अक्टूबर से होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हुई। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए कि 19 अक्टूबर तक सभी इंतजाम पूरे कर स्टेडियम सेना को सौंप दिया जाए। रैली 27 अक्टूबर को सुबह 3 बजे शुरू होगी। प्रशासन ने पार्किंग क्षेत्र में पेवर ब्लॉक, परिसर में बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे और प्रवेश व्यवस्था तय की है। परिवहन विभाग रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से अभ्यर्थियों के लिए जरूरत के अनुसार बसें उपलब्ध कराएगा। ठहरने के लिए मंडी धर्मशाला और पुलिस लाइन सहित अन्य स्थानों पर पेयजल और विश्राम की व्यवस्था की जा रही है। स्टेडियम में प्री-पेड कैंटीन, मोबाइल टॉयलेट, सफाई और रोशनी की व्यवस्था होगी। स्वास्थ्य विभाग 24 घंटे एंबुलेंस और मेडिकल टीम तैनात करेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार और कर्नल मोहित जैन मौजूद रहे।

ऑक्सीजन वाली एम्बुलेंस का करना पड़ा 2 घंटे इंतजार 5 साल के मासूम ने तोड़ा दम

बेबस पिता दो घंटे तक गुहार लगाता रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के दावे कागजों में जितने मजबूत दिखते हैं, जमीनी हकीकत उतनी ही बेरहम है। शाजापुर जिला अस्पताल में सिस्टम की इसी सुस्ती और अव्यवस्था की भेंट एक 5 वर्षीय मासूम चढ़ गया। गंभीर हालत में इंदौर रेफर किए गए बच्चे को दो घंटे तक ऑक्सीजन सपोर्ट वाली सरकारी एम्बुलेंस नसीब नहीं हुई। इस बीच निजी एम्बुलेंस चालक ने मजबूरी का फायदा उठाते हुए 8 हजार रुपये की मांग कर दी। सिस्टम और पैसों की इस खींचतान के बीच मासूम हार्दिक जाटव ने इलाज के अभाव में अपने पिता की आंखों के सामने ही दम तोड़ दिया। इस घटना ने एक बार फिर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और 108 एम्बुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

मृतक मासूम हार्दिक के पिता बंटी जाटव ने बताया कि बेटे को पेट दर्द और तेज बुखार की शिकायत के चलते रविवार रात में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बच्चे की हालत गंभीर बताते हुए उसे तत्काल इंदौर रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने स्पष्ट कहा था कि बच्चे को बिना ऑक्सीजन सपोर्ट वाली एम्बुलेंस के नहीं ले जाया जा सकता। इस पर बंटी करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस के लिए इधर-उधर भटकता रहा और गुहार लगाता रहा, लेकिन 108 एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। मजबूर होकर जब एक निजी एम्बुलेंस संचालक से बात की गई, तो उसने इंदौर चलने के लिए 8,000 मांगे। गरीब परिवार के लिए तुरंत इतनी राशि जुटाना संभव नहीं था। आखिरकार सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे जब तक सरकारी एम्बुलेंस अस्पताल पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और मासूम हार्दिक की सांसें थम चुकी थीं।

परिजनों के गंभीर आरोपों के बीच अस्पताल प्रबंधन ने किसी भी तरह की लापरवाही से इनकार किया है। प्रबंधन का कहना है कि बच्चे को जब अस्पताल लाया गया था, तभी उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी और वह डबल निमोनिया से पीड़ित था, जिससे उसे सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही थी। प्रबंधन ने यह भी दावा किया कि अस्पताल लाने से पहले परिजन बच्चे को झाड़-फूंक या किसी अन्य जगह लेकर गए थे, जिससे केस और बिगड़ गया। इस दर्दनाक घटना के बाद अस्पताल परिसर में जहां पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्वास्थ्य विभाग समय पर कॉल करने और गंभीर स्थिति का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आ रहा है। बड़ा सवाल यह है कि यदि डॉक्टरों ने बच्चे को तुरंत रेफर कर दिया था, तो आपातकालीन 108 एम्बुलेंस को पहुंचने में दो घंटे क्यों लगे?

इनका कहना है

मेरे 5 साल के बेटे को डॉक्टरों ने तुरंत इंदौर ले जाने को कहा था, लेकिन बिना ऑक्सीजन वाली एम्बुलेंस में ले जाने से मना कर दिया। मैं दो घंटे तक हाथ-पैर जोड़ता रहा पर सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिली। प्राइवेट वाले ने 8 हजार रुपये मांगे। समय पर एम्बुलेंस मिल जाती तो आज मेरा बेटा जिंदा होता। यहएम्बुलेंस सेवा की सीधी लापरवाही है।

बंटी जाटव, मृतक के पिता

हमारी लापरवाही नही है

बच्चा जब अस्पताल लाया गया था, तब उसकी स्थिति बेहद गंभीर थी। उसे डबल निमोनिया था और सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही थी। अस्पताल लाने से पहले कहीं झाड़-फूंक या अन्य जगह इलाज कराने की बात भी सामने आई है। हमारे डॉक्टरों ने पूरा इलाज किया और 108 एम्बुलेंस के लिए भी तुरंत कॉल कर दिया गया था। अस्पताल की ओर से कोई लापरवाही नहीं बरती गई है।

-डॉ. बी.एस. मैना
सिविल सर्जन, शाजापुर

अपने ही शहर की शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर अब नई पीढ़ी को देंगी समाजशास्त्र का ज्ञान



शुजालपुर। मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर शुजालपुर की बेटी रोहिणी परमार ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 में सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। रोहिणी का चयन समाजशास्त्र विषय में सहायक प्राध्यापक के पद पर हुआ है। रोहिणी, पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता रामचरण परमार की पुत्री हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शुजालपुर से हुई, जबकि उच्च शिक्षा उन्होंने शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर से प्राप्त की। अपने ही शहर की शिक्षण संस्थाओं से शिक्षा प्राप्त कर अब उसी शहर की नई पीढ़ी को ज्ञान देने की जिम्मेदारी हासिल करना उनकी सफ लता को विशेष बनाता है। रोहिणी की उपलब्धि बेटियों की प्रतिभा, परिश्रम और आत्मविश्वास की प्रेरणादायी मिसाल है। उनकी सफ लता से परिवार एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने रोहिणी एवं उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दो सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



शाजापुर। मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा पटवारियों की दो प्रमुख समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सोमवार को जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि स्वामित्व योजना में पटवारियों को निष्पादक के दायित्व से तत्काल मुक्त किया जाए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि स्वामित्व योजना मूलतः पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की योजना है। इसके बावजूद पटवारियों को निष्पादक का दायित्व सौंपे जाने से गंभीर विधिक, तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। योजना में हितग्राहियों की पहचान, दस्तावेजों का सत्यापन एवं स्वामित्व संबंधी विवादों की जिम्मेदारी पटवारियों पर डालना उचित नहीं है। इससे भविष्य में पटवारियों को अनावश्यक कानूनी विवादों एवं विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही आवश्यक नियमों में संशोधन कर 50 वर्ष की आयु सीमा समाप्त कर तथा वरिष्ठता, पात्रता एवं निर्धारित नियमों के आधार पर सभी पात्र पटवारियों को सेवानिवृत्ति तक पदोन्नति का समान अवसर देने की मांग की। मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने दोनों मांगों का शीघ्र एवं सकारात्मक निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का निराकरण नही किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

एचआईवी एड्स, टीबी और यौन रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक



शुजालपुर। मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति शाजापुर के तत्वावधान में एचआईवी एड्स, टीबी एवं यौन रोगों को लेकर सघन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग शुजालपुर से अरुणा परमार एवं जया महेश्वरी ने विद्यार्थियों को इन रोगों के कारण, बचाव एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक विशेष सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य एचआईवी एड्स, टीबी एवं यौन रोगों से संबंधित भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली तथा संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और जागरूकता संदेश को समझा। स्कूल संचालिका रिंकू सोलंकी एवं शिक्षिका उमा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूक रहने तथा प्राप्त जानकारी को अपने परिवार एवं आसपास के लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

गांधी उपवन में दुकानों के प्रस्ताव पर कांग्रेस ने विरोध कर दिया ज्ञापन

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा में कांग्रेस ने गांधी उपवन में दुकानें और सामुदायिक कक्ष बनाने के प्रस्ताव का विरोध किया है। कांग्रेस कमेटी ने डिप्टी कलेक्टर अर्पिता राय को ज्ञापन सौंपकर 21 सितंबर की विशेष बैठक में पास हुए निर्माण संबंधी प्रस्तावों को रोकने और रद्द करने की मांग की।

ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि गांधी उपवन शहर का सार्वजनिक हरा-भरा और खुला क्षेत्र है। बढ़ती आबादी के बीच ऐसे उद्यानों को सुरक्षित रखना जरूरी है।

कांग्रेस ने ज्ञापन में 21 सितंबर की विशेष बैठक के एजेंडा क्रमांक 2 और 3 में पास हुए निर्माण संबंधी प्रस्तावों को तुरंत रोकने और रद्द करने की मांग की। कांग्रेस का कहना है कि दुकानों और स्थायी निर्माण से गांधी उपवन का मौजूदा स्वरूप प्रभावित होगा।

ज्ञापन में कांग्रेस ने नेहरू स्मृति वन के हरे-भरे क्षेत्र के कथित तौर पर कम होने का भी जिक्र किया। कांग्रेस ने गांधी उपवन को सुरक्षित रखने और उद्यान का मौजूदा स्वरूप बनाए रखने की मांग की।

कांग्रेस ने कहा कि अगर निर्माण संबंधी प्रस्ताव लागू किए गए या उन्हें रद्द नहीं किया गया, तो जनहित में लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा।

आगर में पुलिस ने सटोरियों का जुलूस निकाला

'सट्टा लिखना पाप है, पुलिस हमारी बाप है'

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा में कोतवाली पुलिस ने सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एसडीओपी नीलम बघेल के नेतृत्व में बस स्टैंड के तलाई इलाके में हुई। पुलिस ने दबिश देकर आरोपियों को सट्टा लिखते हुए पकड़ा।

स्थानीय लोगों के अनुसार, तलाई क्षेत्र में लंबे समय से सट्टे का कारोबार चल रहा था। इसकी वजह से कई परिवार आर्थिक संकट में आ गए थे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सट्टा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद बस स्टैंड क्षेत्र में उनका जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी कथित तौर पर कह रहे थे, सट्टा लिखना पाप है, पुलिस हमारी बाप है। मौके पर मौजूद लोगों के बीच इस बयान की काफी चर्चा रही। अब इस कार्रवाई के बाद शहर के भोला की बावड़ी, छावनी, घाटी नीचे और झंडा चौक जैसे अन्य इलाकों में भी सट्टे के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठ रही है।

बचपन की दहलीज पर खेल और संस्कारों का संगम

आंगनवाड़ी केंद्रों में गूंजी नन्हे कदमों की धमक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

बड़े स्कूलों की कक्षाओं में कदम रखने से पहले ही नन्हे-मुन्ने बच्चों में आत्मविश्वास जगाने और खेल-खेल में उन्हें आगे बढ़ने की सीख देने का एक खूबसूरत नजारा सोमवार को शहर में देखने को मिला। मौका था आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित खेलकूद और संवाद की विशेष गतिविधियों का, जहां किताबों के बोझ से दूर बच्चों ने खुले आंगन में दौड़ लगाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कभी चम्मच पर नींबू साधते नन्हे हाथ, तो कभी कुर्सी पर सबसे पहले बैठने की होड़ ने केंद्रों के माहौल को किसी उत्सव जैसा बना दिया।

जिले की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 27 से 29 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय विशेष आयोजन ह्यआंगन मिलन सेवाह्ण चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार सशक्त आंगनवाड़ी, समृद्ध बचपन, स्वस्थ समाज की थीम पर आधारित इस अभियान के जरिए पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का संदेश दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक नीलम चौहान के मार्गदर्शन में इन रचनात्मक गतिविधियों को धरातल पर उतारा जा रहा है।

एक साल पुराने लूट-डकैती मामले का खुलासा

चार आरोपी पकड़े गए, 12 लाख रुपए का सामान जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



पुलिस ने एक साल से ज्यादा पुराने लूट और डकैती के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 12 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। इसमें 9.90 लाख रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इन पर 10-10 हजार रुपए का इनाम था।

यह मामला मक्सी थाने के अपराध क्रमांक 202/2025 का है। इसमें सोने का हार, कंदोरा, पायजेब, चांदी के गिलास, सोने की कान की बाली, चेन, अंगूठी, अन्य गहने और 50 हजार रुपए नकद लूटे गए थे। तकनीकी सबूतों से जोगिंदर उर्फ भूरा (34), सावन (23), महेंद्र (23) और विकास (28) को गिरफ्तार किया गया। ये सभी रूलकी कंजर डेरा के हैं। जांच में पता चला कि लूटे गए गहने भूपेन्द्र पिता राजेश हाड़ा (चिड़ावद, देवास) ने बेचे थे, जिनकी मौत हो चुकी है। गहने खरीदने वाले की तलाश जारी है। भूरिया पिता बौदिया हाड़ा (पांडा, देवास) और चेतन पिता छत्तरमल छाड़ी (रूलकी) फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

अकोदिया पहुंची जल-जन और सेवा संकल्प यात्रा

अकोदिया। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मंगलवार को 'जल-जन और सेवा संकल्प' बाइक यात्रा के साथ अकोदिया पहुंचे। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, वाराणसी समेत मध्यप्रदेश के यात्रियों का स्वागत हुआ। इसके बाद यात्रा रानी बड़ोद के चित्रकूट धाम पहुंची, जहां मंत्री परमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के क्षेत्रों को जोड़ने और सेवा भावना मजबूत करने का माध्यम है। भारत की विविधता में एकता और सामूहिक शक्ति ही देश की ताकत है। मंत्री परमार ने स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण पर बात की। पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता जनअभियान बनी। गांवों में तालाबों के संरक्षण से जल संकट निपटा जा सकता है।

सकल हिंदू समाज की व्यावसायिक गरबा करने वालों पर रोक की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में सकल हिंदू समाज ने नवरात्रि के दौरान व्यावसायिक गरबा आयोजनों को अनुमति नहीं देने की मांग की है। मंगलवार दोपहर 1 बजे समाज के प्रतिनिधियों ने महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने ऐसे गरबा कार्यक्रमों को अनुमति नहीं देने की अपील की, जिनमें उनके अनुसार धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप की जगह व्यावसायिक मनोरंजन को प्राथमिकता दी जाती है। समाज ने कहा कि नवरात्रि हिंदू समाज का महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। ज्ञापन में कहा गया कि गरबा को प्रवेश शुल्क और बाजार आधारित आयोजनों के रूप में आयोजित करना धार्मिक भावनाओं के विपरीत है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती संपत बाई सागीत्रा पति ईश्वरलाल जाति धाकड़ उम्र 49 वर्ष निवासी माहत्मा गाँधी मार्ग खाचरोद जिला उज्जैन वाले स्वामित्व व अधिपत्य का मकान सीमा खाचरोद वार्ड क्रमांक 07 मोहल्ला महात्मा गाँधी मार्ग खाचरोद पर स्थित है जिसका नगर पालिका गृह क्रमांक 95 है यह उक्त मकान केनरा बैंक शाखा से एजुकेशन लोन प्राप्त करने हेतु बैंक के पक्ष में बंधक रखे जाने हेतु प्रस्तावित है। यदि उक्त स्वामित्व के बारे में किसी संस्था को हक अधिकार स्वामित्व बंधक विनिमय आदि की किसी प्रकार का कोई अधिकार के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के माध्यम से मेरे पक्षकार के समक्ष 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यलय में अथवा पक्षकार के समक्ष प्रस्तुत करे। दिनांक: 28.09.2026

डी.डी राठी एडवोकेट खाचरोद
मोबा. 9826618187

कार्यालय नगरपालिका परिषद् महिदपुर, जिला उज्जैन

एनआईटी क्रमांक- ई-टेण्डरिंग/2026/2801 — महिदपुर, दिनांक 25.09.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_538750_1 (28-09-2026)	राज्यसभा सांसद निधि अंतर्गत राजपूत समाज धर्मशाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	3 माह 9.80 लाख	2000/- 9800/-	12-10-2026
2	2026_UAD_538752_1 (28-09-2026)	विधायक निधि से दो स्थानों पर डोम शेड का निर्माण कार्य।	3 माह 5.94 लाख	2000/- 5950/-	12-10-2026
3	2026_UAD_538753_1 (28-09-2026)	25 शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य।	3 माह 6.62 लाख	2000/- 6650/-	12-10-2026

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद् महिदपुर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् महिदपुर

गधे के नाम पर बना नर्सिंग सर्टिफिकेट, फोटो भी लगा दी

भोपाल। मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था में लगातार खामियां सामने आ रही हैं। काउंसिल ने स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य सुखवीर सिंह के बाद अब गधे का भी नर्सिंग सर्टिफिकेट बना दिया है। वह भी तब, जब रजिस्ट्रेशन फॉर्म में स्पष्ट जानकारी भरी गई थी। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने काउंसिल की ऑनलाइन व्यवस्था की जांच के लिए यह आवेदन किया था। इसमें आवेदक के नाम में डंकी, फोटो में गधे की तस्वीर, पिता के नाम में डंकी फादर, माता के नाम में डंकी मदर और जाति के कॉलम में एनिमल दर्ज किया गया। पता भी मनमाने तरीके से भरा गया। इसके बावजूद नर्सिंग रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी हो गया। परमार ने इसका वीडियो भी जारी किया है।

टूटे पुल पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने घेरा

भोपाल। मोहन कैबिनेट की बैठक के दौरान खराब सड़कों को लेकर आज मंत्री प्रहलाद पटेल ने लोक निर्माण विभाग के काम पर सवाल खडे कर दिए। मंत्री पटेल ने दमोह कटनी मार्ग को फोरलेन किए जाने के प्रस्ताव के दौरान विभाग की कार्यशैली को घेरते हुए कहा कि गैसाबाद में पुल एक साल से अधिक समय से टूटा हुआ है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। इस पुल के टूटने से वाहनों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सडकों से गुजरना पडता है और भारी वाहनों के कारण ये सडकें भी टूट रही हैं। मंत्री प्रहलाद पटेल के सवाल उठाने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विभाग इसे देखे। इस पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने कहा कि यह पुल जल्दी ही चालू कराने की तैयारी है। इसके लिए विभाग ने बजट का प्रावधान कर रखा है और प्रायरिटी के आधार पर जल्दी ही काम पूरा कराकर चालू किया जाएगा। मंत्री पटेल ने कहा कि पुल टूटे हुए एक साल से अधिक समय हो चुका है।

ग्वालियर आईजी का पद खाली, कल रिटायर हो जाएंगे चंबल कमिश्नर

भोपाल। मोहन सरकार दो माह का समय बीतने के बाद भी ग्वालियर आईजी के लिए अपनी पसंद का आईपीएस अफसर नहीं तलाश पाई है। यह पद दो माह से डीआईजी के पास अतिरिक्त प्रभार में है। इस बीच ग्वालियर चंबल रीजन में चंबल कमिश्नर का पद भी 30 सितंबर को खाली होने वाला है। चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार कल रिटायर होने वाले हैं। यहां भी नए अधिकारी की पदस्थापना का इंतजार है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव की बैठक के बाद अब अफसरों को भी प्रशासनिक सर्जरी का इंतजार है क्योंकि कई अधिकारियों के पास वर्कलोड है तो किसी के पास काम नहीं है। ग्वालियर आईजी अरविन्द सक्सेना 31 जुलाई को रिटायर हो गए थे।

खेतों से मोटर पंप एवं केबल चोरी का पर्दाफाश

8 आरोपियों से मोटर पंप सहित केबल जब्त

दैनिक अवन्तिका » खरगोन



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर पंप चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम गांवसन, सिनखेड़ा एवं बरुड- रोमचिचली क्षेत्र खेतों से चोरी हुए मोटरपंप और केबल मामले का खुलासा किया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 4 मोटर पम्प एवं ग 200 फीट केबल वायर सहित चोरी में इस्तेमाल की गई, तीन बाईक जब्त की है।

थाना बरुड़ पुलिस के अनुसार ग्राम देवनाल्या में 7-8 लड़के मोटर पम्पों को बेचने के लिए पिकअप वाहन की तलाश करने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल टीम मौके पर भेजी। ग्राम देवनाल्या में ग्राम पंचायत भवन के सामने से घेराबंदी कर दबिश दी। यहां 8 लड़कों को अभिरक्षा में लिया। एक विधि विरुद्ध बालक भी शामिल था।

पूछताछ में उक्त मोटर पम्प ग्राम गांवसन, सिनखेड़ा एवं बरुड. रोमचिचली क्षेत्र से चोरी करना कबूल किया। रिकार्ड खंगालने पर इन पंप चोरी के अपराध पाए गए। आरोपियों की निशानदेही पर 4 पनडुब्बी पानी की मोटर पम्प एवं 200 फीट केबल वायर कीमती 1 लाख 24 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 3 बाईक जब्त की है।

इन्हें किया गिरफ्तार

कार्रवाई में शिवम पिता नंदकिशोर उर्फ नंदु निंगवाल, देवगन पिता बोटरसिंह मुजाल्दे, संतोष पिता नंदकिशोर उर्फ नंदु निंगवाल, रमेश उर्फ चैनसिंग पिता नंदकिशोर उर्फ नंदु निंगवाल, जितेन्द्र पिता चन्दरसिंग निंगवाल, रमेश पिता बंशीलाल निंगवाल और सुरेश पिता सीताराम निंगवाल सभी निवासी ग्राम देवनाल्या थाना बरुड़ को गिरफ्तार किया है। एक अन्य 17 वर्ष 8 माह का नाबालिग भी शामिल है।

बड़नगर से इंदौर गुरु क्षमापना एवं मातमौर तीर्थ दर्शन यात्रा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न



बड़नगर। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के तत्वाधान में श्री संघ के सहयोग से एक दिवसीय यात्रा संघ का आयोजन किया गया। आयोजित गुरु क्षमापना एवं मातमौर तीर्थ दर्शन यात्रा धार्मिक उल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में उपस्थित सकल श्री संघ के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गुरुजनों से क्षमायाचना की।

श्री संघ के अशोक छाजेड़, राजेंद्र बरडिया परिषद अध्यक्ष राजकुमार नाहर का बहुमान इंदौर श्री संघ द्वारा किया गया 7 नाहर ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए गच्छाधिपति को बडनगर पधारने की विनती की प्रभावना का लाभ बडनगर श्री संघ ने लिया। यात्रा में श्रद्धा एवं भक्ति का माहौल रहा श्रद्धालुओं ने मार्ग में धार्मिक भजनों एवं मंगल पाठ के जैन अंताक्षरी के साथ यात्रा का आनंद लिया यात्रा संघ ने मातमौर तीर्थ पहुंच कर सेवा पूजा दर्शन किए भक्ति कर आरती के चढ़ावे लेकर आरती उतारी गई। केसर वितरण प्रभावना का लाभ सचित जैन रवि तातेड हेमंत खाबिया राजकुमार नाहर परिवार ने लिया। गुरु क्षमापना पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में क्षमा, विनम्रता और सद्भाव के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। गुरुवर द्वारा बताए गए क्षमा एवं आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलने का प्रण लिया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि तीर्थ दर्शन से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यात्रा को सफल बनाने में शिखर मोदी, अंतरिक्ष जैन, अंकुर खाबिया, प्रीति खाबिया, सहित सभी का सहयोग प्राप्त हुआ। व्यवस्थाओं में सहयोगियों एवं यात्रा लाभार्थियों का आभार हेमंत खाबीया ने व्यक्त किया। यात्रा के समापन पर सभी ने धर्म आराधना, सेवा और सद्भावना के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी महामंत्री सचित जैन ने दी।

बच्चों व महिलाओं को फल वितरित

नागदा। माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सानिध्य में 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक तीन चरणों में आयोजित किए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत 29 सितंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग नागदा शहर के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 21 के केंद्र क्रमांक 50, पाल्या कला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं को फल वितरित किए गए। बच्चों के साथ खेल-खेल में अनौपचारिक शिक्षा एवं स्वच्छता को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष विजय पटेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं श्रीमती मीना मालवीय, हेमकुंवर पवार एवं संगीता चौहान तथा सहायिकाओं श्रीमती शोभा सोलंकी, कल्पना गहलोत एवं पूजा सेन का सम्मान किया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री सुशील कुमार गोयल पिता श्री अशोक कुमार गोयल जाति माली निवासी 110 महारानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 265/4/1 रकबा 0.10 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.10 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 29-09-2026

अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)
तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन
मो. 99265-32350

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 जयराम पिता भागीरथ दत्तक रुपाजी निवासी 116/2 ग्राम खजुरिया रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र) 2- संजीव उर्फ संजय परमार पिता कन्हैयालाल परमार निवासी 42 ग्राम ढाबली पोस्ट मांगल्या तहसील सांवेर जिला इंदौर (म.प्र) 3- अर्जुन परमार पिता कन्हैयालाल निवासी ग्राम खजुरिया रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र) उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 690 रकबा 0.82 हेक्टर प.ह.नं. 86 ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि पर वर्तमान में राजस्व भू-अभिलेख में विक्रेतागण का नाम संयुक्त रूप से जयराम पिता भागीरथ दत्तक रुपाजी का हिस्सा 12 अर्जुन पिता कन्हैयालाल का हिस्सा 4 संजीव उर्फ संजय परमार पिता कन्हैयालाल का हिस्सा 1/4 बहैसियत भूमि स्वामी से दर्ज है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपत्ति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति/कृषि भूमि के अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अंतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 29/09/2026

गुलनाज़ मन्सूरी एडवोकेट
डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन
मो. 9907101111

न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

प्रकरण कमांक 142/2026 विविध

श्रीमती संगीता बाई पति अनिल जाति बंजारा आदि निवासीगण ग्राम व पोस्ट आलाउमरोद तहसील व जिला शाजापुर
वि.
भारती एक्सा. जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड वर्तमान में आई.सी.आई.सी.आई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड

// सूचना-पत्र //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक अनिल नायक पिता धनसिंह नायक की मृत्यु दिनांक 07.04.2020 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद् रूपये 28,70,438-00 (अठ्ठावीस लाख सत्तर हजार चार सौ अडतीस मात्र) आई.सी.आई.सी.आई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा जमा किये गये। अत: मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 23/10/2026 को प्रात: 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन मे प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें। मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 28.09.2026 को जारी किया गया।

(नीरज कुमार प्रजापति)
COMMISSIONER
Employee's Compensation
Labour Court UUAIN (MP)
दिनांक 28-9-26

पुलिस से आरोपी को छुड़ा ले गए

सीधी सीधी जिले में अज्ञात बदमाशों ने ओडिशा पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। 3 गाड़ियों में पहुंचे बदमाशों ने पुलिस की गाडी को घेरकर तीन बार गोलियां चलाईं। बेसबॉल बैट से तोडफोड़ की, फिर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के आरोपी को छुडा ले गए।वारदात रीवा-सीधी सीमा पर छुहिया घाटी में मंगलवार दोपहर करीब 11.30 बजे की है। ओडिशा पुलिस की गाडी के कांच टूट गए। एक टायर में गोली भी लगी है। हालांकि, किसी पुलिसकर्मी के घायल होने की जानकारी नहीं है। बदमाश मैहर की तरफ भागे थे।टीम में 8 पुलिसकर्मी थे, जिनके पास एके-47, पिस्टल समेत अन्य हथियार थे।

दोनों हाथ छोड़कर बाइक पर स्टंट करते दिखे भाजपा एमएलए



शुजालपुर। भारतीय जनता पार्टी के विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह बाइक चलाते समय हैंडल से दोनों हाथ छोडे हुए दिख रहे हैं। जिसका वीडियो आज मंगलवार को सामने आया है। दरअसल, सोमवार को जल जन सेवा रैली कालापीपल से जामनेर जा रही थी। वीडियो में विधायक चंद्रवंशी रैली में कार्यकर्ताओं के साथ बाइक पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने हेलमेट पहना हुआ था। इसी दौरान उन्होंने कुछ देर के लिए दोनों हाथ हैंडल से हटा लिए और हाथ ऊपर उठाकर बाइक चलाते नजर आए। इस दौरान किसी तरह का हादसा नहीं हुआ।

पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-एम.एच.-अ.-26092026-276525
CG-MH-E-26092026-276525
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3- उप - खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5097] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 25, 2026 / आश्विन 3, 1948
No. 5097] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 25, 2026/ASVINA 3, 1948

रेल मंत्रालय
[पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
मुंबई, 25 सितम्बर, 2026

का. आ. 5304 (अ).—केन्द्रीय सरकार ने रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) एवं रेलवे (संशोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा-20'क की उप-धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप-खण्ड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार के रेलमंत्रालय (रेलवेबोर्ड) की अधिसूचना संख्या का. आ. 24 (अ), तारीख 13 जनवरी 2026, जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को मध्यप्रदेश राज्य के उज्जैन जिले में विशेष रेल परियोजना अर्थात "उज्जैन-फतेहाबाद अमान परिवर्तन नाम की विशेष रेलपरियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के आशय की घोषणा की थी।

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा-20'क की उपधारा (4) के अधीन दैनिक सामाचार पत्रों अर्थात अक्षर विश्व, में और अग्निबाण में तारीख 23 जनवरी 2026, को प्रकाशित किया गया था। और सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई आक्षेप प्राप्त नहीं किया गया। धारा 20ड की उपधारा (1) के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है।

अतः अब केंद्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी।

और यह कि केंद्रीय सरकार उक्त अधिनियम कि धारा-20(ड) कि उप-धारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनु सूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमो से मुक्त होकर केंद्रीय सरकार में पूर्णतया निहित हो जाएगी।

अनुसूची

मध्यप्रदेश राज्य के उज्जैन ज़िले में विशेष रेल परियोजना उज्जैन-फतेहाबाद अमान परिवर्तन नाम की विशेष रेल परियोजना के लिये अधिग्रहण की जाने वाली संरचना सहित या संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

ग्राम :- चिंतामण जवासिया

तहसील :- उज्जैन

जिला :- उज्जैन

क्रम संख्या	भूमि स्वामी का नाम	सर्वे नंबर	अर्जित भूमि का रकबा	भूमि का प्रकार निजी/ शासकीय	भूमि की प्रकृति कृषि/ पडत / व्यवर्तित	भूमि सिंचित / असिंचित
1	शरतचंद दत्तक पिता गणुजीपता उज्जैन मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	228	0.4195	निजी	व्यवसायिक	सिंचित
2	गणेश प्रसाद पिता लक्ष्मी नारायण जाती ब्राहमण पता चिंतामण जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी	229/1	0.0040	निजी	व्यवसायिक	सिंचित
3	गणेश प्रसाद पिता लक्ष्मी नारायण जाती ब्राहमण पता चिंतामण जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी	229/2/2	0.0030	निजी	व्यवसायिक	सिंचित
4	गणेश प्रसाद पिता लक्ष्मी नारायण जाती ब्राहमण पता चिंतामण जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी	229/3	0.0010	निजी	व्यवसायिक	सिंचित
5	अशोक पिता रमेशचंद जाती ब्राहमण पता चिंतामण जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी	260/1/1	0.6034	निजी	व्यवसायिक	सिंचित
6	मध्यप्रदेश शासन	213/933	0.0528	शासकीय	पडत	असिंचित
7	श्री राम मंदिर स्थित व्यवस्थापक कलेक्टर महोदय जिला उज्जैन देवस्थान	252	0.0186	शासकीय	कृषि	असिंचित

[फा. सं. ई-504970-06]
धीरज कुमार, मुख्य अभियन्ता निर्माण - IV
0649

In The Court Of II Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: श्री किशन देव सिंह पटेल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
(RCS A/0000450/2025
सुंदरलाल फुलवानी.....वादी
विरूद्ध
अनिता फुलवानी.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 12/10/2026

प्रेषिती- (1) श्रीमती सीमाबाई पति प्रेमसिंह प प्रताप नगर पंवासा मक्सी रोड उज्जैन

यह कि प्रार्थी सुंदरलाल फुलवानी की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र आदेश 1 नियम 10 सहपठित धारा 151 सीपीसी के अधीन प्रतिवादी के 01 लगायत 03 ने वाद के विचाराधीन काल में कृषि भूमि सर्वे क्र.6 नया नंबर 6/1 स्थित ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन कुल रकबा 0.428 हे. में से रकबा 0.214 है. को सीमाबाई पति प्रेमसिंह, आयु-40 वर्ष, निवासी-प्रत्ताप नगर पंवासा उज्जैन को रुपये 3854000/- में दिनांक 12/02/2026 को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रित कर दिया गया है। प्रकरण के वास्तविक एवं अंतिम निराकरण के लिए उपरोक्त क्रेता श्रीमती सीमाबाई पति प्रेम सिंह को प्रकरण में प्रतिवादी क्रं. 6 के रूप में पक्षकार बनाये जाने वाव पत्र के शीर्षक में समाविष्ट करने हेतु उक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। तारीख 22 सितंबर 2026 को मेरे हस्ताशर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
किशन देव सिंह पटेल
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ
खंड जिला उज्जैन मप्र

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती कविता पाटीदार पति श्री मनीष पाटीदार, निवासी- 11/2, केसर बाग कॉलोनी, सेंट पाल स्कूल के सामने, मक्सी रोड़, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 162/1 रकबा 0.130 हेक्टर एवं 163/1/2 रकबा 0.270 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.400 हेक्टर, ग्राम बाडकुम्मेद, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

दिनांक 29/09/2026, उज्जैन

मोनिका सिंह, एडवोकेट
ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन
मो. 98263 42244

जाहिर सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सुमेर पिता आशु जी जाति बंजारा निवासी कृषक ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा अपने हक हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1147/1/2 रकबा 0.24 हैक्टर कुल किता 01 कुल विक्रीत रकबा 0.24 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में होकर उक्त भूमि का सौदा चिठठी के आधार पर क्रय कर भूमि स्वामी ने बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो-

इतिदिनांक 29.09.2026

रितिक वर्मा
सर्विस प्रोवाईडर उप पंजीयक कार्यालय घटिटया
मो. 9993988226

न्यूज-कॉलम

12 लाख की एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

मंदसौर। जिले के भानपुरा भानपुरा पुलिस ने मादक पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ी है। भैंसोदामंडी चौकी प्रभारी धर्मेश यादव की टीम ने बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर आरोपी धीरप लाल मेहर निवासी सादरो का खेड़ा, झालावाड़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 120 ग्राम अवैध एमडी (कीमत 12 लाख रू.) तथा 4.7 किलोग्राम डोडाचूरा (कीमत 9,400 रू.) जब्त किया गया। साथ ही बिना नंबर की हीरो स्पलेंडर बाइक और मोबाइल जब्त कर धारा 8/15, 22, २९ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण में झालावाड़ निवासी भेरूलाल मेहर और उज्जैन निवासी रोशन शर्मा को फरार घोषित कर तलाश शुरू कर दी गई है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से 221 किलो डोडाचूरा जब्त

मंदसौर। गरोठ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोपालपुरा तालाब की पाल पर नाकाबंदी की। इस दौरान पावरट्रेक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 9 कट्टों में भरा 221 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तस्करी में लिप्त एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया, जबकि ट्रैक्टर चालक गोविंद पिता विष्णु (निवासी नारिया बुजुर्ग) मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व २ मोबाइल जब्त कर धारा ८/१५ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

भाजपा ने विधानसभा प्रभारी नियुक्त किये

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम हेतु विधानसभा प्रभारीयों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की की सहमति से की है। उन्होने जावरा हेतु राजेश शर्मा सैलाना हेतु संजय टांक, आलोट हेतु संजय चावडा, रतलाम ग्रामीण हेतु कन्हैयालाल पाटीदार एवं रतलामशहर विधानसभा के लिए प्रहलाद राठौड़ को प्रभारी नियुक्त किया है।कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा रहेंगे ।

बस स्टैंड का रेस्टोरेंट और धानमंडी का स्टोरेज सील

मंदसौर। खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने एसडीएम शुभम पाटीदार के नेतृत्व में बस स्टैंड स्थित चंदन रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। वहां अत्यधिक गंदगी में खाद्य सामग्री बनाई जा रही थी और तेलयुक्त दीवारों के बीच असुरक्षित तरीके से ग्रेवी रखी पाई गई, जिसके बाद रेस्टोरेंट को तुरंत सील कर दिया गया। इसी क्रम में धानमंडी स्थित विष्णु ट्रेडिंग कंपनी के स्टोरेज पर छापा मारा गया। परिसर में भारी गंदगी पाए जाने पर स्टोरेज सील किया गया।

मंदसौर पुलिस ने किया अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश

11 करोड़ रू. से अधिक की ठगी का खुलासा 6 गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर





पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के नेतृत्व में मंदसौर पुलिस ने मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म के जरिए ठगी करने वाले बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में मुख्य सरगना सहित 6 आरोपी गिरफ्तार हुए है। पुलिस ने आरोपियों से 22 एंड्रॉइड फोन, 30 फर्जी सिम, 5 एटीएम कार्ड और विभिन्न खातों में जमा 8 लाख से अधिक की राशि होल्ड (फ्रिज) कराई गई है।

एसपी विनोद कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि शामगढ़ निवासी एक पीड़िता से खुद को एनआरआई बताकर और कस्टम ड्यूटी व पार्सल के नाम पर 7.5 लाख की ठगी की गई थी। फरियादिया को फ्रॉड व्यक्ति द्वारा अपने झांसे में लेकर स्वयं को एनआरआई होना बता कर दिग्भ्रमित करता रहा।

अपने नकली फोटो, नकली परिजनों से व्हाट्सएप्प पर बात करवाना तथा पूर्णतः यह साबित करना कि वो फरियादिया से शादी करने को राजी है। फरियादिया जब पूर्ण रूपेण आश्वस्त ओर प्रलोभित हो गई तब विदेशी गिफ्ट भेजना, गिफ्ट कस्टम द्वारा पकड़ना तथा तरह तरह के सेल्स टैक्स इत्यादि को लेकर कस्टम ऑफिसर के फोन से डरा धमकाकर मोटी रकम वसूल कर ली । थाना शामगढ़ पर धारा 318(4) बी.एन.एस. दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया ।

एसडीओपी दिनेश प्रजापति और शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय की टीम ने डेढ़ महीने की कड़ी तकनीकी जांच के बाद जयपुर (राजस्थान) और अरवल (बिहार) में दबिश देकर गिरोह के सरगना त्रिलोकी कुमार सहित 6 आरोपियों शिवम गुप्ता, बबलू कुशवाहा, गुंजन गुप्ता, शशि कुमार और टोनी कुमार सभी निवासी बिहार को गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आए मुख्य तथ्य अनुसार गिरोह देश भर में 100 से अधिक साइबर वारदातों को अंजाम दे चुका है। ठगी के लिए 150 से अधिक फर्जी बैंक खातों और दिल्ली, आगरा, भोपाल, बिहार से ली गई सिम का इस्तेमाल किया जाता था। आरोपी देश के अलग अलग कोने में बैठकर ठगी का व्यवसाय संचालित करते थे। प्रारम्भिक जॉच में पता चला है कि आरोपी 11 करोड़ से अधिक की राशी की ठगी कर चूके है।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति के लुभावने ऑफर, ऑनलाइन ट्रेडिंग या शादी के झांसे में न आएं। ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी से साझा न करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राईम.गोव.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

पोरवाल समाज ने श्री रामदयाल जी महाराज का जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास, मंदसौर द्वारा राम स्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर, पोरवाल समाज रत्न, 1008 स्वामी श्री रामदयालजी महाराज शाहपुरा धाम का 70वां जन्मोत्सव पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी मन्दसौर पर हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में पूज्यपाद 1008 स्वामी श्री संनिष्ठानन्द सरस्वतीजी महाराज ने कहा कि धन कमाकर हम सुख-सुविधाएं तो प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन सुखी नहीं हो सकते। सच्चा सुख तभी प्राप्त होगा, जब हमारा मन परमात्मा में लगेगा। उन्होंने कहा कि सांसारिक वस्तुओं, जीवों एवं संसार में आसक्ति ही दुख का कारण है। कर्म कीजिए, जीवन यात्रा का भी पालन कीजिए, व्यापार कीजिए, समाजसेवा कीजिए और धन अर्जित कीजिए, लेकिन आसक्ति मत रखिए। भीलवाड़ा रामद्वारा से चातुर्मास कर रहे स्वामी श्रीरामदयाल महाराज को दूरभाष पर बधाई संदेश भेजकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण न्यास अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया ने दिया। वहीं महाराज श्री का परिचय पूर्व अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया ने प्रस्तुत किया। इस दौरान राजकुमार अग्रवाल, शिवानी लोट एवं फेनी जैन ने सुमधुर राम भजनों की प्रस्तुति दी।

महिला मंडल द्वारा जन्मोत्सव पर सभा स्थल को आकर्षक रंगोली एवं भगवान श्रीराम की सुंदर आकृति से सजाया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सेठिया ने किया तथा आभार ट्रस्ट सचिव जगदीश काला ने माना।

कांग्रेस की भ्रम और झूठ की राजनीति बेनकाब, चुनाव आयोग के बयान से सच आया सामने- भाजपा जिलाध्यक्ष पं. दीक्षित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर उनका अपमान करने के कृत्य का कड़ा विरोध करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि राजनीतिक असफलता का ठीकरा कांग्रेस और विपक्ष लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रहा है। कैबिनेट सेक्रेटरी को भेजे गए पत्र को लेकर भी भ्रम फैलाया गया, जबकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि यह पत्र किसी नीतिगत विषय या एसआईआर से संबंधित नहीं था, बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली का आंतरिक मामला था। श्री दीक्षित ने कहा कि चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो चुका है, इसलिए लोकतंत्र की मयार्दा लांघने और भ्रम फैलाने के लिए राहुल गांधी को देश से माफी मांगकर इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी एंटी-बीजेपी नहीं, बल्कि एंटी-नेशनल बातें करते हैं। केरल और हिमाचल में सत्ता मिलने पर कांग्रेस को एसआईआर से कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन अन्य राज्यों में वह बेबुनियाद सवाल उठाती है। इससे उसकी दोहरी मंशा उजागर होती है। कांग्रेस को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि देश की जनता उसे बार-बार क्यों नकार रही है।

जीरन में सेवा संकल्प अभियान में नुक्कड़ नाटक से योजनाओं का किया प्रचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले की जीवन नगर पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के प्रचार हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया द्य नगर परिषद द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन जीरन शासन के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत अभियान का उद्देश्य जनसेवा ,जन भागीदारी, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार- प्रसार एवं स्वच्छता सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा सेवा एवं विकसित भारत के संकल्प से अधिकाधिक नागरिकों को जोड़ने हेतु नगर परिषद जीरन के तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । जिसकी प्रस्तुति संस्था एम. आई. एम. ई. सोसायटी द्वारा किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के २५ वर्षों में चलाए गए सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में दक्षिण मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश तावरे, पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि एल्डरमेन ,नगर परिषद जीरन के नप अधिकारी व कर्मचारी व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया । योजनाओं के प्रचार के साथी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया गयाद्य

थ्रेशर में सोयाबीन,उड़द निकालते समय रखे सावधानी

पिपलीयामंडी।थ्रेशर से सोयाबीन,उड़द के साथ ही अन्य फसल निकालते समय कई हादसे होते है थोड़ीसी असावधानी या जल्दबाजी में अभी तक कई मोते हो चुकी है। मंगलवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता भेरूपप्पू गुर्जर,रितेश भारद्वाज आदि ने खेतो में जाकर थ्रेशर मशीन से सोयाबीन निकाल रहे किसानों से चर्चा की।शर्मा ने किसानों को पुष्पमाला व गुलाब के फूल भेंट कर कहा कि सोमवार को सीतामऊ थाना क्षेत्र के दीपाखेड़ा के युवा किसान दिलीपसिंह पिता पिता भंवरसिंह की खेत पर सोयाबीन की फसल निकालते समय अचानक थ्रेशर मशीन में उनका हाथ चला गया और मशीन की तेज रफ्तार ने उनका पूरा शरीर ही थ्रेशर ने अंदर खिंच लिया और मौके पर ही उनकी मृत्यु होगई।इस प्रकार के हादसे कई बार होचुके है इसलिए पूरी सावधानी के साथ थ्रेशर में फसल डाली जाए और जहां तक हो वहां तक महिलाओं को इससे दूर ही रखा जाय क्योकि साड़ी के कारण भी कई महिलाएं थ्रेशर मशीन में आकर मौत के मुंह मे चली गई है इसलिए पूरी सावधानी के साथ फसल निकालने का काम करे।

सीमेंट फैक्ट्री के पास झारखंड के मजदर का शव मिलने से फैला आक्रोश

नीमच। नसीराबाद हाईवे स्थित ग्राम सराहना के समीप निर्माण अधीन सीमेंट प्लांट के समीप एक युवक का शव मिलने से साथी मजदूर कर्मियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मिली जानकारी अनुसार कैट थाना क्षेत्र के सकराना स्थित गोल्ड क्रिस्ट सीमेंट फैक्ट्री के पास सोमवार को झारखंड के 26 वर्षीय मजदुर चंदन कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। इस सूचना के बाद साथी मजदूरों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए शव को फैक्ट्री के रास्ते पर रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए 30 लाख रूपए मुआवजे की मांग की गई । पुलिस ने समझाइश देकर मामला मामला शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक युवक चंदनकुमार पिता अरविंदकुमार भुइया, निवासी ग्राम अंधारी - बागकला, झारखंड करीब पांच - दिन पहले ही नीमच आया था। साथियों के अनुसार रविवार रात वह बिना बताए खेमे से चला गया। रातभर तलाश करने ने के बाद भी उसका पता नहीं चला। सोमवार सुबह परिजन उसके लापता होने की शिकायत की। साथी मजदूर पंकज कुमार ने आशंका जताई कि फैक्ट्री में काम के दौरान ऊपर से कोई वस्तु गिरने से चंदन गंभीर रूप से घायल हुआ।



न्यूज कालम



आंगन मिलन कार्यक्रम का पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र महावर ने किया शुभारंभ

पिपलिया मंडी। मध्यप्रदेश महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह ,सेवा संकल्प के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम वार्ड नंबर 6,7,8,9 व केंद्र क्रमांक 6,7,8,9,10,11 का संयुक्त कार्यक्रम केंद्र क्रमांक 8 पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया । जिसमें बच्चों के पोषण पर विशेष रूप से जोर दिया गया । बच्चों को फल भी वितरित किए गए । इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र महावर,पार्षद धापू भाई कोहली, सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद थे।

विश्व हृदय दिवस पर कलेक्टरेट में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



मंदसौर। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कलेक्टरेट परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. द्विवेदी के साथ शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में कलेक्टरेट कर्मचारियों के साथ-साथ जनसुनवाई में आए नागरिकों का बीपी, शुगर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें हृदय को स्वस्थ रखने संबंधी परामर्श दिया गया।

दिवंगत प्रभा जैन के लायंस क्लब के माध्यम से हुए नेत्रदान



मंदसौर। कर सलाहकार संघ मंदसौर के संरक्षक सी. एम. जैन की पुत्रवधू श्रीमती प्रभा जैन के निधन पर जैन परिवार ने शोकाकुल घड़ी में भी मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। उनके पति रमेश जैन एवं परिजनों डॉ. सुरेश जैन, सी.ए. दिनेश जैन ने लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से दिवंगत का नेत्रदान करवाया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने सम्मानपूर्वक नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रिया संपन्न कराई। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल, सचिव मयूर सुराना, सी.ए. विकास भंडारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और जैन परिवार के इस प्रेरणादायी निर्णय की सराहना की।

खेत पर छुपाकर रखे 175 किलोग्राम अवैध मादक डोड़ाचुरा पुलिस ने पकड़ा

नीमच। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ के विरुद्ध लगातार कार्यवाही का जारी हैद्य जिसमे थाना कुकड़ेश्वर ने पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश द्वारा मादक पदार्थ तस्करो एवं नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला नीमच राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं अअपु मनासा श्रीमती शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी कुकडेश्वर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा ग्राम हनुमंतिया में खेत पर रखा कुल 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित दो आरोपीयों को पकडने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 26 सितम्बर को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर ग्राम हनुर्मातिया स्थित बलवंत पिता रतनलाल रावत उम्र 48 साल निवासी ग्राम हनुमंतिया के खेत पर से आरोपी बलवंत रावत तथा उसके साथी हरिसिंह पिता बगदीराम रावत उम्र 45 साल निवासी ग्राम हनुमंतिया के संयुक्त कब्जे से कुल 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोड़ाचुरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए जप्त कर उक्त आरोपीगणों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है । सराहनीय भूमिकाः- उक्त कार्यवाही में पुलिस टीम थाना कुकड़ेश्वर का सराहनीय योगदान रहा।

सौम्या उथरा को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान

महिदपुर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर, उज्जैन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महिदपुर विकासखंड के सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा सौम्या जितेश उथरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महिदपुर का नाम गौरवान्वित किया। सौम्या ने अपनी ओजस्वी एवं प्रभावशाली वाणी से निर्णायकों, अतिथियों और श्रोताओं को प्रभावित किया। उनकी शानदार प्रस्तुति पर सभी ने सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महिदपुर से प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किशोर परमार के नेतृत्व में सहभागिता की।

ज्ञानेश कुमार को हटाने को लेकर आज विरोध मार्च

सारंगपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ द्वारा 30 सितंबर को एक विशाल विरोध मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन निर्वाचन कार्यालय तक निकाला जाएगा, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की निष्पक्ष जांच कराने और मतदाता सूची में हुए बदलावों की व्यापक स्वतंत्र समीक्षा की मांग की जाएगी। कार्यक्रम के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतिया ने बताया कि यह जिला स्तरीय विरोध मार्च राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

आईटीआई छात्र का ओमान में 12 लाख के पैकेज पर चयन



सारंगपुर। कैरियर प्राइवेट आईटीआई सारंगपुर के छात्र दुर्गेश चंद्रवंशी का जिंदल स्टील ओमान में 12 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ है। दुर्गेश चंद्रवंशी राजेश चंद्रवंशी निवासी ग्राम गुलावता ने वर्ष 2025 में कैरियर प्राइवेट आईटीआई सारंगपुर से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण पूर्ण किया था। इसके बाद आगे की ट्रेनिंग के लिए मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के सहयोग एवं मार्गदर्शन से दुर्गेश का भोपाल स्थित सिग्लोबल स्किल पार्क में चयन हुआ। ग्लोबल स्किल पार्क में प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद दुर्गेश का जिंदल स्टील, ओमान में 12 लाख रुपए के पैकेज पर चयन हुआ। दुर्गेश की इस उपलब्धि से उसके परिवार एवं कैरियर प्राइवेट आईटीआई सारंगपुर में खुशी का माहौल है। 2

जन अभियान परिषद् द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम



शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नमो सेवा, अनकही कहानियां कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम मोहन बडोदिया, बेरछा, भैसरोद, रंथभंवर आदि में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं एवं परामर्शदाताओं के सहयोग से विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न सामाजिक विषयों पर नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता सहित विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया जा गया। साथ ही कलाकारों एवं विद्यार्थियों द्वारा रोचक संवाद, अभिनय एवं संदेशों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

बिना अनुमति खोदे गड्ढे, सैकड़ों घरों में पानी का संकट

ब्रजनगर में पोल लगाने के लिए खोदे गड्ढे से जल वितरण लाइन फूटी, पेयजल आपूर्ति प्रभावित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शहर के ब्रजनगर कॉलोनी में विद्युत पोल लगाने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान जल वितरण की लाइन फू टने से सैकड़ों उपभोक्ताओं के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया। सोमवार को कॉलोनी में निर्धारित जलापूर्ति का दिन होने के बावजूद नलों में पानी नहीं आया। खास बात यह है कि क्षेत्र में वैसे ही दो दिन के अंतराल से तीसरे दिन जलापूर्ति होती है। ऐसे में निर्धारित दिन पानी नहीं मिलने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। सोमवार को दिनभर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने के लिए कोई काम नहीं होने से मंगलवार को भी घरों तक पानी पहुंचना मुमकिन नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार ब्रजनगर कॉलोनी में विद्युत वितरण कंपनी की ओर से केन्द्र सरकार की योजना आरडीएसएस पुर्नगठित वितरण क्षेत्र योजना तहत पोल लगाने का कार्य एक निजी एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। इसी कार्य के लिए सड़क किनारे गड्ढे खोदे जा रहे हैं। खुदाई के दौरान जल वितरण की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। इसके बावजूद सोमवार को न तो क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत की गई और न ही खुदाई वाले स्थान पर पाइपलाइन को सुरक्षित करने की कोई कार्रवाई नजर आई।

मामले में एक और गंभीर पहलू यह सामने आया कि विद्युत कार्य के लिए गड्ढे खोदने से पहले संबंधित निजी एजेंसी द्वारा नगर पालिका से अनुमति नहीं ली गई। नगर क्षेत्र में सड़क किनारे खुदाई जैसे कार्यों के लिए संबंधित विभाग से समन्वय और



आवश्यक अनुमति का प्रावधान है ताकि पहले से मौजूद पेयजल एवं अन्य भूमिगत लाइनों को नुकसान से बचाया जा सके। इसके बावजूद बिना अनुमति खुदाई किए जाने से जल वितरण लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा।

दूसरी ओर पोल लगाने वाली निजी एजेंसी के असिस्टेंट इंजीनियर मनोज कुशवाह से अनुमति के संबंध में पूछे जाने पर उनका कहना था कि सड़क के साइड में गड्ढे खोदे जा रहे थे, इसलिए उनकी ओर से अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

एक ही क्षेत्र में विद्युत पोल लगाने के लिए खुदाई और नगर पालिका की जल वितरण व्यवस्था के बीच समन्वय का अभाव सामने आने से सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि खुदाई से पहले संबंधित विभागों के बीच समन्वय किया जाता तो जल वितरण लाइन को नुकसान से बचाया जा सकता था। अब इसका खामियाजा उन सैकड़ों परिवारों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें निर्धारित दिन भी नलों से पानी नहीं मिल सका।

जिम्मेदारी को लेकर अलग-अलग जवाब

मामले को लेकर नगर पालिका के अधिकारियों की जानकारी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जब नगर पालिका सीएमओ ओम त्रंबकेश्वर मिश्रा से चर्चा की गई तो उन्होंने ब्रजनगर कॉलोनी में जलापूर्ति प्रभावित होने अथवा जल वितरण लाइन फू टने की जानकारी नहीं होने की बात कही। वहीं लोक निर्माण शाखा के महेश बिजानिया ने बताया कि नियमानुसार गड्ढा खोदने के लिए अनुमति लिया जाना चाहिए था, लेकिन संबंधित एजेंसी ने अनुमति नहीं ली। अनुमति संबंधी प्रक्रिया विद्युत कंपनी के स्तर पर होने की बात उन्होंने कही।



कृष्ण कुंज कॉलोनी में गार्डन सौन्दर्यीकरण की मांग का दिया सीएमओ को आवेदन

तराना। नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित कृष्ण कुंज विहार कॉलोनी में प्रवासियों गार्डन में पसरी और व्यवस्थाओं के कारण परेशान है इस समस्या के चलते सोमवार को द्वारा नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र मेहता को आवेदन सोपा है।आवेदन में बताया कि कॉलोनी में स्थित गार्डन की वर्तमान स्थिति में अच्छी नहीं है। गार्डन में कुछ आवश्यक कार्य करवाने की आवश्यकता है। गार्डन का उपयोग कॉलोनी के बच्चों, बुजुर्गों एवं समस्त रहवासियों द्वारा किया जाता है। गार्डन की दीवार की मरम्मत, दीवारों पर रंग-रोगन,. गार्डन की साफ-सफाई एवं नियमित रख-रखाव गार्डन में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, नया / उचित गेट लगवाना गार्डन की आवश्यक अन्य मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य संपूर्ण कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए।उपरोक्त कार्य होने से गार्डन स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर बनेगा तथा कॉलोनी के रहवासियों को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान रहवासी दिनेश शर्मा, दीपक जोशी, ब्रम्हानंद पाटीदार तुषार नागर नरेन्द्र निगम सहित रहवासी उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर बड़ौद में शहीद भगतसिंह जयंती मनाई



बडौद। स्थानीय सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में शहिद भगतसिंह जयंती मनाई गई । कार्यक्रम का शुभारंभ वीर भगतसिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलीत कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता जंगबहादुरसिंह राजपूत रहें। अतिथि परिचय ईश्वर शर्मा एवं अतिथि स्वागत दिनेश भावसार ने किया । मुख्य वक्ता ने शहिद भगतसिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की उन्होने देश के आजादी के लिए 13 वर्ष की उम्र से ही ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ संघर्ष शुरू किया युवाओं मे देशभक्ति जगाने के लिए उन्होने नौजवान भारत सभा की स्थापना की एवं देश की आजादी के लिए शहिद हुए। पश्चात दस दिवसीय गणेशोत्सव में आयोजित प्रतियोगिता मुर्ती निर्माण , रांगोली , स्वरचित कविता , फुल-पत्ति माला निर्माण , चित्रकलॉ , वंदे मातरम् , गीत , एकल भजन , पेपर क्राप्टींग , पुजन थाली सजाओं आदी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी छात्र/छात्राएं को संस्था प्राचार्य नारायणसिंह मल्डावदिया द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त आचार्य/दीदी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर शर्मा ने किया एवं आभार वरिष्ठ आचार्य मुकेशराव धुले ने माना।

परमार्थ मानव सेवा संस्था के हड्डी रोग शिविर में 384 मरीजों ने लिया लाभ

वडोदरा के प्रख्यात चिकित्सकों ने दी सेवाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मानव सेवा के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए परमार्थ मानव सेवा संस्था द्वारा आयोजित विशाल निःशुल्क हड्डी रोग परामर्श एवं परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में स्थानीय क्षेत्र सहित इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, शाजापुर और भोपाल जैसे अनेक जिलों से आए 384 गंभीर व जटिल हड्डी रोग से ग्रसित मरीजों का वड़ोदरा से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन परीक्षण कर उन्हें उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर का विधिवत शुभारंभ



आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि वडोदरा के प्रख्यात वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. व्रजेश भाई शाह, उनकी विशेषज्ञ चिकित्सक टीम सहित संस्था पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया गया।

प्रातः 10:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक अनवरत चले इस सेवा महायज्ञ में डॉ. व्रजेश शाह एवं उनकी टीम ने घुटने, रीढ़ की हड्डी, जोड़ों के दर्द और पुराने फ्रैक्चर जैसी जटिल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों की बारीकी से जांच की। शिविर की विशेषता यह रही कि संस्था की ओर से सभी मरीजों को परामर्श के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयां और आवश्यकतानुसार एक्स-रे जांच की सुविधा भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई गई।

गरुड़ गोपाल मंदिर में भागवत कथा का समापन, कथावाचक का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



जवाहर मार्ग स्थित श्री गरुड़ गोपाल मंदिर में सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया । जांगड़ा पोरवाल समाज द्वारा आयोजित कथा के समापन अवसर पर समाजजनों ने भागवत जी की पोथी एवं लड्डू गोपालजी का पूजन कर शोभा यात्रा निकाली । ढोल ढमार्को के साथ निकले चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।

शोभायात्रा जवाहर मार्ग से श्री रणजीत हनुमान मंदिर चैक बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची । जहां पोरवाल समाज एवं महिला मंडल की ओर से कथा व्यास पंडित कुलदीप शर्मा एवं मंदिर के पुजारी पंडित गोविंद मुखिया का पुष्पमाला पहनाकर शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । अंत में प्रसादी के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ । श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ विश्राम के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अरुण चौधरी, सचिव प्रदीप पोरवाल, राजकुमार पोरवाल, अनिल चौधरी, दिलीप पोरवाल, प्रहलाद पोरवाल, सुरेश पोरवाल, अशोक पोरवाल, उमेश चौधरी, विजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में पोरवाल महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

पदोन्नति की उम्र सीमा हटाओ

पटवारी संघ ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाजापुर ने पटवारियों की दो प्रमुख समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलनात्मक कदम उठाने की चेतावनी भी दी है।

संघ ने पहली मांग स्वामित्व योजना में पटवारियों को निष्पादक के दायित्व से तत्काल मुक्त करने की रखी है। संघ का कहना है कि स्वामित्व योजना मूल रूप से पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की योजना है। इसके बावजूद पटवारियों को निष्पादक का दायित्व सौंपे जाने से विधिक, तकनीकी और व्यावहारिक स्तर पर कई समस्याएं सामने आ रही हैं। योजना के तहत हितग्राहियों की पहचान, दस्तावेजों के सत्यापन और स्वामित्व से जुड़े विवादों की जिम्मेदारी पटवारियों पर डाले जाने से भविष्य में उन्हें कानूनी विवादों और विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

संघ ने शासन से नियमों में आवश्यक संशोधन कर वरिष्ठता, पात्रता और निर्धारित मापदंडों के आधार पर सभी पात्र पटवारियों को सेवानिवृत्ति तक पदोन्नति का समान अवसर देने की मांग की है। पटवारी संघ जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने कहा कि दोनों मांगों का शीघ्र और सकारात्मक निराकरण नहीं किया गया तो प्रदेश के पटवारी संवैधानिक एवं संगठनात्मक रूप से आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

50 वर्ष की आयु सीमा समाप्त करने की मांग

दूसरी मांग पटवारी संवर्ग की पदोन्नति में लागू 50 वर्ष की आयु सीमा समाप्त करने की है। संघ के अनुसार इस सीमा के कारण वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी और वरिष्ठ पटवारियों को पदोन्नति के अवसर से वंचित होना पड़ रहा है। साथ ही लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग भी रखी गई।

सेवा संकल्प अभियान ओर मन की बात के तहत आगनवाडी केंद्र पर हुआ कार्यकम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



सेवा संकल्प के तहत वार्ड नम्बर 06 6/2व 7में स्थित आगनवाडी केंद्र पर कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम का उद्देश्य आगनवाडी केंद्रों के माध्यम से संचालित जन कल्याण कारी गतिविधियों को गति देनाहै तथा बच्चों महिलाओं एवं वार्ड शहर के वासियों तक शाशन की योजनाओं ओर सेवाओ की जानकारी पहु चाना है

कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नम्बर 6के भाजपा पार्षद मोहसिन खान रहे और वीडियो के जरिये आगनवाडी कार्यकर्ता और ओर वार्ड की महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनाई

वार्ड पार्षद मोहसिन खान द्वारा आगनवाडी केंद्र और विवशता ओ एवम विभिन्न गति विधियों की जानकारी ली गई तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ एवम सहायिकाओं की सराहना की गई।

काली घाटी के राजा का चल समारोह निकला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नगर में गणेश उत्सव की धूम के बीच रविवार को काली घाटी के राजा का भव्य चल समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

यह भव्य आयोजन श्री शिव बाल भैरव मित्र मंडल, बड़नगर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किया गया था। मंडल के कार्यकताओं द्वारा कई दिनों से इसकी तैयारी की जा रही थी।

काली घाटी के राजा की आकर्षक झांकी जैसे ही मुख्य मार्ग से निकली, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गणपति बप्पा मोरया और काली घाटी के राजा की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समारोह में मित्र मंडल के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। अंत में महाआरती पश्चात भगवान का विसर्जन हुआ।

शिवगर्जना पथक बना आकर्षण का केंद्र

चल समारोह का मुख्य आकर्षण पुणे की तर्ज पर बना शिवगर्जना ढोल ताशा पथक रहा। भगवा वस्त्रों में सजे दर्जनों युवाओं ने जब एक साथ ढोल-ताशों पर थाप दी तो पूरा नगर शिवगर्जना से गूंज उठा। ढोल की थाप पर युवा टोली जमकर थिरकी।

खेतों में सोयाबीन कटाई का काम जोरों से जारी बाजारों में छाया सन्नाटा



महिदपुर रोड । कृषि उपज में प्रमुख खरीफ फसल सोयाबीन की कटाई का काम इन दोनों जोर-जोर से जारी है किसान स्थानीय मजदूरों आदिवासी अंचल से लाए हुए मजदूर परिवारों के साथ-साथ हार्वेस्टर सोयाबीन की कटाई में लगे हुए हैं किसानों से मिली जानकारी के अनुसार तेज धूप में खेतों में खड़ी फसल कोई यदि समय रहते नहीं सहेजा गया तो सोयाबीन की फसल की फलियां कड़ी धूप में खुलकर खेतों में बिखरने की संभावना बनी रहती है । इधर सोयाबीन की कटाई में किसान परिवार के बच्चों महिलाओं तथा मजदूरों द्वारा किया जाये कार्य में सहयोग करने के चलते बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है यात्री बसों में भी गिनती के यात्री सफर कर रहे हैं रोजाना मजदूरों को भुगतान करने के लिए किसान स्थानी अनाज खरीद विक्रेताओं तथा कृषि उप मंडी में गीली नमी युक्त सोयाबीन विक्रय करने के लिये लेकर आ रहे हैं। उप मंडी प्रभारी चंदर लाल परमार ने बताया उपमंडी में नीलामी के लिये अपनी सोयाबीन के उपज लेकर आ रहे किसानों को व्यापारियों द्वारा नगद भुगतान किया जा रहा है। मंडी प्रभारी परमार के अनुसार मंडी व्यापारियों द्वारा सोयाबीन उपज की गुणवत्ता के अनुसार के किसानों से मंडी नीलामी में उनकी सोया बीन 5250 से 5400 प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी गई मंडी में सोमवार को 500 बोरी सोयाबीन किसान नीलामी के लिये लेकर आये।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



महिदपुर रोड । नगर के शासकीय चिकित्सालय में सोम वार को सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासकीय चिकित्सालय उज्जैन से रक्त दानियों का रक्त दानियों का रक्त लेने के लिये ग्रामीण अंचलों में एंबुलेंस लेकर जाने वाली मेडिकल स्टाफ की टीम ने 12 रक्तदानियों से रक्त प्राप्त किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदानियों को प्रमाण पत्र वित रित किये गये शिविर में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित वर्मा डॉक्टर गुरुचरण कौर सलूजा तथा अन्य चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को फल फ्रूट प्रदान किये गये।

पीजी कॉलेज में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी के मार्गदर्शन, प्रशासनिक अधिकारी प्रो. मीनू गिडवानी और सेवा संकल्प अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना वर्मा के दिशा निर्देशन में सोमवार को आयोजित हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. श्वेता चौहान ने



बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्रथम चरण चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिरोमणी सरिया, द्वितीय स्थान पर यशिका अस्ते, तृतीय स्थान पर सलोनी चंदेल और ममता परमार रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आस्था मालवीय, द्वितीय स्थान अंशा कारपेंटर, तृतीय स्थान पर कौशल्या पुष्पद रहीं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाही की। प्रशासनिक अधिकारी प्रो. मीनू गिडवानी ने सेवा संकल्प अभियान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही नोडल अधिकारी अर्चना वर्मा ने अभियान के तहत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में रोहित कराड़ा प्रथम स्थान, कृष्णपाल सिंह द्वितीय स्थान और आस्था मालवीय तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियंका राठौर प्रथम स्थान, अनुज राठौर द्वितीय स्थान, मायका सिसोदिया तृतीय स्थान पर रहे। दोनों प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई।

विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरीत किए

इस दौरान विजेताओं को मंचासीन अतिथियों ने प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया। चित्रकला प्रतियोगिता के पोस्टर का अवलोकन प्राचार्य डॉ.तिवारी सहित आईक्यूएससी प्रभारी डॉ. अरूण कुमार बोडाने, डॉ. आर.सी चौहान ने किया। प्रतियोगिता का संचालन समिति के सदस्य डॉ. दिलीप माहेश्वरी और डॉ. शिवराजसिंह राठौर ने किया।



महिलाओं में हेयर फॉल और हार्मोनल असंतुलन का कनेक्शन

महिलाओं में बालों का झड़ना सिर्फ सुंदरता पर असर नहीं डालता, बल्कि यह हार्मोनल असंतुलन का संकेत हो सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, एंड्रोजन, पीसीओएस, थायराइड, एस्ट्रोजन की कमी और कोर्टिसोल जैसे हार्मोनल बदलाव हेयर फॉल का कारण बनते हैं।

महिलाओं में बालों के झड़ने की समस्या सिर्फ सुंदरता पर असर नहीं डालती है, बल्कि यह शरीर के अंदरूनी स्वास्थ्य समस्या का भी संकेत हो सकता है। ऐसे में जब महिलाओं के बाल बहुत ज्यादा झड़ने लगते हैं तो न सिर्फ उनका आत्मसम्मान कम होता है, बल्कि इसे नजरअंदाज करना भी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। डॉक्टर्स का मानना है कि है हेयर फॉल की समस्या सिर्फ शैम्पू या तेल की गड़बड़ी या सही हेयर केयर रूटीन फॉलो करने के कारण नहीं, बल्कि हार्मोनल असंतुलन के कारण भी हो सकता है।

महिलाओं में किन हार्मोनल असंतुलन के कारण हेयर फॉल होता है?

हार्मोन्स हमारे शरीर के केमिकल मैसेंजर हैं, जो बालों के ग्रोथ साइकिल को सीधे कंट्रोल करते हैं। जब शरीर में हार्मोन्स का संतुलन बिगड़ता है, तो बालों के फॉलिकल्स सिकुड़ने लगते हैं और बाल पतले होकर झड़ने लगते हैं।

महिलाओं में बालों का झड़ना हमेशा जेनेटिक्स, उम्र बढ़ने के कारण या सही हेयर केयर रूटीन फॉलो न करने के कारण नहीं होता है। हार्मोनल बदलाव भी बालों के बढ़ने के साइकिल को प्रभावित कर सकते हैं और बालों को पतले होने या ज्यादा झड़ने का कारण बन सकते हैं।



एंड्रोजन और डीएचटी का बढ़ना

एंड्रोजन आमतौर पर मेल हार्मोन के रूप में जाना जाता है, लेकिन यह महिलाओं के शरीर में भी कम मात्रा में बनता है। जब महिलाओं में एंड्रोजन का लेवल बढ़ता है तो यह डाईहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन में बदल जाता है।

इसके कारण बालों के फॉलिकल्स से चिपक जाता है और उन्हें छोटा और कमजोर कर देता है। इसे फीमेल पैटर्न बाल्डने या एंड्रोजेनिक एलोपेसिया के रूप में जाना जाता है। इसमें स्कैल्प के बीच के हिस्से की मांग चौड़ी होने लगती है और बाल पतले हो जाते हैं।


पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम

आज के समय में युवा महिलाओं और टीनएजर्स में हेयर फॉल का सबसे बड़ा कारण बनता है। ओवरीज (अंडाशय) में एंड्रोजन हार्मोन का ज्यादा उत्पादन होने लगता है। इसके कारण स्कैल्प से बाल तेजी से झड़ते हैं और पतले होते हैं, जबकि इसके विपरीत चेहरे, ठुड्डी और शरीर पर अनचाहे मोटे बाल उगने लगते हैं।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, महिलाओं में होने वाली आम हार्मोनल समस्याओं में से एक पीएससीओ, दुनिया भर में बच्चे पैदा करने की उम्र वाली लगभग 10 से 13% महिलाओं को प्रभावित करता है। ढउडर से जुड़े एंड्रोजन के हाई लेवल भी बालों के झड़ने का कारण बन सकते हैं। बालों का पतला होना उन महिलाओं में ज्यादा साफ दिख

वजन उठाने से कैसे मजबूत होती हैं हड्डियां?

हड्डियों की कमजोरी से परेशान हैं, तो कुछ आसान वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल कर सकते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाने और स्ट्रेंथ को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। जानें स्टेप्स और फायदे।



जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इससे फ्रैक्चर और चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। हड्डियों को कैल्शियम, वटिामनि डी, प्रोटीन के साथ-साथ एक्सरसाइज की भी जरूरत होती है। खासतौर पर, वजन उठाने वाली यानी वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज। इन एक्सरसाइज से हड्डियों पर कंट्रोल तरीके से दबाव पड़ता है और बोन हेल्थ सुधरती है। ऐसा दबाव के खलिाफ काम करने के कारण होता है। वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज को करते समय जब मांसपेशियां, हड्डियों पर दबाव डालती हैं, तो हड्डियों की क्षमता बेहतर होती है और वह मजबूत बन सकती हैं। साथ ही, इन एक्सरसाइज से बोन्स, संतुलन और शरीर का तालमेल सुधरता है जिससे चोटिल होने का खतरा भी कम होता है। हालांकि, शुरू में ज्यादा वजन उठाने से बचना चाहिए और केवल डॉक्टर की सलाह पर ही वजन उठाने वाली एक्सरसाइज करनी चाहिए।

एक लेख के मुताबिक, रेजिस्टेंस एक्सरसाइज में ताकत और संतुलन पर जोर दिया जाता है। ज्यादातर वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज रेजिस्टेंस एक्सरसाइज हो सकती है। इससे मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाने और शरीर की स्थिरता को बेहतर करने में मदद मलिती है। वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज के अलावा, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की मदद से बोन डेंसिटी में होने वाली कमी से बचने में मदद मिल सकती है।



बॉडीवेट स्क्वैट्स

फायदे- इस एक्सरसाइज को करके पैरों और हिप्स की मांसपेशियों को मजबूत बना सकते हैं। शरीर का संतुलन बेहतर करने में मदद मिलती है। मांसपेशियां मजबूत बनने से गिरने का खतरा कम होता है।

कैसे करें- पैरों को कंधों की चौड़ाई के बराबर खोलकर खड़े हो जाएं। धीरे-धीरे घुटनों को मोड़ें और हिप्स को ऐसे नीचे लाएं, जैसे कुर्सी पर बैठे हों। इसके बाद दोबारा खड़े हो जाएं। शुरू में सहारे के लिए कुर्सी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों को घुटनों की दिशा में ही रखें।

Sport

4X400 मीटर विमेंस रिले रेस में सोना जीता, गुलवीर की हैट्रिक; लगातार छठी बार भारत के 50 मेडल

भारत को एशियन गेम्स में छठा गोल्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने एशियन गेम्स के 4७400 मीटर महिला रिले रेस में गोल्ड जीत लिया है। टीम ने 3 मिनट 29.69 सेकेंड में रेस पूरी की। इसके साथ ही एशियन गेम्स में भारत को 6 गोल्ड मिल गए हैं। मंगलवार को भारतीय टीम ने एशियन गेम्स में लगातार छठी बार 50 मेडल का आंकड़ा भी पार किया। एशियन गेम्स हर 4 साल में होते हैं और 2006 से भारत हर बार 50 या ज्यादा मेडल जीत रहा है। इससे पहले गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वे 10 हजार और 1500 मीटर में सिल्वर जीत चुके हैं। वे मेडल की हैट्रिक करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने। इधर, नीरू ढांडा ने विमेंस ट्रैप शूटिंग में गोल्ड जीता। 10 दिन पहले फ्लू की वजह से अस्पताल में भर्ती रहीं नीरू इस इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। जब नीरू फ्लू की वजह से हॉस्पिटल में एडमिट थीं, तो 5 दिनों तक कुछ खा-पी नहीं पाई थीं। तब उनके कोच ने उन्हें बीमारी भुलाकर अपना सब कुछ झोंक देने के लिए प्रेरित किया था। जीत के बाद नीरू ने कहा, मनशेर सर ने बस यही कहा कि जो हुआ उसे भूल जाओ और निशाने पर ध्यान लगाओ, और मैंने वही किया।



भारत को 5वां गोल्ड मिला, शूटिंग में दूसरा

यह भारत का एशियन गेम्स 2026 में 5वां गोल्ड है। यह व्यक्तिगत स्पर्धा का पहला गोल्ड है। शूटर्स ने भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। पहला गोल्ड पिस्टल शूटिंग के मिक्स्ड इवेंट में आया। इससे पहले 8 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल दिला चुके हैं। शूटिंग में अब तक 14 मेडल आ चुके हैं। भारत ने 4x100 मीटर मिक्स्ड रिले में 41.06 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज जीता। चीन 40.78 सेकेंड के साथ गोल्ड और थाईलैंड 40.87 सेकेंड के साथ सिल्वर रहा। गुरिंदरवीर सिंह ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई, स्नेहा ने लय बनाए रखी। अनिमेष को थाईलैंड के बूनसन ने पीछे छोड़ा, लेकिन आखिरी लेग में हरिता ने बेहतरीन दौड़ लगाकर भारत को पोडियम तक पहुंचाया।

नैनो न्यूज

- **पारवीन फाइनल में पहुंचीं अब-** भारतीय मुक्केबाज पारवीन हूडा ने 65 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की ली शु को 5-0 से हराया।
- **धाक्शिणेश्वर प्री क्वार्टरफाइनल पहुंचे-**भारत के धाक्शिणेश्वर सुरेश ने इंडोनेशिया के गुनावान को हराकर एशियन गेम्स टेनिस पुरुष एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।
- **तीरंदाज क्वार्टरफाइनल में पहुंचे-** भारत के धीरज बोम्मदेवरा और नीरज चौहान ने पुरुष रिकर्व तीरंदाजी के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। नीरज ने कोरिया के किम जे-डियोक को हराया।
- **महिला स्क्वैश टीम क्वार्टरफाइनल में-** भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने ईरान को 3-0 से हराकर पूल सी में शीर्ष स्थान हासिल किया और क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।
- **भारत क्रिकेट सेमीफाइनल पहुंचा-**एशियन गेम्स पुरुष क्रिकेट में बारिश से भारत-अफगानिस्तान मुकाबला रद्द हुआ। बेहतर रैंकिंग के कारण भारत सेमीफाइनल में पहुंच गया।
- **भारत पाक सेमीफाइनल खेलेगा अब-**एशियन गेम्स क्रिकेट के सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से गुरुवार को होगा। बारिश के कारण दोनों टीमों का पिछला मैच रद्द हुआ।
- **कोहली ने फिर शतक जमाया-** विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में नाबाद 139 रन बनाए।

रोहित बोले- कोहली के साथ खेलना मजेदार

टीम को लेकर हमारी सोच एक जैसी, दोनों का लक्ष्य 2027 वर्ल्ड कप जीतना है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



2027 वनडे वर्ल्ड कप विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए आखिरी कठउ टूनार्मेंट होगा। रोहित ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे वनडे से पहले जियोस्टार से बातचीत में कोहली पर बात की है।

रोहित ने कहा- ह्यजब से हमने शुरूआत की थी, तब से अब तक कुछ नहीं बदला है। मैदान पर खुद को पेश करने के मामले में हम दोनों अलग हैं। टीम को लेकर हमारी सोच लगभग एक जैसी है। हमारा लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना है।' रोहित ने बताया कि दोनों के बीच वर्ल्ड कप की अहमियत पर चर्चा नहीं होती। उन्होंने कहा- ह्यहमारे बीच चर्चा इस बात पर होती है कि हम क्या कर सकते हैं।ह्ल

उन्होंने कहा- ह्यजब हम साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो चर्चा होती है कि किस गेंदबाज पर हमला करना है, किससे सिंगल लेना है और क्या करना है।ह्ल रोहित ने कहा- 'कोहली इतने सालों से खेल रहे हैं। 2027 वर्ल्ड कप हो या 2023 वर्ल्ड कप, उन्हें कुछ समझाने की जरूरत नहीं है। वर्ल्ड कप, वर्ल्ड कप होता है।' उन्होंने कहा- ह्यहमें टूनार्मेंट जीतना है, सीरीज जीतनी है और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है। हमें यह भी देखना है कि हम किन खिलाड़ियों की मदद कर सकते हैं।'

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

किराए से देना है
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंदपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

धार में पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा

धार। नौगांव पुलिस ने जेतपुरा गांव में अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गौतम उर्फ मच्छर को देशी पिस्टल और मैग्जीन के साथ पकड़ा। पुलिस ने उसके साथी लक्ष्मण भूरिया को भी आरोपी बनाया है। पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, 28 सितंबर को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जेतपुरा में फन एंड फूड होटल के पास एक युवक अवैध पिस्टल लेकर घूम रहा है।

मालीवाड़ा की जमीन ग्रीन बेल्ट में डालने पर आपत्ति

धार। मालीवाड़ा क्षेत्र की जमीन को मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट और कंजर्वेशन जोन में शामिल करने के विरोध में मंगलवार को सकल पंच फूल माली समाज के सैकड़ों लोग जिला पंचायत पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने जनसुनवाई में कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपकर निजी जमीन को इन जोन से हटाकर आवासीय क्षेत्र में शामिल करने की मांग की। समाज के अनुसार मालीवाड़ा में कई परिवारों की निजी जमीन है, जिस पर छोटे किसान और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार खेती व अन्य काम करते हैं। जमीन ग्रीन बेल्ट में शामिल होने से भविष्य में इसके उपयोग में दिक्कत आने की आशंका जताई गई।

मतदान से पहले पीठासीन अधिकारी की तबीयत बिगड़ी

झाबुआ। झाबुआ जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 6 के उपचुनाव से एक दिन पहले बूथ क्रमांक 102 के पीठासीन अधिकारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। पॉलिटेक्निक कॉलेज झाबुआ में पदस्थ 47 वर्षीय दयाराम गजराज चौहान अपने निर्धारित बूथ पर पहुंच चुके थे। सोमवार शाम करीब 6 बजे उनके सीने में तेज दर्द उठा और ब्लड प्रेशर काफी बढ़ गया। स्थिति को देखते हुए सेक्टर प्रभारी उप निरीक्षक वेस्ता सोलंकी ने तुरंत उन्हें अपने वाहन से रानापुर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉ. राजेश बारिया की देखरेख में उनका इलाज शुरू किया गया।

चार महीने से नहीं मिला मध्यान्ह भोजन का पेमेंट



धार में महिलाएं खुद के पैसों से बनाकर खिला रहीं खाना, स्व सहायता समूह जनसुनवाई में पहुंचा

धार। जिले में महिला स्व सहायता समूह महासंघ की महिलाएं मंगलवार को जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर राजीव रंजन मीना को एक ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने पिछले चार महीने से रुके मध्यान्ह भोजन और साझा चूल्हा योजना के भुगतान की समस्या से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि उन्हें मध्यान्ह भोजन, साझा चूल्हे की राशि और रसोइयों का मानदेय समय पर नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद वे अपने निजी पैसों से बच्चों को भोजन उपलब्ध करा रही हैं। महंगाई के कारण किराना सामान के दाम बढ़ गए हैं, जिससे पुरानी दरों के हिसाब से भोजन बनाने में भारी परेशानी हो रही है। दुकानदारों ने भी अब सामान उधार देना बंद कर दिया है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्राथमिक स्कूल में प्रति बच्चा 10 रुपए और मिडिल स्कूल में 15 रुपए करने की मांग रखी है। इसके साथ ही उन्होंने रसोई बनाने वाली महिलाओं को स्थायी करने और उनका मानदेय 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रति माह करने की मांग की।

नैनो न्यूज

- **इंदौर बाजार में मांग बढ़ी-** सितंबर में देश की कारोबारी गतिविधियां तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंचीं। घरेलू मांग मजबूत रहने से इंदौर कारोबारियों को भी उम्मीद बढ़ी।
- **त्योहारी बिक्री में ऑटो सेक्टर-** त्योहारी सीजन में वाहन खुदरा बिक्री बढ़ी है। इंदौर के ऑटो कारोबार में भी कार, दोपहिया और व्यावसायिक वाहनों की मांग बढ़ने की उम्मीद है।
- **इंदौर व्यापारियों ने उठाई आवाज-** यूपीआई एमडीआर के विरोध में शहर के 125 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने नो-यूपीआई डे मनाकर शुल्क व्यवस्था पर आपत्ति जताई।
- **डिजिटल भुगतान पर बढ़ी चिंता-** इंदौर के बाजारों में व्यापारियों ने यूपीआई क्यूआर कोड हटाकर प्रस्तावित शुल्क के खिलाफ विरोध जताया। कारोबारियों ने लागत बढ़ने की भी चिंता बताई।
- **कारोबार में घरेलू मांग मजबूत-** सितंबर के शुरूआती कारोबारी आंकड़ों में घरेलू मांग मजबूत दिखाई दी। इसका असर विनिर्माण और सेवा क्षेत्र से जुड़े कारोबार पर भी देखा गया।
- **ऑफिस बाजार में किराये बढ़े-** देश के प्रमुख कारोबारी बाजारों में कार्यालय किराये और लीजिंग गतिविधियां मजबूत रहीं। इंदौर में भी गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक जगहों की मांग बनी हुई है।
- **आईटी क्षेत्र में जगह बढ़ी-** इंदौर के व्यावसायिक बाजार में आईटी कंपनियों और स्टार्टअप गतिविधियों से कार्यालय क्षेत्र की मांग बढ़ रही है।
- **सुपर कॉरिडोर पर बढ़ा कारोबार-** सुपर कॉरिडोर में आईटी पार्क और मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं के विस्तार से आसपास व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना बनी है।

एमजीएम में फर्स्ट ईयर एमबीबीएस छात्रों से रैगिंग की शिकायत, एनएमसी ने 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

रात 1.30 बजे जूनियर छात्रों को बाहर बुलाने की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर एमबीबीएस छात्रों से रैगिंग की शिकायत सामने आई है। नेशनल मेडिकल कमीशन के एंटी-रैगिंग सेल को की गई शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी गई है।

शिकायत में प्रथम वर्ष के छात्रों ने आरोप लगाया है कि रात करीब 1 से 3 बजे के बीच सीनियर छात्र उनके हॉस्टल में पहुंचे और कमरों के दरवाजे खुलवाने के लिए लगातार पीटते रहे। डर के कारण छात्रों ने दरवाजे नहीं खोले।

शिकायत के मुताबिक उस समय हॉस्टल में सुरक्षाकर्मी मौजूद था, लेकिन उसने सीनियर छात्रों को अंदर आने से नहीं रोका। आरोप है कि सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों को बाहर बुलाने का भी प्रयास किया।



ब्लॉक-6 में रहते हैं फर्स्ट ईयर के छात्र

जानकारी के अनुसार घटना हॉस्टल के ब्लॉक नंबर छह में हुई। यहां फर्स्ट ईयर के विद्यार्थी रहते हैं और नियमों के मुताबिक सीनियर छात्रों का इस ब्लॉक में प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बावजूद सीनियर छात्रों के प्रवेश को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं।

10 दिन में रैगिंग का दूसरा मामला- एमजीएम मेडिकल कॉलेज में करीब 10 दिन के भीतर रैगिंग से जुड़ा यह दूसरा मामला है। इससे पहले एमटीएच अस्पताल में एक पीजी छात्र ने रैगिंग की शिकायत की थी। मामले में जांच कमेटी गठित की गई थी और एचओडी को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद नया ड्यूटी रोस्टर भी बनाया गया है। हालांकि, इस रोस्टर में रात के समय केवल एक डॉक्टर की ड्यूटी लगाए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

छात्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि गणपति उत्सव के दौरान उन्हें एक मीटिंग के लिए बुलाया गया था, जहां उनके मोबाइल फोन ले लिए गए थे। शिकायत में रैगिंग से जुड़े नियमों और हाईकोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

कॉलेज में रैगिंग को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। सितंबर में 2024 बैच के 109 विद्यार्थी हॉस्टल में रहने आए थे। रैगिंग से परेशान होने के बाद इनमें से करीब 50 छात्रों के हॉस्टल छोड़ने की बात सामने आई थी। प्लीज हेल्प मी नाम से बनाए गए एक्स अकाउंट के जरिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रैगिंग का मामला सामने आया था। अक्टूबर 2025 में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रथम वर्ष की पीजी छात्रा ने चार सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा ने चार महीने में 22 किलो वजन कम होने और उपचार के लिए एमवाय हॉस्पिटल में भर्ती होने की बात कही थी।

एंटी-रैगिंग कमेटी ने बुलाई बैठक, छात्रों के बयान होंगे

शिकायत मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने संबंधित हॉस्टल की सीसीटीसी फुटेज निकलवाने और मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। सोमवार को एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें फर्स्ट ईयर के सभी विद्यार्थियों को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया। प्रबंधन अब ब्लॉक नंबर छह में लगे सीसीटीसी कैमरों की उस रात की फुटेज की जांच करेगा। शिकायत में घटना का समय रात 1 से 3 बजे के बीच बताया गया है। फुटेज में यदि कोई सीनियर छात्र हॉस्टल में प्रवेश करता या छात्रों को बुलाने का प्रयास करता नजर आता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर में बिजली कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन, एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

मनमानी और अवैध वसूली का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के बांक पंचायत इलाके में कई कॉलोनियों में बिजली की समस्याओं, आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली और अधिकारियों की अनदेखी को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया।

लोगों ने अपनी मांगों को लेकर हफ्तेभर का अल्टीमेटम दिया है, जिसके बाद बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सिरपुर जोन विद्युत वितरण कंपनी के ऑफिस के बाहर कांग्रेस नेता सरफराज अंसारी, शादाब पटेल, और शहजाद बाबा ने विभागीय कार्यप्रणाली पर कड़ा आक्रोश जताया और बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ज्ञापन में उठाई गई मांगों का एक हफ्ते में निराकरण नहीं किया गया और अवैध वसूली में लिप्त कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पार्षद रफीक खान, सेवादल अध्यक्ष मुकेश यादव और यूथ कांग्रेस नेता दानिश खान सहित कई लोग मौजूद रहे।





अघोषित कटौती पर रोक लगाने की मांग

नूरानी नगर सहित आसपास की बस्तियों में स्पार्किंग का कारण बन रही कटी-फटी जर्जर केबलों को बदलने, सालों पुराने व ओवरलोड डीपी की क्षमता बढ़ाने और झुके हुए सीमेंट के पोल हटाकर नए इंसुलेटेड तार लगाने की मांग की। नए कनेक्शन की प्रक्रिया सरल करने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की भी मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में चेकिंग और निरीक्षण के नाम पर आम जनता को प्रताड़ित करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम उजागर करते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सिरपुर जोन के सहायक यंत्री (एई) राजेश गुप्ता की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

आबकारी विभाग का विशेष अभियान

दोपहिया वाहन से शराब तस्करी करते 57 ली. से ज्यादा शराब जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की।

नवलखा, छावनी, रालामंडल और असरावद खुर्द में की गई कार्रवाई में चार प्रकरण दर्ज कर कुल 13.5 लीटर विदेशी मदिरा, 10 लीटर बीयर और 33.3 लीटर देशी मदिरा जब्त की गई। छावनी क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम ने दोपहिया वाहन से शराब ले जा रहे अंकित सैनी को पकड़ा। उसके वाहन से रखे बैग की तलाशी लेने पर विदेशी मदिरा की 18 बोतलें बरामद हुईं। नवलखा क्षेत्र में टीम ने अवैध शराब बेचने की सूचना पर संजू को पकड़ा। उसके कब्जे से प्लास्टिक



की बोरियों में रखी 50 पाव देशी मदिरा प्लेन और 50 पाव देशी मदिरा मसाला, कुल 100 पाव शराब बरामद की गई। रालामंडल में आबकारी टीम ने गीताबाई के कब्जे से 20 बीयर कैन बरामद किए। वहीं असरावद खुर्द में मनीष चौधरी के पास से 40 पाव देशी मदिरा मसाला और 45 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन और सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में की गई। कंट्रोलर कमलेश सोलंकी और डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल द्वारा गठित टीम ने कार्रवाई की।

एमवाय के न्यू ओपीडी में घुसा सांप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमवाय अस्पताल में मंगलवार सुबह न्यू ओपीडी में सांप घुस गया। यहां कर्मचारियों ने खिड़की के पास उसे देखा तो भगाने का प्रयास किया। हालांकि, वह काफी देर तक परिसर में घूमता रहा। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ है। घटना न्यू ओपीडी की है। यहां सुबह करीब 8 बजे के लगभग अस्पताल की खिड़की पर वहां मौजूद स्टाफ ने एक सांप देखा था। इसके बाद गार्ड को जानकारी दी गई। यहां पर सुबह पहले उसे बाहर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन वह दरवाजे और फर्श पर काफी देर तक घूमता रहा। हालांकि, बाद में उसे बाहर झाड़ियों की तरफ किया गया। यहां महिला गार्ड और अन्य गार्ड की मदद से उसे बाहर भेजा गया। सुबह 8 बजे के लगभग यहां ओपीडी खुलने का समय होता है, जिसमें मरीज और डॉक्टर आना शुरू हो जाते हैं। हालांकि, एमवाय अस्पताल की मचुर्री और अन्य जगहों पर पहले भी सांप और अन्य जहरीले जीव निकल चुके हैं। कुछ दिन पहले बच्चों के वार्ड में चूहों को लेकर भी बवाल मचा था, जिसमें स्टाफ के साथ निजी कंपनी पर गाज गिरी थी।



मॉब लिंचिंग मामले के मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया में हुए मॉब लिंचिंग मामले के मुख्य आरोपी ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि लसूड़िया पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। हालांकि, उसने विजयनगर थाने के एक पुराने वारंट के मामले में मजिस्ट्रेट के सामने सरेंडर किया। लसूड़िया पुलिस को भी कोर्ट की ओर से इसकी जानकारी दी गई है।

लसूड़िया में चंदर नाम के युवक की गाय चोरी के आरोप में पिटाई की गई थी, जिसके बाद पिछले दिनों उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में कुख्यात बदमाश सूरज जाट की भी पुलिस को तलाश थी। पुलिस इस मामले में करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि सूरज जाट लंबे समय से फरार था। सूत्रों के मुताबिक, सूरज ने मंगलवार को विशेष न्यायालय में जज के सामने सरेंडर किया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था और कई थानों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सूरज पर हत्या समेत परदेशीपुरा क्षेत्र में मेंबर राजेंद्र राठौर के घर पर गोली चलाने जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूरज जाट का 2020 का एक वारंट था, जिसमें विजय नगर पुलिस को जानकरी नहीं थी। लसूड़िया पुलिस को मंगलवार को जब सरेंडर की जानकारी लगी तो वह कोर्ट पहुंची यहां हत्या के मामले में उसकी कस्टडी मांगी, लेकिन कोर्ट ने उसका जेल वारंट काट दिया।

युवक ने लगाई फांसी, महिला ने खाया जहर, मिस्त्री ने भी दी जान

तीन अलग-अलग मामलों में 3 मौतें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पारिवारिक विवाद के चलते तीन अलग-अलग मामलों में तीन लोगों की मौत हो गई। तेजाजी नगर क्षेत्र में 28 वर्षीय चौकीदार ने शादी के पांच महीने बाद फांसी लगा ली। वहीं, शिप्रा क्षेत्र में 28 वर्षीय महिला ने जहर खा लिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परदेशीपुरा क्षेत्र में 45 वर्षीय मिस्त्री ने भी घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है।

शादी के पांच महीने बाद युवक ने लगाई फांसी- तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक, नई बस्ती निवासी अर्जुन (28), पुत्र बनेसिंह राठौर ने सोमवार रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। बताया गया कि सोमवार को काम से घर लौटने के बाद पत्नी अंजलि से उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद अर्जुन ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फंदे पर झूल गया। दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के मुताबिक, शादी के बाद अर्जुन अलग रहने लगा था। परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं।

तीन बेटियों की मां ने जहर खाया- शिप्रा निवासी आरती (28), पति अर्जुन चंदेल ने 23 सितंबर को जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। आरती के पिता के मुताबिक, उसकी शादी करीब 12 साल पहले हुई थी और तीन बेटियां हैं। पति सिविल लाइन का काम करते हैं। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आरती ने जहर खा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिस्त्री ने घर में फांसी लगाई



परदेशीपुरा के नेहरू नगर निवासी राजू (45), पुत्र मुन्नालाल ठाकुर ने सोमवार को घर के कमरे में फांसी लगा ली। घटना के समय वह घर पर अकेले थे। परिवार के मुताबिक, राजू गाय को देखने के लिए घर आए थे और इसके बाद कमरे में चले गए। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजन ने देखा तो वह फंदे पर मिले। राजू के दो बेटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com